✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

अपना प्रदेश, अपनी बात

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 36 ✷ अंक : 87 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, शनिवार, 23 अगस्त 2025 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com




गयाजी में मंच पर बात करते प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

## गयाजी से प्रधानमंत्री ने बिहार को दी 13 हजार करोड़ की 30 विकास परियोजनाओं की सौगात

# गयाजी की सांस्कृतिक व पौराणिक विरासत काफी समृद्ध : मोदी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गयाजी।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को गया पहुंचे। उनका गयाजी दौरा कई मायनों में खास रहा। सीएम नीतीश कुमार ने इस दौरान पीएम का गर्मजोशी से स्वागत किया। मगध विवि परिसर में आयोजित कार्यक्रम में पीएम मोदी ने रिमोट का बटन दबाकर 13 हजार करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। साथ ही अमृत भारत और बुद्ध सर्किट मेमू ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसके बाद गरीब परिवार के लोगों को पीएम आवास योजना वाले घर की चाबी सौंपी। इसके बाद पीएम ने मगही में लोगों को प्रणाम किया। इसके बाद नीतीश सरकार की तारीफ की। पीएम मोदी ने कहा कि आज बिहार को 13 हजार करोड़ की विकास योजानाओं की सौगात मिली है। पीएम ने अपने संबोधन में सबसे पहले कहा कि विश्व विख्यात ज्ञान व मोक्ष की पवित्र नगरी गयाजी को हम प्रणाम कर ही। विष्णुपद मंदिर के ई गौरवशाली भूमि पर अपने सबके अभिनंदन करत ही। पीएम ने कहा कि गयाजी की यह धरती अध्यात्म और शांति की धरती है। यह भगवान बुद्ध को बोध कराने वाली पवित्र भूमि है। गयाजीकी सांस्कृतिक व पौराणक विरासत काफी समृद्ध है। यहां के लोगों की इच्छा थी कि इस नगरी को गयाजी कहा जाए। मैं इस निर्णय के लिए बिहार सरकार को धन्यवाद देता हूं। आज भी गयाजी की पावन भूमि से एक ही दिन में 13 हजार करोड़ रुपए की परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास हुआ है। इसमें ऊर्ज़ा, स्वास्थ्य और शहरी विकास से जुड़े कई बड़े प्रोजेक्ट हैं। इससे बिहार के विकास को गति मिलेगी ओर लोगों को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। इसके लिए बिहार के लोगों को बधाई देता हूं। बिहार में बेहतर स्वास्थ्य के लिए हॉस्पिटल और




रिसर्च सेंटर का भी उद्घाटन हुआ। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों को कैंसर के इलाज के लिए एक और सुविधा मिल गई। साथियों, गरीब के जीवन से मुश्किलें दूर करना, महिलाओं के जीवन को आसान बनाना। जबतक हर जरुरतमंद को पक्का घर नहीं मिल जाता। मोदी चैन से नहीं बैठेगा। इसी सोच के साथ पिछले 11 साल में चार करोड़ से अधिक गरीबों को पक्के घर बनाकर दे दिए गए हैं। अकेले बिहार में 38 लाख से अधिक आवास बनाए गए हैं। गयाजी में भी 2 लाख से अधिक परिवारों को अपना पक्का घर मिला है। और हमने सिर्फ गली में चहारदीवारी नहीं दी बल्कि घरों के साथ गरीबों को उनका स्वाभिमान दिया है। घरों में बिजली, पानी, शौचालय और गैस कनेक्शन की सुविधा मिली है। यानि गरीब परिवारों को सुविधा, सुरक्षा और सम्मान से जीने की गारंटी मिली है। आज इसी सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए बिहार के मगध क्षेत्र के 16 हजार से अधिक परिवारों को अपना पक्का घर दिया। यानि इस बार इन परिवारों में दीवाली और छठ पूजा की रौनक और ज्यादा होगी। मैं अपना घर पाने वाले सभी लाभार्थी परिवारों को बहुत-बहुत बधाई देता हूं। जो लोग अब भी पीएम आवास योजना के लाभ से छूट गए हैं मैं उन्हें विश्वास दिलाता हूं कि पीएम आवास अभियान तबतक जारी रहेगा। जबतक हर गरीब को अपना पक्का घर नहीं मिल जाता। बिहार चंद्रगुप्त मौर्य और चाणक्य की धरती है। जब-जब किसी दुश्मन ने भारत को चुनौती दी है, बिहार देश की ढाल बनकर खड़ा हुआ है। बिहार की धरती पर लिया गया संकल्प कभी खाली नहीं जाता। इसीलिए जब कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला हुआ था। मैंने बिहार की इसी धरती से आतंकवादियों को मिट्टी में मिलाने की बात कही थी। आज दुनिया देख रही है। बिहार की धरती से लिया गया वह संकल्प पूरा हो चुका है। आपको याद होगा पाकिस्तान हमपर ड्रोन और मिसाइल चला रहा था और भारत पाकिस्तान की मिसाइलों को हवा में तिनके की तरह बिखेर रहा था। पाकिस्तान की एक भी मिसाइल हमें नुकसान नहीं पहुंचा पाई। ऑपरेशन सिंदूर ने भारत की रक्षा नीति की नई लकीर खींच दी है। अब भारत में आतंकी हमला कर बच नहीं सकेगा। आतंकवादी चाहे पाताल में क्यों न छिप जाएं भारत की मिसाइलें उन्हें दफन करके रहेगी। बिहार का तेज विकास एनडीए सरकार की प्राथमिकता है। पीएम ने कहा कि राजद के लोग के बिहार लोगों को सिर्फ (शेष पृष्ठ 10 पर)

## संक्षिप्त समाचार

### रंगदारी नहीं देने पर मुंशी की हत्या

**मधेपुरा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में गुरुवार शाम पुल निर्माण कार्य के मुंशी की कथित तौर पर रंगदारी नहीं देने पर हत्या कर दी गई। यह घटना मधेपुरा और भागलपुर जिले की सीमा पर गरैया टोला से ढोलबज्जा मार्ग पर हुई। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। मृतक की पहचान भरगामा वार्ड 12 निवासी जय किशोर यादव के पुत्र वैभव कुमार के रूप में हुई है।

### खेल विभाग में खुला बहाली का रास्ता

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** खेल में नौकरी के इंतजार में बैठे युवाओं के लिए बड़ी खुशखबरी आ गई है। राज्य सरकार ने खेल विभाग में बंपर बहाली का रास्ता खोल दिया है। ऐसा पहली बार हो रहा है जब नवगठित खेल विभाग में 824 पदों पर बहाली होने जा रही है। खेल प्रशिक्षक से लेकर क्रीड़ा सेवा संवर्ग में अधिकारी, खेल लिपिक और अन्य पदों के लिए भर्ती प्रक्रिया जल्द शुरू होगी।

### पांकी अंचलाधिकारी जय कुमार का निधन

**पांकी (पलामू)/ नबिटा संवाददाता।** पांकी अंचलाधिकारी जयकुमार राम का निधन हो गया। उन्होंने चेन्नई में इलाज के दौरान अंतिम सांस ली। पांकी के सीओ रहे राजकुमार का तबादला होने के बाद जय कुमार राम की पोस्टिंग पांकी अंचल अधिकारी के रूप में हुई थी। तबीयत खराब रहने के कारण जय कुमार राम ने पांकी में काम ही नहीं किया। अपने प्रशासनिक कार्यकाल के दौरान वे मेदिनीनगर सदर प्रखंड पदाधिकारी के पद पर भी कार्य कर चुके थे। उन्हें सुगर सहित अन्य कई बीमारियां थी।

# जिला अवर निबंधक के ठिकानों पर छापेमारी

## आय से 188% अधिक संपत्ति का खुलासा

**पुष्पांकर / नबिटा ब्यूरो**

**भागलपुर।** बिहार आर्थिक अपराध इकाई (इओयू) की एक टीम ने शुक्रवार को भागलपुर के जिला अवर निबंधक विनय सौरभ के कार्यालय और आवास पर छापेमारी कर करोड़ों रुपए मूल्य की अवैध संपत्ति को जब्त किया। आधिकारिक सूत्रों ने बताया कि आय से अधिक संपत्ति के मामले में पटना से आई आर्थिक अपराध इकाई की अलग-अलग टीम ने आज एक साथ जिला अवर निबंधक विनय सौरभ के भागलपुर स्थित आवास और कार्यालय के अलावा रोहतास जिले के सनुआर क्षेत्र में उनके पैतृक घर और पूर्णिया में बाइपास रोड स्थित मनोरमा सिटी आवास पर छापेमारी की और बड़े पैमाने पर उसके अवैध संपत्ति का पता लगाया। सूत्रों ने बताया कि इस दौरान ईएमयू की टीम ने भागलपुर स्थित बरारी क्षेत्र के खंजरपुर स्थित जिला अवर निबंधक के आवास पर सुबह में छापेमारी कर भारी मात्रा में नगद राशि, विभिन्न बैंकों और बीमा कंपनियों से जुड़ी जमा स्कीम के दस्तावेज, बांड तथा जमीन के भी कागजात बरामद किया है। टीम बरामद सामानों और कागजातों का मूल्यांकन कर रही है। सूत्रों ने बताया कि जिला अवर निबंधक विनय सौरभ के विरुद्ध विगत 21 अगस्त को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आर्थिक अपराध थाना में एक मामला दर्ज किया गया। श्री सौरभ पर आरोप है कि उन्होंने अपनी वैध आय एक करोड़ तैतालिस लाख पच्चीस हजार रुपए राशि के एवज में दो करोड़ सत्तर लाख अठत्तर हजार रुपए की संपत्ति अवैध रुप से बनाई है, जो उनकी आय से करीब 188.23 प्रतिशत अधिक है।

# सीएम नीतीश ने दिलाई लालू-राबड़ी राज की याद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**गया।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने फिर से लालू-राबड़ी राज की याद दिला दी। गयाजी में पीएम नरेंद्र मोदी के कार्यक्रम के दौरान मंच पर उन्होंने लोगों से पूछा कि 2005 से पहले क्या हाल था? बिहार का कितना बुरा हाल था? पहले कोई ठीक से कपड़ा तक नहीं पहन पाता था? कोई महिलाओं के लिए काम नहीं किया। मुस्लिमों के लिए भी कोई काम नहीं किया। लेकिन, हमलोगों की सरकार बनी तो सब लोगों के लिए काम किया। अब सब काम ठीक से हो रहा है। उन्होंने कहा कि आज 13,000 करोड़ रुपए से अधिक की योजनाओं का उद्घाटन किया जा रहा है जिससे बिहार को अत्यधिक लाभ मिलेगा। इसके लिए मैं प्रधानमंत्री जी को हृदय से धन्यवाद देता हूं। हम यह बताना चाहते हैं कि गया और बोधगया में हर वर्ष लाखों श्रद्धालु एवं पर्यटक आते हैं। पहले यहां की स्थिति बहुत खराब थी। पूर्ववर्ती सरकारों ने इस दिशा में कोई विशेष कार्य नहीं किया। हमने एक-एक चीज़ को ध्यान में रखते हुए कार्य शुरू किया और अब यहां सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित कर दी गई हैं।



# घूस लेते स्वास्थ्य विभाग का मैनेजर गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**बिहारशरीफ।** बिहार में भ्रष्ट कर्मियों और अफसरों पर कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार को नालंदा जिले के इस्लामपुर प्रखंड में निगरानी की टीम ने कार्रवाई की है। स्वास्थ्य विभाग के ब्लॉक कम्युनिटी मैनेजर (बीसीएम) आशुतोष कुमार को निगरानी विभाग की टीम ने 40 हज़ार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगेहाथों गिरफ्तार कर लिया। निगरानी अन्वेषण ब्यूरो के डीएसपी ने बताया कि आशा कार्यकर्ताओं की बहाली प्रक्रिया के दौरान इस्लामपुर वार्ड संख्या-20 निवासी रशीदा परवीन से बीसीएम आशुतोष कुमार ने पैसे की मांग की थी। उन्होंने पीड़िता से कहा था कि सेलेक्शन के लिए 40 हज़ार रुपये देने होंगे। रशीदा परवीन ने हिम्मत दिखाते हुए तुरंत निगरानी अन्वेषण ब्यूरो से शिकायत दर्ज कराई। विभाग ने मामले की गंभीरता को देखते हुए इसकी गहन जांच की। जब आरोप सही पाए गए तो टीम ने रणनीति के तहत जाल बिछाया और तय रकम लेते ही बीसीएम आशुतोष कुमार को धर दबोचा। गिरफ्तारी के बाद निगरानी टीम ने आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी कर आरोपी को पटना स्थित मुख्यालय भेज दिया। इस कार्रवाई की खबर फैलते ही स्वास्थ्य विभाग के स्थानीय कार्यालयों में अफरा-तफरी मच गई। अधिकारियों और कर्मचारियों में खौफ का माहौल है। घटना की चर्चा पूरे इलाके में हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिस स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए आशा कार्यकर्ताओं की बहाली की जा रही है, अगर उसी प्रक्रिया में रिश्वतखोरी होगी तो आमजन को लाभ कैसे मिलेगा। ग्रामीणों ने आरोपी अधिकारी पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। वहीं निगरानी अन्वेषण ब्यूरो लगातार राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ अभियान चला रहा है।

# पीएम ने औरंगाबाद को दिया 600 करोड़ का तोहफा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गयाजी से औरंगाबाद को लगभग 600 करोड़ की योजनाओं का सौगात दी है। प्रधानमंत्री ने गयाजी सभा के दौरान वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से अमृत 2.0 के तहत औरंगाबाद शहर को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए लगभग 400 97 करोड़ 65 लाख 37 हजार रुपए की लागत से विश्वस्तरीय सीवरेज नेटवर्क का शिलान्यास किया है। वहीं दाउदनगर में नमामि गंगे योजना के तहत 42 करोड़ की लागत से एसटीपी व आईएंडडी योजना का शिलान्यास किया। इसके अलावा अमृत 2.0 के तहत लगभग 72 करोड़ की लागत से पेयजलापूर्ति योजना का भी शिलान्यास किया है। वुडको की ओर से इन योजनाओं को पूरा किया जाना है। इसके अलावा प्रधानमंत्री ने गयाजी से दिल्ली जाने वाली दो ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। औरंगाबाद शहर को जलजमाव से मुक्ति व तीव्र जल निकासी वाला सीवरेज सिस्टम में लिए 196 किलोमीटर अंदर ग्राउंड सीवरेज सिस्टम का निर्माण किया जाएगा। परियोजना के तहत शहर के 30 वार्डों के 24 हजार घरों को सीवरेज नेटवर्क से जोड़ने के लिए 20 एमएलडी का एसटीपी, 196 किमी लंबा सीवरेज नेटवर्क, आठ मध्यवर्ती पम्पिंग स्टेशन व 5.4 किलोमीटर राइजिग मेन का काम किया जाएगा। इससे शहर में जल निकासी की समस्या पूरी तरह समाप्त हो जाएगी। औरंगाबाद शहर स्मार्ट सिटी बनने की ओर अग्रसर होगा। परियोजना को पूर्ण करने के लिए प्राक्कलित राशि 497.6537 करोड़ रुपए है। इसमें केद्र सरकार का 158.0855 करोड़ और राज्य सरकार का 339.5682 करोड़ रुपए शामिल है। योजना का भौतिक आकार व कार्यान्वयन की समय सीमा साल 2025-26 है। परियोजना में लागत की एक तिहाई राशि भारत सरकार की ओर से जबकि दो तिहाई राज्य सरकार को वहन करना है। हालांकि अभी तक वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट निर्माण के लिए जगह चिहि्नत नहीं किया गया है परंतु उम्मीद है कि शिलान्यास के बाद जल्द ही जगह चिहि्नत कर निर्माण काम शुरू कराया (शेष पृष्ठ 10 पर)






# हाइवा ने बाइक सवार महिला को कुचला, मौत, आक्रोशित लोगों ने किया सड़क जाम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी /डालमियानगर।** डालमियानगर अकोढ़ी गोला मुख्य पथ पर अनियंत्रित हाइवा ने मोटरसाइकिल सवार को प्रयाग बिगहा मंदिर के समीप कुचल दिया जिससे महिला की मौत मौके पर ही हो गई। वहीं घटना पर पहुंचे आक्रोशित लोगों ने ट्रक खड़ा कर सड़क जाम कर स्थानीय थाना को सूचना दिया। स्थानीय थाना मौके पर पहुंचकर लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। घटना के बारे में भोजपुर जिला के पिरो थाना क्षेत्र के चतुर्भुजी बरांव गांव निवासी पति राजू कुमार ने बताया कि मृतका पत्नी गुड़िया देवी के साथ डिहरी नगर थाना क्षेत्र के कुम्हार टोली मोहल्ला निवासी बहनोई नंदू प्रसाद के घर कार्यक्रम में जा रहा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से अनियंत्रित हाइवा प्रयाग बीघा मंदिर के समीप से गुजरा। अनियंत्रित हाइवा को देखकर किसी प्रकार सड़क के किनारे पहुंचा, लेकिन बारिश होने एवं मिट्टी गीली होने के कारण मोटरसाइकिल का चक्का एवं पैर फिसल गया। मोटरसाइकिल अनियंत्रित होने के कारण पत्नी मोटरसाइकिल से गिर गई तथा तेज रफ्तार से आ रही हाइवा पत्नी के सर पर चढ़कर गुजर गया जिससे मौके पर ही मौत हो गई। सड़क दुर्घटना होते ही घंटों सड़क जाम किया गया। पुलिस प्रशासन के समझाने-बुझाने के बाद सड़क जाम को हटाया गया।

# गया नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

## विभिन्न राजनीतिक दलों व सामाजिक संगठनों ने लिया भाग



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** गया-नई दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन को हरी झंडी दिखाकर पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह यादव, मंडल यात्री सुविधा समिति सदस्य बबल कश्यप, सांसद प्रतिनिधि अशोक सिंह, नगर परिषद के मुख्य पार्षद शशि कुमारी, राजद के पूर्व नगर अध्यक्ष धनंजय यादव ने हरी झंडी दिखाकर शुक्रवार को रवाना किया। निर्धारित समय से एक घंटा पांच मिनट विलंब से ट्रेन डिहरी ऑन सोन रेलवे स्टेशन पर पहुंची। इस दौरान रेलवे द्वारा कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें वंदे मातरम समेत राष्ट्र गीत, नृत्य गीत समेत कई सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन सीनियर डीएमएम सुधीर प्रसाद सिंह ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि पूर्व विधायक सत्यनारायण सिंह यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश के विभिन्न क्षेत्रों में विकास हो रहा है। तुलनात्मक दृष्टि से 2014 से अभी तक देश में चहुंमुखी विकास हुआ है। रेल वैगन कारखाना निर्माण मेरी प्रथम प्राथमिकता है। कार्यक्रम में सहायक वाणिज्य प्रबंधक (सामान्य) आर के सिन्हा, सीटीआई निलेश कुमार, स्टेशन प्रबंधक जितेंद्र कुमार सिंह, रेल यूनियन के अध्यक्ष वीरेंद्र पासवान, आरपीएफ निरीक्षक बृजेश कुमार, अभिनव कला संगम अध्यक्ष कमलेश कुमार, कुंवर राणा सामाजिक कल्याण संस्थान अध्यक्ष सिमल सिंह समेत कई अधिकारी और जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# एएसपी ने की थाने में समीक्षा बैठक, दिये निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अकोढीगोला।** डिहरी एक के सहायक पुलिस अधीक्षक सह अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अतुलेश झा ने गुरुवार को अकोढीगोला, दरिहट व आयरकोठा थाने में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बारी-बारी से कार्यों की जानकारी लिया जिसमें लंबित मामलों की समीक्षा, गिरफ्तारी और वारंट निष्पादन की स्थिति, नियमित पेट्रोलिंग की जानकारी, नए कानूनों और प्रावधानों की जानकारी और अद्यतन केस डायरी लेखन की प्रगति, डिजिटल माध्यम से अनुसंधान कार्य की स्थिति और गुणवत्ता की समीक्षा की। उन्होंने मौजूद अधिकारियों को अनुसंधान में तेजी लाने के लिए आवश्यक निर्देश दिया। इस संबंध में एएसपी अतुलेश झा ने बताया कि क्षेत्र में जितने भी थाने हैं, उनका बारी-बारी से कार्य समीक्षा की जाएगी। अनुसंधान के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिया जा रहा है। साथ ही कानून व्यवस्था व विधि व्यवस्था संधारण के लिए जो आनेवाले पर्व त्योहार है व इलेक्शन को देखते हुए भी निर्देश दिये जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस पहल का मुख्य उद्देश्य बेहतर कानून-व्यवस्था बनाए रखना, सार्वजनिक सुरक्षा सुनिश्चित करना और अपराध नियंत्रण में प्रभावी योगदान देना है। यदि थाने में कार्यरत पदाधिकारी कार्यों में तेजी नहीं लाएंगे तो निश्चित रूप से कार्रवाई की जाएगी।

# दुकान में चोरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढीगोला।** थाना क्षेत्र के पकड़िया गांव के नहर पर एक दुकान में नगदी व सामान की चोरी कर चोर नौ दो ग्यारह हो गये। वहीं पीड़ित दुकानदार ने थाना में लिखित आवेदन देकर शिकायत दर्ज कराई है। दुकानदार ददन कुमार ने बताया कि पकड़िया नहर पर आधार कार्ड से रुपया निकालने और गैस रिपेयरिंग की एक दुकान है जिसमें चोरों ने ताला और शटर तोड़कर चोरी कर ली। दुकान से चोरों ने 20,000 रुपए नगद, पांच खाली व नौ भरा हुआ इंडेन का गैस सिलेंडर चोरी कर फरार हो गए। इस संबंध में थानाध्यक्ष प्रमोद कुमार ने बताया कि चोरी का अज्ञात लोगों पर प्राथमिकी दर्ज हुई है।

# विधानसभा चुनाव को ले की गई समीक्षा : डीआईजी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** शाहाबाद पुलिस प्रक्षेत्र के चारों जिलों रोहतास, भोजपुर, बक्सर व कैमूर जिलों में आगामी विधानसभा चुनाव को ले उच्च स्तरीय समीक्षा की गई। डीआईजी डॉ सत्यप्रकाश के अनुसार चारों जिलों के एसपी से समीक्षा में जानकारी मिली कि रोहतास व भोजपुर जिलों में 126 बी एन एस एस के तहत बांड डाउन कम पाया गया। उसे और बढ़ाने का निर्देश दिया गया। उन्होंने बताया कि शांतिपूर्ण व निष्पक्ष चुनाव में बाधक तत्वों के विरुद्ध सीसीए तीन के तहत जिला बदर और सीसीए 12 के तहत हार्ड कोर अपराधियों को चिन्हित कर सूची तैयार कर अग्रतर कार्रवाई करने को कहा गया। गुंडा पंजी को अपडेट करने और डोजियर के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि शस्त्रों के सत्यापन में तेजी लाने और अग्नेशास्त्रों के प्रतिस्थानों की जांच में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। डीआईजी ने लंबित पड़े वारंटों को निष्पदित करने में तेजी लाने को कहा गया। कांडों के वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए व्यापक एस ड्राइव चलाने को निर्देशित किया गया। उन्होंने चुनाव में शराब तस्करी बढ़ने की सम्भावनाओं को ले बरामदगी को कहा गया। जेल से छूटे शराब तस्करों की गतिविधियों की जांच करने और धंधे में संलग्न तस्करों को गिरफ्तार करने को कहा गया।

# 39 आरोपित गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** अपराधियों व शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में पुलिस ने विभिन्न कांडों के 39 आरोपितों को गिरफ्तार कर शुक्रवार को जेल भेज दिया। एसपी रौशन कुमार के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों में हत्या के प्रयास, दुष्कर्म, चोरी, वारंटी, शराब तस्कर शामिल है। उन्होंने बताया कि पुलिस दबिश के कारण विभिन्न कांडों के 11 आरोपितों ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों के पास से 13 लीटर देशी व 70 लीटर अंग्रेजी शराब, दो बाइक बरामद किया गया। उन्होंने बताया कि यातायात नियमों के पालन कराने को वाहन जांच अभियान में पांच लाख 40 हजार रुपए जुर्माने की राशि वसूली गई।

# 50 लाख रुपए मूल्य की जमीन हड़पने का आरोप

## जिलाधिकारी ने एडीएम को पत्र लिख शीघ्र जांच का दिया आदेश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** रोहतास जिला भाजपा कोषाध्यक्ष व 20 सूत्री सदस्य आनंद कुमार पांडे के आवेदन पर जिलाधिकारी ने एडीएम को पत्र लिखकर शीघ्र जांच का आदेश दिया है। ज्ञात हो कि भाजपा नेता श्री पांडे ने तीन माह पूर्व अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी डिहरी को पत्र लिख करीब 50 लाख रुपए संपत्ति की जमीन हड़पने का आरोप डिहरी के अंचल अधिकारी, राजस्व अधिकारी व चकन्हा पंचायत के कर्मचारी के विरुद्ध रजिस्टर टू में छेड़छाड़ कर बड़िहा मौजा में 38 डिसमिल जमीन हड़पने का आवेदन लोक शिकायत में दिया था। अंचल कार्यालय की जांच रिपोर्ट के अनुसार थाना नंबर 177 खाता संख्या 107 खेसरा 190 रकबा 38 डिसमिल भूमि रैयत स्व राजेंद्र पांडे के नाम पर मूल जमाबंदी पंजी से जांच करने पर जमाबंदी संख्या 227 , 2 दर्ज है अवलोकन से स्पष्ट है कि पूर्व के राजस्व कर्मचारी के द्वारा रजिस्टर दो में गोल घेरा लगाया गया है। साथ ही अंचल अमीन के मापी प्रतिवेदन के अनुसार आवेदक का खेसरा पर दखल है। जांच के क्रम में यह ज्ञात हुआ है कि आवेदक के द्वारा उक्त भूमि की बिक्री नहीं की गई है। लोक शिकायत पदाधिकारी के आदेश के डेढ़ माह बाद भी परिमार्जन प्लस आवेदन करने के बाद अंचलाधिकारी डिहरी के कार्यालय में आवेदन पड़ा है। इस संबंध में ग्राम कचहरी पंच आनंद कुमार पांडे ने बताया कि मुझे परेशान करने की नियत एवं मेरे 50 लाख रुपए की संपत्ति हड़पने की योजना अंचलाधिकारी, राजस्व अधिकारी एवं कर्मचारी तीनों लोगों ने मिलकर बनाई थी जिसे मैं जिलाधिकारी के जनता दरबार में मामला उठाया।

# नए थानाध्यक्ष ने किया पदभार ग्रहण

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नासरीगंज (रोहतास )।** रोहतास जिले के नासरीगंज थाना के नए थाना अध्यक्ष के रूप में अविनाश कुमार ने पदभार ग्रहण किया। पदभार ग्रहण करते ही नव पदस्थापित थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर अविनाश कुमार ने सभी पदाधिकारी एवं पुलिसकर्मियों से परिचय प्राप्त किया। जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष ने बताया कि हमारी पहली प्राथमिकता अवैध बालू, शराब पर रोकथाम एवं अपराधियों पर अंकुश लगाना, क्षेत्र की जनता को उचित न्याय दिलवाना, शांति व्यवस्था कायम करना, पुलिस पब्लिक मैत्री स्थापित करना, जनता के विश्वासों पर खरा उतरना है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से अपील किया कि किसी भी प्रकार की समस्या होने पर मुझसे मिले उनकी समस्याओं का निष्पादन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस पब्लिक के बीच मधुर संबंध से ही क्षेत्र की समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। नए थाना अध्यक्ष के पदभार ग्रहण करने पर प्रखंड प्रमुख योगेश यादव, सिकंदर सिंह सहित आदि सामाजिक कार्यकर्ताओं ने स्वागत करते हुए शुभकामनाएं दी।

# महिला की हत्या के मामले में तीन गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अकोढीगोला।** दरिहट थाना क्षेत्र के भड़कुड़िया में गुरुवार की देर रात एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आयी है जहां दहेज को लेकर पति ने पत्नी की गला दबा कर हत्या कर दी। हालांकि हत्या है या आत्महत्या यह अभी तक स्पष्ट नहीं हो सका है। मृतका की पहचान 23 वर्षीय प्रियंका कुमारी के रूप में हुई है। वहीं मृतका के पिता राम जी राम ने दामाद सहित पांच लोगों पर प्राथमिकी दर्ज कराकर न्याय की गुहार लगायी है जहां पुलिस ने आवेदन पर आरोपित पति वीरेन्द्र राम सहित पिता राजेश राम व माता को हिरासत में ले लिया है। वहीं ननद व देवर फरार है। वहीं मृतका की मां, पिता व भाई का रो रो कर बुरा हाल है। विदित हो कि नाद (गोडारी) गांव निवासी राम जी राम ने अपने 23 वर्षीय लड़की प्रियंका की शादी भड़कुडिया गांव निवासी राजेश राम के पुत्र वीरेन्द्र राम से किया था। उस समय से दहेज को लेकर पति-पत्नी में अनबन चल रहा था। पिता राम जी राम ने बताया कि गुरुवार की रात करीब आठ बजे मेरी बेटी प्रियंका अपनी मां से बात कर रही थी। तभी फोन पर मेरे दामाद का आवाज गाली गलौज करते हुए सुनाया। कुछ देर बाद मेरी बेटी बात करते-करते चुप हो गई।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू**

**अति अल्पकालीन ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

**1.ई0–निविदा संख्या– EE/RDSD/Palamau/ F2 - RE-01/ 2025-26 (3rd[nd] Call)**

| S. No. | Group No. | Name of Work | Estimated Cost | Amount of Earnest Money | Cost of Tender Paper | Time Completion of Work |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 1 | पलामू जिला के प्रखंड पांकी के पंचायत होटाई के ग्राम होईयां में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 2 | 5 | पलामू जिला प्रखंड पांकी के पंचायत केकरगढ़ के ग्राम मांतग परहिया टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 3 | 27 | पलामू जिला के प्रखंड छतरपुर के पंचायत हुलसम के ग्राम बसंतपुर में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 4 | 29 | पलामू जिला के प्रखंड छतरपुर के पंचायत हुलसम के ग्राम रजडेरवा में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 5 | 33 | पलामू जिला के प्रखंड पांकी के पंचायत होटाई के ग्राम होईयो लावाबार में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |
| 6 | 34 2nd Call | पलामू जिला के प्रखंड मेदिनीनगर के पंचायत कोड़िया के ग्राम चुकरू परहिया टोला में आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण। | 1166300.00 | 23500.00 | 2500.00 | 04 माह |

2. वेबसाइट में निविदा प्रकाशन की तिथि – 25.08.2025 (05:00 अपराह्न से)
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 25.08.2025 ( अपराह्न 5:00 बजे से दिनांक 31.08.2025 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, पलामू।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय – 02.09.2025 अपराह्न 5:00 बजे।
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, पलामू।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06562–355581
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल,पलामू

PR 360193 Rural Development(25-26).D


# नल-जल आपरेटर अनुरक्षक संघ ने डीएम को मांग पत्र दिया

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**डिहरी ऑन-सोन।** जिला समाहरणालय में जिला पदाधिकारी रोहतास के नाम से मांग पत्र लिखित रूप से दिया गया। नल जल अनुरक्षक संघ रोहतास के जिला अध्यक्ष एम दुबे और रोहतास जिला के गांव-गांव के नल जल के ऑपरेटर लोग पहुंचे आशुतोष सिंह बिहार प्रदेश अध्यक्ष किसान एनसीपी के नेतृत्व में जिला पदाधिकारी रोहतास को आवेदन दिए। इस मौके पर एनसीपी किसान के बिहार प्रदेश अध्यक्ष आशुतोष सिंह ने कहा कि नल जल योजना बिहार में मुख्यमंत्री का मुख्य योजना है जिसके जितने भी ऑपरेटर रोहतास जिला में गांव-गांव कार्य करते हैं उनको मात्र 2000 से लेकर 3000 तक महीना के रूप में दिए जाते हैं और वह भी चार सालों से सभी नल चल योजना के आपरेटर बकाया महीना अभी तक नहीं मिला 4 साल हो चुके जबकि केंद्र सरकार का गाइडलाइन है कि पंद्रह हजार से कम महीना किसी को भी नहीं देना है क्या नाइंसाफी है।

# महामंडलेश्वर अरुण गिरी ने मां कामख्या का किया दर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**कुदरा।** पंचनामदसनाम अखाड़ा के महामंडलेश्वर एवं आह्वान सरकार श्री अरुण गिरि जी रिशिकेष ने शुक्रवार को मां कामख्या देवी का दर्शन कर पूजा-अर्चना भी किए। इसके पूर्व में पीठाधिश्वर गौतम राम व संत जियर स्वामी जी भी मां कामख्या माता का दर्शन कर चुके हैं। शहर के बाबू मुहल्ला में स्थित मां कामाख्या मंदिर महामंडलेश्वर के पहुंचते ही श्रद्धालुओं की काफी भीड़ लग गई। श्रद्धालुओं ने महामंडलेश्वर से आशीर्वाद लिया। मौके पर श्रद्धालुओं में ठाकुर अमन सिंह, बिमल सिंह छोटु, डबल्यू सिंह, टिंकू सिंह, रिंकू सिंह, आनंद सिंह भोलु, अंशु सिंह, बाबुसाहेब, गुड्डू सिंह, बबलू सेठ, पियन कुमार, परमेस्वर प्रसाद, नागेन्द्र, बिरेंद्र, डुलडुल सिंह, सर्वेस सिंह, आदित्य सिंह पंडा, हेमंत सिंह, विश्वजीत सिंह, ज्ञान जी, रिषभ प्रताप सिंह युवा जिलाध्यक्ष भाजपा नेता समेत दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# रोहतास महिला महाविद्यालय में इनसाइट-360 का सफल आयोजन



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** रोहतास महिला महाविद्यालय, सासाराम में छात्राओं की उत्कृष्ट पहल 'इनसाइट -360' के अंतर्गत प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पूर्णतः छात्र-नेतृत्वत था जिसका समन्वय राजनीति शास्त्र विभाग की डॉ. सीमा कुमारी और हिन्दी विभाग के डॉ. कुमार गौरव द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में राजनीति विभाग के अध्यक्ष प्रो. प्रदीप कुमार रॉय ने छात्राओं की इस अनुकरणीय पहल की सराहना की जिसके पश्चात महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. राजेंद्र प्रसाद सिंह ने अपने विचार साझा कर प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया। तत्पश्चात इनसाइट 360 टीम ने कॉलेज के सभी शिक्षकों का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में तीन चरणों–स्पीकर सेगमेंट, स्टोरीटेलिंग सेगमेंट और टैलेंट (काव्य-पाठ) सेगमेंट–का आयोजन हुआ जिसमें छात्राओं ने समसामयिक और सामाजिक मुद्दों पर विचार प्रस्तुत किए। जीवन के अनुभवों व प्रेरक कथाओं को अभिव्यक्त किया और साहित्यिक अभिव्यक्ति का परिचय दिया। स्पीकर सेगमेंट में सोनाली पाण्डेय (समाजशास्त्र विभाग) ने दहेज प्रथा पर प्रभावशाली वक्तव्य देकर प्रथम स्थान प्राप्त किया जबकि स्टोरीटेलिंग सेगमेंट में सौम्या श्रीवास्तव (राजनीति शास्त्र विभाग) ने घर के अंधेरे से सपनों की उड़ान शीर्षक से भावनात्मक कहानी सुनाकर सभी का मन मोह लिया। टैलेंट (काव्य-पाठ) सेगमेंट में तनुजा (अंग्रेजी विभाग) ने प्रेमचंद की रचनाएं पर अपनी प्रस्तुति से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

# करमचट डैम में पहली बार शुरू हुई 'हाउसबोट' सुविधा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**भभुआ।** कैमूर जिले के दुर्गावती जलाशय स्थित करमचट डैम अब पर्यटकों के लिए और भी आकर्षक बनने जा रहा है। यहां जल्द ही आधुनिक सुविधाओं से युक्त हाउसबोट सेवा की शुरूआत होने वाली है। यह हाउसबोट डैम परिसर में पहुंच चुकी है और इसका उद्घाटन आगामी 24 अगस्त को पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री डॉ. सुनील कुमार करेंगे। करमचट डैम पहले से ही प्राकृतिक सुंदरता और हरियाली के लिए चर्चित है, लेकिन हाउसबोट सेवा की शुरू होने के बाद यह स्थल पर्यटकीय दृष्टिकोण से और मजबूत हो जाएगा। हाउसबोट में पर्यटकों को सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी, ताकि वे न केवल प्रकृति का आनंद उठा सकेंगे बल्कि अपने बोट के सफर को और आरामदायक और यादगार भी बना सकेंगे। इस हाउसबोट में आने वाले पर्यटकों को सभी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। बोट में एक एसी युक्त कमरा, एक बाथरूम और एक किचन की व्यवस्था है।


**भारतीय खाद्य निगम** | **Food Corporation of India**

**क्षेत्रीय कार्यालय, अरूणाचल भवन, पटना–1**

**छोटे निजी व्यापारियों को चावल की बिक्री**

भारत सरकार खुले बाजार में चावल की बढ़ती खुदरा कीमतों पर अंकुश लगाने के लिए बिहार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले भारतीय खाद्य निगम के डिपो से छोटे निजी व्यापारियों/उद्यमियों/व्यक्तियों को चावल की बिक्री की घोषणा करती है।

ओएमएसएस (डी) के तहत नामित भारतीय खाद्य निगम के डिपो से प्रति व्यापारी/संस्था प्रति सप्ताह **नीलामी में भाग लिए बिना** न्यूनतम **1 मीट्रिक टन से अधिकतम 9 मीट्रिक टन तक चावल** 28.00/– रुपये प्रति किलोग्राम के दर पर खरीद सकते हैं।

चावल की बिक्री की प्रक्रिया, बिहार क्षेत्र के अंतर्गत नामित डिपो की सूची और नियम व शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए **www.fci.gov.in** पर लॉग ऑन /बिहार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मंडल कार्यालयों में संपर्क कर सकते हैं।

**महाप्रबंधक**



**Jharkhand Bijli Vitran Nigam Limited**
**(CIN:U40108JH2013SGC001702)**
**Electric Supply Area, Medininagar**

**Corrigendum**

In-Published E-Tender Notice No-143/PR/JBVNL/2025-26/O&M following Quantity / Specification corrected due to unavoidable reason.
Other Details See in BOQ.

| SL No | E-NIT No | Gr. | Name of Materials | unit | Published Qnty | Corrected Qnty |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 143 /PR/ JBVNL/ 2025-26/ | v | 11 KV 3 Core Heat shrinkable Straight through Cable Jointing kit 300 mm2 | No | 10 | 5 |
| | | vi | Jointing kit straight through HT AB cable 95 mm2 | Set | 5 | 30 |
| | | vii | HT AB cable 95 mm2 End jointing kit | Set | 30 | 40 |
| | | viii | P.G clamp for 150/200/240/300 sqmm conductor | Set | 40 | 400 |
| | | x | Suitable Lugs | No | 400 | 950 |
| | | xi | Spring loaded distribution Bus Bar insulated Box for fixing on pole suitable for AB XLPE Cable and three phase connection 1 incoming and out going 3 phase connection as per field requirement | No | 950 | 300 |
| | | xii | LT Phase Seperator | No | 300 | 600 |
| | | xiii | 11 KV 3 Core Heat shrinkable indoor cable jointing/termination kit for **240mm2** | No | 600 | 10 |

The other terms and condition remain the same as per above previous Notice.

PR No. 359669

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचावें। कृपया अपनी शिकायतों को टॉल फ्री नं० 1800 345 6570 पर दर्ज करायें।

Sd/-
General Manager-cum-Chief Engineer
ESA, Medininagar

PR.NO.360217 Jharkhand Bijlee Vitran Nigam Ltd(25-26):D

# मोदी ने वेलस्पन इंटरप्राइजेज के औंटा-सिमरिया गंगा पुल का किया उद्घाटन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** वेलस्पन वर्ल्ड की इंफ्रास्ट्रक्चर शाखा वेलस्पन एंटरप्राइजेज लिमिटेड ने बिहार में ऐतिहासिक औंटा-सिमरिया गंगा पुल प्रोजेक्ट को सफलतापूर्वक पूरा किया है। यह एक ट्रांसफॉर्मेटिव इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट है, जिसमें गंगा नदी पर भारत का सबसे चौड़ा एक्स्ट्राडोज्ड केबल-स्टे ब्रिज शामिल है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस प्रोजेक्ट का उद्घाटन कर इसे राष्ट्र को समर्पित किया। यह अवसर बिहार की बेहतर संपर्क व्यवस्था और क्षेत्रीय विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक उपलब्धि साबित हुआ है। 1.8 किलोमीटर लंबा और 34 मीटर चौड़ा यह गंगा पुल,जो कुल 8.15 किलोमीटर लंबी प्रोजेक्ट का हिस्सा है, सीधे तौर पर पटना जिले के औंटा को बेगूसराय जिले के सिमरिया से जोड़ता है, जिससे यात्रा समय में एक घंटे से अधिक की बचत होगी। 57 मीटर से 115 मीटर तक के खंडों और 70 मीटर तक फैले कैंटिलीवर आर्म्स के साथ निर्मित यह पुल भारी वाहनों के ट्रांसपोर्टेशन को आसानी से संभालने में योग्य है। यह पुल पास के 70 वर्ष पुराने राजेंद्र पुल के लिए एक आधुनिक और मजबूत विकल्प के रूप में काम करेगा। इस उपलब्धि पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए वेलस्पन वर्ल्ड के चेयरमैन बी के गोयंका ने कहा, यह प्रोजेक्ट हमारे विजन का सही प्रतीक है, जिसके तहत हम ऐसे राष्ट्रीय महत्व के इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण कर रहे हैं जो क्षेत्रों में बदलाव लाए और लोगों के जीवन को बेहतर बनाए। हमें गर्व है कि हमने ऐसा पुल बनाया है, जो न केवल इंजीनियरिंग का अद्भुत नमूना है बल्कि बिहार और उससे आगे के लिए जीवनरेखा भी है। वेलस्पन एंटरप्राइजेज के प्रबंध निदेशक संदीप गर्ग ने कहा, औंटा-सिमरिया गंगा ब्रिज प्रोजेक्ट सबसे चैलेंजिंग एनवायरनमेंट में भी वेलस्पन एंटरप्राइजेज की इंजीनियरिंग उत्कृष्टता और एक्जीक्यूशन कैपैबिलिटीज को दिखाती है। हम बिहार सरकार, एनएचएआई और सभी पार्टनर्स के सपोर्ट के लिए ग्रेटफुल है जिनकी मदत से ये प्रोजेक्ट हो सका।

# बी.डी. कॉलेज में व्यंग्यकार हरिशंकर परसाई की मनाई गई जयंती

## छात्र-छात्राओं ने प्रस्तुत किए पत्र, वक्ताओं ने कहा- परसाई आज भी बेहद प्रासंगिक

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**पटना।** हिन्दी साहित्य में व्यंग्य को एक सशक्त विधा के रूप में स्थापित करने वाले प्रख्यात साहित्यकार हरिशंकर परसाई की जयंती शुक्रवार को बी.डी. कॉलेज के हिन्दी विभाग में श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत कॉलेज की प्राचार्या प्रो. रत्ना अमृत ने परसाई जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की। उन्होंने उन्हें सामाजिक और राजनीतिक परिस्थितियों पर पैनी नजर रखने वाला साहित्यकार बताते हुए कहा कि परसाई जी की रचनाएं केवल व्यंग्य नहीं, बल्कि समाज को आईना दिखाने का काम करती हैं। विभागाध्यक्ष डॉ. लाड़ली कुमारी ने उनके व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उन्होंने व्यंग्य को साहित्य की मुख्यधारा में स्थापित किया। वहीं डॉ. अमित कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा उद्धृत किए जाने वाले साहित्यकारों में परसाई अग्रगण्य हैं। उनके चुटीले व्यंग्य और बेबाक अंदाज ने उन्हें व्यापक पाठक वर्ग दिया है। हिन्दी विभाग के छात्र-छात्राओं ने भी परसाई की रचनाधर्मिता पर अपने पत्र प्रस्तुत किए और उनके योगदान को आज की परिस्थितियों में प्रासंगिक बताया। कार्यक्रम में संकाय सदस्यों और छात्रों की सक्रिय भागीदारी रही।

# विधानसभा चुनाव में सख्त निगरानी के लिए पुलिस मुख्यालय ने बनाये पांच सेल

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** इस वर्ष अक्टूबर-नवंबर में संभावित विधानसभा चुनाव में सशक्त मॉनीटरिंग करने के लिए पांच अलग-अलग सेल का गठन किया गया है। पुलिस मुख्यालय के निर्देश पर इन सेल का गठित आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) के अंतर्गत किया गया है। इसकी जानकारी डीआईजी (आर्थिक अपराध) मानवजीत सिंह ढिल्लो ने संवाददाताओं से बात करने के दौरान दी। उन्होंने कहा कि जिन पांच विशेष सेल का गठन किया गया है उसमें मादक पदार्थ (नारकोटिक्स) तस्करी की रोकथाम, साइबर अपराध, सोशल मीडिया पर निगरानी, फर्जी मुद्रा (फेक करेंसी) और कैश के अवैध लेनदेन पर निगरानी रखने से संबंधित सेल शामिल हैं। चुनाव के दौरान इन तमाम अवैध गतिविधियों पर समुचित नजर रखने का दायित्व इन विशिष्ट सेल को सौंपा गया है।

# सामूहिक वैश्य देव पूजन की तैयारी पूरी : डॉ अजय प्रकाश

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** सनातन संस्कृति की अद्भुत छटा पटना के इस पावन धरती पर जलान सेफ, बेलवरगंज, पटना सिटी के प्रांगण में भारत में पहली बार 24 अगस्त रविवार को आयोजित होने वाले सामूहिक वैश्य देव पूजन महाकुंभ की तैयारी पूरी कर ली गई है। इस ऐतिहासिक एवं विहंगम पूजन महाकुंभ में 350 आयोजन समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य हजारों की संख्या में आने वाले श्रद्धालुजन की सेवा में उपस्थित रहेंगे। श्रद्धालुओं के लिए भोग का प्रसाद के साथ भंडारा प्रसाद भी उपलब्ध रहेगी, जल की आपूर्ति आदि की व्यवस्था पूरी कर ली गई है । 25 देव मूर्तियों का अद्भुत सुनहले रोशनी में दर्शन कर श्रद्धालु जन आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। बिहार का महान पर्व छठ, भारत की संस्कृति के अनुरूप कई प्रकार की झांकियां का प्रदर्शन प्रसिद्ध कलाकारों द्वारा किया जाएगा, दूधिया रोशनी में नहाई हुई परिसर में भजन का प्रस्तुतीकरण भी होगा। समाज में अपना उत्कृष्ट योगदान देने वाले व्यक्तियों को सम्मानित किया जाएगा। वैश्य देव गाथा का वर्णन के साथ फोटो वितरित किया जाएगा। भगवान श्री राम, श्री गणेश, माता लक्ष्मी, सूर्य देव, शीतला माता, विश्वकर्मा भगवान सहित पच्चीस देव का पूजन बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी के प्रकाण्ड विद्वान द्वारा पूजन किया जाएगा। इस महाकुंभ में हजारों महिलाएं पीला एवं लाल परिधान में दिखेंगे तथा पुरुष भारतीय परिधान कुर्ता पजामा एवं धोती कुर्ता में नजर आएंगे। उक्त बातों की जानकारी सामूहिक वैश्य देव पूजन महाकुंभ के संयोजक डॉ अजय प्रकाश ने प्रेस वार्ता में दी। प्रेस कॉन्फ्रेंस में डॉ सर्वदेव प्रसाद गुप्त, वीणा प्रकाश, विकास कुमार मौड़ीवाल, दिलीप गुप्ता, अरूण कुमार मालाकार, लल्लू शर्मा, रघुनाथ सोनेवाल दैवज्ञ, पप्पू साह आदि उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना से बिहार में 2 करोड़ से अधिक परिवार हो रहे हैं लाभान्वित

## इ-पीओएस मशीन से राशन वितरण में आई पारदर्शिता और दक्षता

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार सरकार खाद्य सुरक्षा की दिशा में निरंतर महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। वर्तमान में राज्य में 2.06 करोड़ परिवार आज राशन कार्ड के माध्यम से प्रतिमाह खाद्यान्न का लाभ उठा रहे हैं। प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत बिहार में प्रतिमाह औसतन 4,25,019 मीट्रिक टन खाद्यान्न का वितरण सुनिश्चित किया जा रहा है। इस योजना के अंतर्गत पूर्विकता प्राप्त गृहस्थी के 1.83 करोड़ परिवारों को प्रत्येक लाभुक को 05 किलोग्राम खाद्यान्न (1 किलोग्राम गेहूं एवं 4 किलोग्राम चावल) निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है तथा अन्त्योदय अन्न योजना के अंतर्गत 22.81 लाख परिवारों को प्रति परिवार 35 किलोग्राम खाद्यान्न (7 किलोग्राम गेहूं एवं 28 किलोग्राम चावल) निःशुल्क उपलब्ध कराया जा रहा है।
राज्य सरकार द्वारा जन वितरण प्रणाली को और अधिक पारदर्शी व भ्रष्टाचार मुक्त बनाने हेतु सभी जनवितरण केंद्रों पर ई-पीओएस मशीन (ई-पॉइंट ऑफ सेल) की व्यवस्था की गई है जिसमें हर लाभुक का नाम, पहचान, वितरित खाद्यान्न की मात्रा, वितरण की तारीख एवं समय का डिजिटल रिकॉर्ड सुरक्षित रहता है। प्रत्येक लेन-देन की जानकारी रियल टाइम में नियंत्रण कक्ष तक पहुंचती है जिससे किसी भी प्रकार की अनियमितता की गुंजाइश समाप्त हो गई है।

# बंधन बैंक ने 10वीं वर्षगांठ पर लांच किया 'लिगेसी अकाउंट'

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** भारत के सबसे तेजी से बढ़ते यूनिवर्सल बैंकों में से एक, बंधन बैंक ने अपने प्रीमियम उत्पाद, लिगेसी बचत खाता को लॉन्च करने की घोषणा की है। यह खाता उन धनी ग्राहकों के लिए बनाया गया है जो एक बेहतर और विशेष बैंकिंग अनुभव चाहते हैं। यह लॉन्च बैंक के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर पर हुआ है क्योंकि बैंक ने परिचालन और बैंकिंग उत्कृष्टता के 10 साल पूरे कर लिए हैं। लिगेसी बचत खाते के साथ वर्ल्ड एलीट मास्टरकार्ड डेबिट कार्ड मिलता है जो घरेलू (साथी के प्रवेश सहित) और अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के लाउंज, ताज एपिक्योर मेंबरशिप, मुफ्त मूवी और इवेंट टिकट और चुनिंदा क्लबों में गोल्फ सेशन की सुविधा देता है। लिगेसी बचत खाता वाले ग्राहकों को और भी कई विशेष सुविधाएं मिलेंगी, जैसे कि समर्पित रिलेशनशिप मैनेजर, लॉकर किराए पर आजीवन छूट और यात्रा, चिकित्सा, शिक्षा, विरासत और संपत्ति नियोजन जैसी जरूरतों के लिए विशेषज्ञ परामर्श सेवाएं। यह उत्पाद जीवनशैली, यात्रा और वित्तीय लाभों की एक विस्तृत श्रृंखला भी प्रदान करता है।
इसके अतिरिक्त ग्राहक असीमित मुफ्त लेनदेन का लाभ उठा सकते हैं जिसमें नकद जमा, आरटीजीएस, एनईएफटी और आईएमपीएस शामिल हैं। लिगेसी ग्राहकों को बेहतर बीमा कवरेज भी दिया जाता है जिसमें 1 करोड़ तक का हवाई दुर्घटना बीमा, 20 लाख तक का व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा और 5 लाख तक का खरीद सुरक्षा शामिल है। इस अवसर पर बोलते हुए बंधन बैंक के एमडी और सीईओ पार्था प्रतिम सेनगुप्ता ने कहा जैसे ही बंधन बैंक 10 साल पूरे कर रहा है, यह वास्तव में गर्व और कृतज्ञता का क्षण है। लिगेसी बचत खाते के लॉन्च के साथ हम समावेशी और सतत विकास के अपने उद्देश्य से जुड़े रहते हुए नवीन समाधान और विश्व स्तरीय अनुभव प्रदान करने की एक नई प्रतिबद्धता के साथ अगले दशक में प्रवेश कर रहे हैं। हम अपनी आगे की यात्रा में अपने ग्राहकों के अटूट विश्वास, अपने कर्मचारियों के समर्पण और हमारे सभी हितधारकों के समर्थन की आशा करते हैं। बंधन बैंक एक मजबूत अखिल भारतीय संस्थान के रूप में उभरा है जो 30 जून, 2025 तक 1.55 लाख करोड़ की जमा राशि और 1.34 लाख करोड़ के अग्रिम के साथ 31 मिलियन से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान कर रहा है।

# अब भगोड़े अपराधी भी नहीं बच पाएंगे, दूसरे राज्यों से दबोचे गए 64 कुख्यात

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** बिहार में अपराध करके दूसरे राज्य भागने वाले अपराधी भी अब नहीं बच रहे हैं। इस वर्ष जनवरी से 20 अगस्त तक ऐसे 64 अपराधियों को एसटीएफ (स्पेशल टास्क फोर्स) ने अलग-अलग राज्यों से गिरफ्तार किया गया है। इसमें कुख्यात और इनामी अपराधी भी शामिल हैं। यह जानकारी एडीजी (अभियान) सह एडीजी (मुख्यालय) कुंदन कृष्णन ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय सरदार पटेल भवन में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान दी। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा 14 की संख्या में अपराधियों को दिल्ली से दबोचा गया है। इसके बाद पश्चिम बंगाल से 9, उत्तर प्रदेश से 7, गुजरात से 7, झारखंड से 6, हरियाणा से 5, महाराष्ट्र से 4, मध्य प्रदेश से 4, हिमाचल प्रदेश से 2, पंजाब से 2 के अलावा राजस्थान, गोवा, उड़ीसा, उत्तराखंड, कर्नाटक, जम्मू-कश्मीर औ? मणिपुर से 1-1 अपराधी को गिरफ्तार किया गया है। एडीजी कृष्णन ने कहा कि राज्य में नक्सली हिंसा में काफी कमी आने के बाद से एसटीएफ को संगठित अपराध और इससे जुड़े अपराधियों का समूल नाश करने में लगा दिया गया है। राज्य के अंदर पनप रहे सभी तरह के संगठित अपराधों को खत्म करने में इसकी भूमिका बेहद अहम है और इसकी उल्लेखनीय उपलब्धि की फेहरिस्त लंबी होती जा रही है। पिछले वर्ष अपराधियों से मुठभेड़ के 8 मामले सामने आए थे। इस वर्ष इनकी संख्या बढ़कर 23 हो गई है। पिछले वर्ष 2024 में की गई कार्रवाई में 752 अपराधियों को दबोचा गया था, लेकिन इस वर्ष अब तक 857 अपराधियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। इसी तरह 2024 में 44 और 2025 में अब तक 101 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया है। पिछले वर्ष जहां 3681 कारतूस बरामद किए गए थे। वहीं, इस वर्ष अब तक 12 हजार 176 कारतूस बरामद किए जा चुके हैं। पिछले वर्ष अपराधियों से 19 रेगुलर हथियार तथा इस वर्ष 32 रेगुलर हथियार बरामद किए गए हैं। एडीजी ने कहा कि एसटीएफ की विशेष टीम के स्तर पर निरंतर इनामी और कुख्यात अपराधियों को गिरफ्तार किया जा रहा है। इस क्रम में 18 अगस्त को 2 लाख का इनामी अपराधी बुटन चौधरी को महाराष्ट्र के उदवंतनगर थाना से गिरफ्तार किया गया है। 5 अप्रैल को दिल्ली पुलिस के साथ संयुक्त कार्रवाई करते हुए पहाड़गंज से अंतरराज्यीय सोना लुटेरा सुबोध सिंह, 2 लाख का इनामी विकास कुमार उर्फ जॉन राइट को गिरफ्तार किया गया था। 28 मार्च को औरंगाबाद जिला का एक लाख का इनामी नक्सली राजेश यादव को महाराष्ट्र के महार्ड (रायगढ़) क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया। 8 फरवरी को सीवान और गोपालगंज का 50 हजार का कुख्यात इनामी अपराधी मनीष को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। राज्य के बाहर ऑपरेशन के दौरान एसटीएफ के कई जवान भी शहीद हुए हैं। इसमें दारोगा मुकुंद मुरारी, जेसी विकास कुमार, जेसी जीवधारी कुमार, दारोगा संतोष कुमार, मिथिलेश पासवान शामिल हैं। ये लोग गुजरात के सूरत में सरकारी वाहन से एक अपराधी को गिरफ्तार करने गए थे, लेकिन एनएच पर वाहन दुर्घटना के दौरान इनकी मौत हो गई थी। एडीजी ने बताया कि अवैध हथियार या गोलियों की खरीद-बिक्री के मामले की तफ्तीश एनआईए के स्तर से भी की जा रही है। इससे अपराधियों को मिलने वाली गोलियों की सप्लाइ चेन को ध्वस्त करने में मदद मिलेगी। हाल में हाजीपुर समेत 7 ठिकानों पर एनआईए की छापेमारी की गई थी।

# साइंस सिटी में बच्चों के लिए हो थ्री डी विज्ञान फिल्म दिखाने की व्यवस्था : कुमार रवि

## सचिव कुमार रवि ने डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम साइंस सिटी का किया निरीक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भवन निर्माण विभाग के सचिव कुमार रवि ने शुक्रवार को निर्माणाधीन डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम साइंस सिटी का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कुमार रवि ने आदेश दिया कि यहां आने वाले बच्चों के लिए ऑडिटोरियम में थ्री डी विज्ञान फिल्म दिखाने की व्यवस्था हो। साइंस सिटी में प्रदर्श अधिष्ठापन कार्य, एट्रियम एरिया, ऑडिटोरियम, डोरमेटरी, अस्थाई प्रदर्श गैलरी सहित परीसर में चल रहे जरूरी कार्यों का बारीकी से जायजा लिया गया।
भवन निर्माण विभाग की ओर से मोईन-उल-हक स्टेडियम के पास 20.5 एकड़ में डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम साइंस सिटी का निर्माण किया जा रहा है। पहले चरण के लिए प्रथम गैलरी (बी ए साइंटिस्ट्स गैलरी) में प्रदर्श अधिष्ठापन का कार्य भी पूरा कर लिया गया है जबकि द्वितीय गैलरी (बेसिक साइंस गैलरी) में प्रदर्श लगाने का कार्य तेजी से प्रगति पर है। साइंस सिटी में कुल पांच गैलरियों का निर्माण किया जाना है यथा- बी ए साइंटिस्ट्स गैलरी, बेसिक साइंस गैलरी, सस्टेनेबल प्लैनेट गैलरी, स्पेस एंड एस्ट्रोनोमी गैलरी तथा बॉडी एंड माइंड गैलरी। पांचों गैलरियों का कुल क्षेत्रफल लगभग 7725 वर्गमीटर है और इनमें 26 थीम पर आधारित 269 विज्ञान प्रदर्श स्थापित किया जाना है। सचिव ने स्थल निरीक्षण के दौरान बचे हुए कार्यों को तेजी से पूर्ण करने का निदेश दिया। अभियंताओं एवं एजेंसी को निदेशित किया गया है कि प्रदर्श अधिष्ठापन के साथ ही फिनशिंग कार्य को भी तेजी से पूर्ण करें ताकि साइंस सिटी का उद्घाटन संभावित समय पर हो सके। एट्रियम में अब्दुल कलाम की मूर्ति, डिजिटल पैनल और म्यूरल लगाए गए हैं। बच्चों एवं आगंतुकों के लिए सेल्फी पॉइंट विकसित की गई है। इस परिसर में 500 सीटों की क्षमता वाला आधुनिक ऑडिटोरियम तथा 150 छात्रों एवं 3 शिक्षकों के लिए डोरमेटरी का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है। निरीक्षण के दौरान विभाग के संयुक्त सचिव आशुतोष द्विवेदी, अभियंता प्रमुख, मुख्य अभियंता सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

# राजस्व महा-अभियान : तबादले व अनुशासनात्मक कार्रवाई पर फिलहाल के लिए रोक

## पुराने हल्के में ही रहेंगे राजस्व कर्मचारी ताकि न प्रभावित हो जमाबंदी वितरण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के तत्वावधान में चल रहे राजस्व महा-अभियान के दौरान रैयतों को समय पर सेवा देने और शिविरों के कामकाज में तेजी लाने के लिए विभाग ने बड़ा कदम उठाया है। अब अभियान की अवधि में राजस्व कर्मचारियों के तबादले और अनुशासनात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी गई है। राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार सिंह ने सभी प्रमंडलीय आयुक्तों और जिलाधिकारियों को पत्र भेजकर स्पष्ट किया है कि हाल में जिन राजस्व कर्मियों का एक अंचल से दूसरे अंचल में स्थानांतरण हुआ है, उन्हें अभी उनके पुराने हल्के में ही प्रतिनियुक्त किया जाए। कारण यह है कि नए हल्के से परिचित न होने के कारण जमाबंदी वितरण और शिविर में आवेदन लेने में कठिनाई और देरी हो रही है। पत्र में कहा गया है कि महा-अभियान की सफलता में किसी तरह की बाधा न आए, इसके लिए 20 सितम्बर तक कोई भी निलंबन या अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू नहीं की जाएगी जब तक कि परिस्थिति अत्यंत अपरिहार्य न हो। विभाग का मानना है कि इस दौरान की गई कार्रवाई से नकारात्मक तत्व सक्रिय हो सकते हैं और अभियान की गति को प्रभावित कर सकते हैं। ऐसे में सभी जिलों के अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे इस आदेश का पालन सुनिश्चित करें। राजस्व महा-अभियान 16 अगस्त से शुरू हुआ है और 20 सितम्बर तक चलेगा। इस दौरान जमाबंदी में गलती सुधार, बंटवारा नामांतरण, उत्तराधिकार नामांतरण और ऑफलाइन जमाबंदियों को ऑनलाइन करने हेतु पंचायत में लगे शिविर में आवेदन लिया जाएगा। अपने पंचायत में जमाबंदी की प्रति के वितरण और शिविर की जानकारी अंचल के माइक्रो प्लान से मिलेगी।

# एमआईटी मुजफ्फरपुर में इंडक्शन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बने प्रत्यय अमृत

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** मुजफ्फरपुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में इंडक्शन कार्यक्रम का आयोजन भव्य रूप से किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में बिहार सरकार के मुख्य सचिव नामित एवं विकास आयुक्त श्री प्रत्यय अमृत उपस्थित हुए एवं उनके साथ जिलाधिकारी, मुजफ्फरपुर विशेष अतिथि के रूप में शामिल हुए। मुख्य अतिथि का परिचय कराते हुए बताया कि श्री प्रत्यय अमृत 1991 बैच के कअर अधिकारी हैं। उन्होंने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए कहा कि बतौर कटिहार डीएम उनके द्वारा लागू किया गया। मॉडल तथा सारण जिले में सोनपुर मेले में स्थापित अनुशासन अद्वितीय उदाहरण हैं। उन्होंने स्वास्थ्य एवं ग्रामीण विकास विभाग में किए गए कार्यों की भी प्रशंसा की। मुख्य अतिथि श्री प्रत्यय अमृत ने छात्रों से संवाद करते हुए कहा कि उन्हें युवाओं से बातचीत करना बेहद पसंद है। उन्होंने भावुक होकर कहा कि मुजफ्फरपुर से उनका गहरा संबंध है क्योंकि उन्होंने अपनी स्कूली शिक्षा प्रभात तारा स्कूल से प्राप्त की और पहली बार एमआईटी आने का अवसर मिला है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष उन्होंने होस्टल निर्माण के लिए कैबिनेट से स्वीकृति भी प्राप्त की है। उन्होंने छात्रों से कहा–यह जीवन का बहुत ही महत्वपूर्ण और निर्णायक समय है। यदि आपका मन किसी और दिशा में है तो निडर होकर उसकी ओर बढ़ें। अपने कार्य में संतोष और खुशी मिलना सबसे जरूरी है। क्रॉसरोड पर खड़े मत रहिए, हर प्लेटफॉर्म से अवसर की शुरूआत की जा सकती है। हमेशा इस बात पर गर्व कीजिए कि आप बिहार से हैं। ग्रेड से अधिक समझ महत्वपूर्ण है। जीवन में आगे बढ़ने के लिए केवल पढ़ाई ही नहीं बल्कि अतिरिक्त गतिविधियों में भी भाग लें। बिहार की अर्थव्यवस्था तेजी से बदल रही है और इस बैच के लिए अपार अवसर उपलब्ध हैं। बिहार की युवा आबादी देश का भविष्य बनेगी। इसलिए समस्याओं का समाधान करने वाले और विश्लेषणात्मक सोच रखने वाले बनें तथा समाज को कुछ लौटाएं।
छात्र-छात्राओं के सवाल-अर्चना कुमारी क्या बी.टेक करते हुए सिविल सेवा परीक्षा की तैयारी संभव है? प्रत्युत्तर में उन्होंने कहा कि अभी इंजीनियरिंग पढ़ाई पर ध्यान दें और तीसरे वर्ष के प्रश्न पत्र पढ़ना शुरू करें। शिवम भारती अभ्यर्थियों के लिए मुख्य गुण क्या होने चाहिए? उन्होंने कहा कि सफलता की कुंजी है– साथ ही अनुशासन, जुनून और सही दृष्टिकोण भी आवश्यक हैं। विशाल कुमार मैं अच्छा वक्ता कैसे बन सकता हूं। श्री अमृत ने हंसते हुए कहा कि वह इस सवाल को इतने बड़े मंच पर नहीं पूछ पाए होते।

# केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड के साथ द्वितीय त्रैमासिक वार्ता बैठक



**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**पटना।** क्षेत्रीय निदेशक, केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड, मध्य पूर्वी क्षेत्र, पटना की अध्यक्षता में केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड के सभागार में राज्य सरकार के विभागों के साथ द्वितीय त्रैमासिक वार्ता बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में राज्य सरकार के अनेक विभागों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। स्वागत भाषण श्रीमती सोनम, वैज्ञानिक द्वारा किया गया। प्रस्तावना एवं कार्य सूची के बारे में क्षेत्रीय निदेशक द्वारा जानकारी प्रदान की गई। क्षेत्रीय निदेशक द्वारा बैठक में उपस्थित प्रतिनिधियों को जानकारी दी गई कि केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड, मध्य पूर्वी क्षेत्र, पटना द्वारा बिहार एवं झारखंड के 900 से अधिक स्थानों पर भूजल मापन किया जाता है तथा इनसे संबंधित प्रतिवेदनों को राज्य सरकार के संबंधित विभागों के साथ साझा भी किया जाता है। केन्द्रीय भूमि जल बोर्ड द्वारा पाक्षिक रूप से भूजल गुणवत्ता एलर्ट भी जारी किया जाता है जिसे राज्य सरकार के संबंधित विभागों और संबंधित जिले के जिलाधिकारी से भी साझा किया जाता है।


# दादीजी मंदिर में 1100 सुहागिनों ने दादीजी का मंगल पाठ कर अखण्ड सुहाग का मांगा आशीर्वाद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**पटना।** भादो बदी अमावस्या के अवसर पर दो दिवसीय महोत्सव के पहले दिन का कार्यक्रम बैंक रोड स्थित श्री दादीजी मंदिर में पूरे धूम-धाम से हुआ। मौके पर मुख्य संस्थापक अमर अग्रवाल ने बताया कि भादोबदी अमावस्या पर्व के पहले दिन आज लाल पीली चुनड़ी में सजी 1100 महिलाओं ने अखंड सुहाग के लिए सामूहिक रूप से मंगलपाठ कर श्री दादीजी से मांगा आशीर्वाद। श्री दादीजी सेवा समिति के तत्वावधान में यह महोत्सव शनिवार 23 अगस्त तक चलेगा। कार्यक्रम में यजमान के रूप में ओम पोद्दार ने पूजा किया। इस अवसर पर पूरे श्री दादीजी मन्दिर परिसर को रंग बिरंगे देशी एवं विदेशी फूलों से काफी अच्छी तरह से सजाया गया जो देखने में काफी आकर्षक लग रहा था तथा मन को मोह रहा था। पूरा माहौल राजस्थानी संस्कृति में रचा बसा नजर आ रहा था। मौके पर संस्था के अमर कुमार अग्रवाल ने बताया कि श्री दादीजी सेवा समिति के तत्वावधान में दो दिवसीय भादो बदी अमावस्या महोत्सव आज 22 अगस्त को प्रारम्भ हुआ जो कल तक पूरी आस्था के साथ धूमधाम से मनाया जा रहा है। महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार 23 अगस्त को सुबह छह बजे से दादीजी की विशेष मंगल आरती होगी तथा उसके बाद जात एवं पूजन होगा तथा छप्पन भोग लगाया जाएगा। इसी दिन संध्या में छह बजे से श्री दादीजी का विशेष भजन कीर्तन शक्तिधाम महिला मंडल एवं श्री श्याम मंडल द्वारा किया जायेगा। मंगल पाठ में भाग लेने में शकुन्तला अग्रवाल, रेखा मोदी, चंदा पोद्दार, सरिता बंका, रेणु अग्रवाल ,सरिता चौधरीं , सरिता बंका, रेणु बजाज आदि प्रमुख थीं। कार्यक्रम को सफल बनाने में शक्तिधाम के अमर अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, सूर्य नारायण, निर्मल अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, पवन भगत, ओम पोद्दार, रमेश मोदी, रौशन सर्राफ, राजकुमार अग्रवाल, हनुमान गोयल, प्रदीप पंसारी, जे पी तोदी, रमेश अग्रवाल, अजय झुनझुनवाला, लक्ष्मण टेकरीवाल, रितेश तुलसियान, सुशील मित्तल, अनिल गुप्ता, मोहन सर्राफ, घनश्याम अग्रवाल, संतोष खीरवाल, राजकुमार खेमका सहित सैकड़ों लोग लगे हुए थे।

# हर घर नल का जल योजना ग्रामीणों के लिए वरदान : श्रवण कुमार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के महत्वाकांक्षी सात निश्चय-1 के तहत हर घर नल का जल योजना अब नालंदा जिले के और अधिक गांवों तक पहुंच रही है। शुक्रवार को ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार एवं सांसद कौशलेंद्र कुमार ने वेन प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में कुल 6 करोड़ 76 लाख 76 हजार रुपये की लागत से स्वीकृत योजनाओं का शिलान्यास किया। योजना के तहत वेन प्रखंड के ग्राम पंचायत एकसारा, नोहसा, आंट, अकौना, अरावां, वेन, मैजरा, खैरा और बारा पंचायतों के 36 वार्डों में छूटे हुए टोलों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। इसके साथ ही सिलाव–मैजरा रोड से सीकरी तक 31 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य तथा दया बिगहा पक्की सड़क से मैजरा मध्य विद्यालय तक सड़क निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि नीतीश सरकार ने गांवों को स्मार्ट बनाने का कार्य किया है। वर्ष 2005 से पहले केवल 6% परिवारों को नल का जल उपलब्ध था, जबकि आज 97% परिवार शुद्ध पेयजल का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और बिजली के क्षेत्र में बिहार ने ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। साथ ही युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार 50% तक अनुदान देकर स्टार्टअप को प्रोत्साहित कर रही है। सांसद कौशलेंद्र कुमार ने कहा कि आज बिहार के विकास कार्यों की गूंज पूरे देश में सुनाई दे रही है और लोग गर्व से कहते हैं कि वे बिहारी हैं। नीतीश कुमार के नेतृत्व में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और आधारभूत संरचना के क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष अरविन्द पटेल, जदयू जिला प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, लक्ष्मण प्रसाद, नवीन सिंह, टुनटुन सिंह, जितेंद्र सिंह, तुलसी मांझी, कृष्ण कुशवाहा, पप्पू मुखिया, राजा मुखिया, उत्तम पटेल, संतोष मुखिया, शंभू पासवान, रामेश्वर केवट, भागेरण पाल सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# समाहरणालय में जनता दरबार आयोजित




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उन्होंने विभिन्न प्रखंडों से आए आमजनों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और कई मामलों का ऑन स्पॉट समाधान किया। जनता दरबार में विद्युत, भूमि विवाद, पेंशन, आवास, शिक्षा, स्वास्थ्य, राशन कार्ड तथा राजस्व संबंधी समस्याएं प्रमुख रूप से सामने आईं। कुल 56 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें से कई का वहीं पर निपटारा कर दिया गया एवं शेष मामलों को संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई हेतु भेजा गया। जनता दरबार में अंचल-सिरदला, मौजा-धिरौंध के ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमणमुक्त कराने, ग्राम-बेरमी के मिन्टु प्रसाद द्वारा जमाबंदी नहीं होने, साकिन-लक्ष्मी विगहा की सुशीला देवी द्वारा घर निर्माण कार्य रोकने, ग्राम-करनपुर के नरेश प्रसाद द्वारा जान से मारने की धमकी देने, ग्राम-पचरूखी के जयप्रकाश प्रसाद द्वारा चहारदिवारी निर्माण रोकने, साकिन-पकरीबरावां के सुरेन्द्र यादव द्वारा जमाबंदी से संबंधित समस्या, राजस्व कर्मचारी अकबरपुर श्रीकांत प्रसाद द्वारा भविष्य निधि जीवन बीमा का बिल अग्रसारित नहीं करने तथा पोस्टमार्टम रोड, शिवनगर निवासी आरती कुमारी द्वारा न्याय मित्र के पद पर नियोजन हेतु काउन्सेलिंग से जुड़े आवेदन प्राप्त हुए। इनमें से कुछ मामलों का निपटारा जिला पदाधिकारी द्वारा मौके पर ही संबंधित पदाधिकारी से बात कर किया गया। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की समस्याओं का समाधान संवेदनशीलता और तत्परता के साथ किया जाए। उन्होंने कहा कि जनता दरबार आम लोगों की सरकार तक सीधी पहुंच है। इसका उद्देश्य जन समस्याओं का समाधान त्वरित और पारदर्शी तरीके से करना है। जनता दरबार में अपर समाहर्त्ता अनिल कुमार तिवारी, जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी शम्भू शरण पांडेय, गोपनीय शाखा प्रभारी राजीव कुमार, प्रभारी पदाधिकारी स्थापना शाखा डॉ. राजकुमार सिंहा सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एक नजर

### धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्णा जन्माष्टमी उत्सव

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** जीवन ज्योति पब्लिक स्कूल, हिसुआ में छात्रों के द्वारा राधा कृष्ण बनकर झांकियां प्रस्तुत की गई तथा छात्रा के द्वारा नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर छोटे-छोटे बच्चों ने अच्छी-अच्छी झाकियां प्रस्तुत कर हिसुआ में अपने प्रतिभा दिखाई। प्रारंभ में श्री कृष्ण जी की आरती हुई जो डायरेक्टर रश्मि गुप्ता तथा राजेंद्र प्रसाद साहू के द्वारा की गई। स्वागत गान मानवी कोमल के द्वारा नृत्य के साथ प्रस्तुत किया गया। छोटा कान्हा का नृत्य एलकेजी ग्रुप ने किया। कंश बध का नाटक भी प्रस्तुत किया गया। नृत्य में मानवी, आलिया ग्रुप, दुर्गा, ख़ुशी, सुरुचि ,कोमल, रिया, अंशु, ज्योति, शालिनी, समृद्धि, निशिता, सालवी के द्वारा किया गया। नाटक में अंकित ग्रुप की भूमिका अच्छी रही। कार्यक्रम में शामिल छात्रों को सम्मानित भी किया गया। प्रिंसिपल अनुराधा जी ने सभी को बधाई दी। कार्यक्रम को सफल बनाने में रामनारायण पांडेय के साथ सभी टीचर भी सहयोग करते हुए दिखे। कार्यक्रम को सुमन टीचर ने तैयार किया था। डॉ राजेंद्र प्रसाद साहू ने सभी को धन्यवाद दिया। राष्ट्र गान के साथ कार्यक्रम को समाप्त किया गया।

### 67 फरार अपराधी की हुई गिरफ्तारी : एसपी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 21 अगस्त 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, अवैध खनन में एक, रंगदारी में एक, साइबर अपराध में दो, एससी/एसटी अपराध में एक, मद्य निषेध में 18 एवं अन्य गिरफ्तारी 44 कुल 67 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अंतर्गत 116 लीटर देशी शराब बरामद किया गया। वारंट के निष्पादन की संख्या-28 है। वाहन जॉच के क्रम में कुल 350 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 01 हजार रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत एक ट्रैक्टर, मोटरसाइकिल 10, पांच तसला, एक गैस चूल्हा, दो गैस सिलेंडर, तीन चुलाई मशीन, पांच मोबाइल एवं एक पासबुक बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

### आधी आबादी के सहयोग से ही बिहार में बनेगी तेजस्वी सरकार : पूर्णिमा यादव




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**कौआकोल।** प्रखण्ड के उग्रवाद प्रभावित महुडर पंचायत के महुलियाटांड़ गांव में पूर्व विधायक व राजद नेत्री पूर्णिमा यादव के नेतृत्व में महिला जन संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। आयोजित जन संवाद कार्यक्रम में काफी संख्या में महिलाएं मौजूद रही। संवाद में मौजूद महिलाओं को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक पूर्णिमा यादव ने कहा कि बिहार में आने वाले विधानसभा चुनाव के बाद महागठबंधन की सरकार बननी तय है और तेजस्वी यादव हर हाल में मुख्यमंत्री बनेंगे। जिसमें आधी आबादी की महत्वपूर्ण भूमिका रहेगी। उन्होंने कहा कि तेजस्वी यादव के मुख्यमंत्री बनने के बाद उनके द्वारा की गई घोषणा के तहत माई-बहिन योजना के तहत सभी महिलाओं को 2 हजार 500 रुपया,रोजगार और बेरोजगारी उन्मूलन के तहत लाखों लोगों को नौकरी,200 यूनिट तक मुफ्त बिजली, सामाजिक सुरक्षा पेंशन 15 सौ रूपये तक करने एवं सस्ता गैस सिलेंडर सहीत अन्य कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिलाया जाएगा। वहीं मौके पर मौजूद प्रखण्ड प्रमुख रीना राय ने कहा कि बिहार में नीतीश सरकार पूरी तरह से फेल हो गई है। आए दिन हत्या,बलात्कार,लूट आदि की घटनाएं आम बात हो गई है।पूरे बिहार में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। जिससे निजात पाने के लिए तेजस्वी यादव का मुख्यमंत्री बनना बहुत जरूरी है। मौके पर पैक्स अध्यक्ष संजय यादव,रामाश्रय सिंह,नारायण स्वामी मोहन,पूर्व मुखिया छोटेलाल यादव,रामबालक यादव आदि मौजूद थे।

### 55 वर्षों तक मुखिया रहे शीतल बाबू के आदर्शों को अपनाने का संकल्प

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** नगर थाना क्षेत्र के सिसवा गांव में शुक्रवार को ग्रामीणों ने समारोह का आयोजन पर लगातार 55 वर्षों तक मुखिया रहे अमर स्वतंत्रता सेनानी शीतल बाबू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके आदर्शों को अपनाने का संकल्प लिया। शीतल बाबू के पुत्र व पंचायत के वर्तमान मुखिया विपिन कुमार सिंह ने कहा है कि किसी भी कीमत पर शीतल बाबू के आदर्शों को मिटने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर इमानदारी तथा कर्तव्य निष्ठा के साथ ही जनता की सेवा की जाएगी। मेरे पिता शीतल बाबू ने सार्वजनिक जीवन में जो आदर्श अपनाया था, हम हर हाल में उन आदर्शों को मिटने नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि विकास हमारा लक्ष्य है। बेहतर विकास से कोई समझौता नहीं हो सकता है। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि पंचायत वासी उनकी हाथों को मजबूत करें। निश्चित तौर पर विकास के मामले में कीर्तिमान स्थापित करेंगे। इस मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सुभाष चंद्र बोस उर्फ टुन्नी सिंह, डॉ मुकेश कुमार, राजीव कुमार उर्फ फुटून, ग्रामीण चंद्र सिंह, चंदन पांडे, राकेश कुमार, सुलेटन सहित भारी संख्या में लोगों ने शीतल बाबू को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए विकास की गाड़ी को तेजी से बढ़ाने का संकल्प लिया है । ग्रामीण महिलाओं ने भी शीतल बाबू के स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

# नवादा विधि महाविद्यालय को बदनाम करने की कोशिश पर कानूनी नोटिस जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** पिछले दिनों एक दैनिक अखबार के पत्रकार अमित कुमार ने नवादा विधि महाविद्यालय बना भ्रष्टाचार का अड्डा खबर को प्रकाशित किया था , जिसे विद्यालय प्रबंधन ने बेबुनियाद और तथ्यहीन बताया । इस मामले को लेकर महाविद्यालय के प्राचार्य के द्वारा रामचंद्र पासवान अधिवक्ता व्यवहार न्यायालय नवादा के माध्यम से पत्रकार अमित कुमार को फर्जी और गलत खबर प्रकाशित करने के लिए वकालत्तन नोटिस जारी किया गया है । नवादा विधि महाविद्यालय मगध क्षेत्र का सबसे अच्छा और विश्वसनीय कॉलेज में से एक है और प्रतिवर्ष कई छात्र-छात्राएं यहां से कोर्स पूरा कर डिग्री हासिल कर बड़ी-बड़ी कंपनियों में नौकरी कर रहे हैं । महाविद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर डीएन मिश्रा ने बताया कि अमित कुमार उनके कॉलेज के छात्र भी हैं और कुछ दिन पहले कॉलेज के वायवा में आयोजित वर्ग में सभी छात्र उपस्थित हुए , पर अमित कुमार उपस्थित नहीं हुए और पत्रकारिता का धमकी देकर गलत खबर प्रकाशित कर कॉलेज से डिग्री लेना चाहते हैं । प्राचार्य ने कहा कि कॉलेज प्रशासन के द्वारा नियमित उपस्थित छात्रों को ही परीक्षा में शामिल होने की अनुमति दी जाती है। उनके कॉलेज के तरफ से परीक्षा में उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी । इस बात पर पत्रकार अमित कुमार कॉलेज प्रशासन से यह कहते कि मैं पत्रकार हूं, अगर मुझे कॉलेज में परीक्षा नहीं देने दिया जाएगा तो मैं नियमित कॉलेज के खिलाफ नकारात्मक खबर लिखकर रहूंगा । इस मामले को लेकर डॉक्टर डीएन मिश्रा ने कहा कि गलत खबर प्रकाशित करने वाले पत्रकार के खिलाफ वकालतन नोटिस जारी किया गया है।

# टी. एस. कॉलेज में रेड रन -2025 जिला स्तरीय मैराथन प्रतियोगिता का आयोजन




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन, नई दिल्ली, भारत सरकार के निर्देशानुसार पूरे देश में आयोजित किए जा रहे "रेड रन - 2025" के अंतर्गत बिहार के सभी जिलों में पांच किलोमीटर की दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में नवादा जिला के अंतर्गत टी. एस. कॉलेज, हिसुआ में रेड रन मैराथन का सफल आयोजन हुआ। जिसमें नवादा जिले के विभिन्न कॉलेजो से छात्र/छात्राओं ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज के वरिष्ठ शिक्षक प्रो. सुंदर शर्मा द्वारा हरी झंडी दिखाकर और कार्यक्रम का संचालन रेड रन क्लब के नोडल पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार चौहान एवं विशेषज्ञ श्री असीम कुमार झा के नेतृत्व में किया गया।
महिला वर्ग में प्रथम स्थानः प्रीति कुमारी - टी.एस.कॉलेज,द्वितीय स्थानः नंदनी कुमारी- टी.एस.कालेज,तृतीय स्थानःमुस्कान कुमारी - टी. एस. कालेज,चतुर्थ स्थानःक्रांति कुमारी-आर. एम. डब्लू. कालेज,पंचम स्थानः ज्योति कुमारी-आर. एम. डब्लू. कालेज एवं पुरुष वर्ग में प्रथम स्थानः पंकज कुमार- इंटर कालेज, द्वितीय स्थान बालाजी-टी. एस. कालेज, तृतीय स्थानःमनीष कुमार-एस. के. एम., कालेज,चतुर्थ स्थानःगुलशन कुमार-एस. के. एम. कालेज,पंचम स्थानःअखिलेश कुमार-टी. एस. कालेज। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र एवं शीर्ष 10 को पुस्तक देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अनेक गणमान्य शिक्षाविद् और कॉलेज स्टाफ उपस्थित रहे जिनमें एन.सी.सी. पदाधिकारी डॉ. सुनील कुमार दुबे, वित्तेक्षक डॉ. रजनीश देव, आर. एम. डब्ल्यू. की एन. एस. एस. कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. नंदिता, डॉ.कुमारी आशा, डॉ.भोला शंकर बर्नवाल, डॉ. मिथिलेश पासवान, प्रो.अर्जुन कुमार, डॉ. परमानंद राम, डॉ. पूनम भारती, डॉ. अमरदीप अंभोरे, डॉ. नागेंद्र दास, डॉ. शंभूनाथ प्रभाकर, डॉ. मुकेश कुमार,डॉ.पूनम कुमारी,डॉ.अंजलि कुमारी,डॉ.कुमारी प्रतिभा सिंह, डॉ. दिव्या पण्डेय, प्रधान सहायक राजेश कुमार, मिडिया प्रभारी मुकेश कुमार,रौशन कुमार, अविनाश कुमार, विनय कुमार शर्मा, अमरजीत आदि उपस्थित थे। इस दौड़ का उद्देश्य युवाओं में एच. आई. वी./एड्स से बचाव एवं नियंत्रण हेतु युवाओं और आमजन को जागरूक करना था। आयोजन के दौरान सुरक्षा, चिकित्सा सहायता और जलपान की समुचित व्यवस्था की गई थी। डॉ. संजय कुमार चौहान ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा, "ऐसे आयोजनों से छात्रों में अनुशासन, फिटनेस और समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना उत्पन्न होती है। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज प्राचार्य, शिक्षकों और अतिथियों ने सभी विजेताओं को बधाई दी और आयोजन समिति को सफल आयोजन के लिए धन्यवाद दिया।

# जयंती पखवाड़ा पर याद किए गए डॉ विक्रम साराभाई

## विज्ञान से सोच को सच में बदल सकते हैं- डॉ अनुज, मॉडर्न इंगलिश स्कूल में आयोजित की गई विज्ञान वाद-विवाद प्रतियोगिता




**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड से संबद्धता प्राप्त दक्षिण बिहार एवं झारखंड के प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थानों में से अग्रणी मॉडर्न इंग्लिश स्कूल के बहुद्देशीय सभागार में विज्ञान वाद -विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह आयोजन भारतीय अंतरिक्ष कार्यक्रम के जनक एवं महान वैज्ञानिक डॉ विक्रम साराभाई जयंती पखवाड़ा के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। प्रतियोगिता का विषय नवमीं एवं दशमी कक्षा की छात्र-छात्राओं के लिए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) बनाम ह्यूमन इंटेलिजेंस (मानव बुद्धिमत्ता) एवं सातवीं से आठवीं कक्षा के छात्र-छात्राओं के लिए पेट्रोलियम की उपयोगिता एवं अनुपयोगिता पर आधारित था। यह वाद -विवाद प्रतियोगिता पिछले कई दिनों से निरंतर चल रहा था। जिसका फाइनल राउंड आयोजित किया गया। आयोजन का उद्घाटन मॉडर्न शैक्षिक समूह के अध्यक्ष डॉ अनुज सिंह, उपप्राचार्य एमके विजय, विज्ञान संकाय के वरिष्ठ शिक्षक मणिकांत मिश्रा ,विनोदानंद झा, साइन मुखर्जी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं विक्रम साराभाई के तैलीय चित्र पर माल्यार्पण कर किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए ने कहा कि इस वर्ष का मुख्य उद्देश्य "विज्ञान को बढ़ावा देना, विद्यार्थियों को विज्ञान से जोड़ना और उनमें नवाचार की चिंगारी प्रज्वलित करना है। दृढ़ इच्छाशक्ति से विद्यार्थी अपनी सोच को सच में बदल सकते हैं। प्रतिदिन हो रहे आविष्कार की जानकारी रखें और पाजिटिव सोच से लक्ष्य को हासिल करें।विज्ञान वाद विवाद प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने तर्क शक्ति के माध्यम से यह सिद्ध कर दिया कि कल्पनाशक्ति, परिश्रम और वैज्ञानिक दृष्टिकोण से असंभव भी संभव बन सकता है। विज्ञान केवल प्रयोगशालाओं तक सीमित नहीं, बल्कि यह हमारे विचारों और जीवनशैली में भी होना चाहिए। वैज्ञानिक दृष्टिकोण से ही आने वाले भारत को शक्ति और दिशा दे सकते हैं। कार्यक्रम में छात्र-छात्राएं दो दल में बंटे हुए थे। पहला दल कृत्रिम बुद्धिमत्ता के पक्ष में था तो दूसरा दल मानव बुद्धिमत्ता के पक्ष में था। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के पक्ष में भव्या भारती, अंकुश, मयंक, सृष्टि, आराध्या, प्रज्ञा दुबे, नमन कुमार ,दिव्या कुमारी थे। जैविक मानव मस्तिष्क की तुलना में AI प्रणालियों के लिए बहुत अधिक ऊर्जा की आवश्यकता होती है, जबकि HI में कम ऊर्जा की खपत होती है। इसके साथ-साथ सभी विद्यार्थियों ने पक्ष एवं विपक्ष में सुंदर ढंग से अपने विचारों के द्वारा तर्क दिए। दूसरे समूह में आठवीं कक्षा की परिधि ने पेट्रोलियम के उपयोगिता पर अपना विचार दिया तो उसके अनुपयोगिता पर अयांश आर्यन ने अपना विचार रखा। परिधि ने विचार देते हुए कहा कि पेट्रोलियम, पेट्रोल और डीजल जैसे उत्पादों के माध्यम से, परिवहन क्षेत्र की रीढ़ है। यह वाहनों, जहाजों और हवाई जहाजों को शक्ति प्रदान करता है। यह हमारे जीवन का एक अभिन्न अंग बन चुका है। इस तरह से लगभग 2 घंटे तक वाद विवाद प्रतियोगिता निरंतर चलतेरहा। विद्यालय के प्रबंध निदेशक ने इस आयोजन के लिए सही विज्ञान के शिक्षकों को एवं भाग लेने वाले विद्यार्थियों को धन्यवाद दिया और विद्यार्थियों की प्रतिभा और सृजनशीलता एवं नवाचार से युक्त कुछ विशेष प्रकल्पों की मुक्त कंठ से सराहना व प्रशंसा की।

### सोहसराय हॉल्ट पर ईंट सोलिंग और ढलाई का काम शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** राजगीर–फतुहा रेलखंड पर स्थित सोहसराय हॉल्ट पर यात्रियों की सुविधा को देखते हुए रेलवे ने प्लेटफॉर्म नंबर दो पर ईंट सोलिंग और ढलाई का कार्य शुरू कर दिया है। इस काम के पूरा होने के बाद प्लेटफॉर्म मजबूत और समतल होगा, जिससे यात्रियों को चढ़ने-उतरने में सहूलियत मिलेगी। स्थानीय लोगों ने बताया कि लंबे समय से प्लेटफॉर्म की स्थिति खराब थी। बरसात में कीचड़ और फिसलन के कारण यात्रियों, विशेषकर बुजुर्गों और बच्चों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था।

बिहार सरकार

समाहरणालय, औरंगाबाद
जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, औरंगाबाद

जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, औरंगाबाद में दिनांक 25-08-2025 से दिनांक 30-08-2025 तक ऋण वसूली कैम्प का आयोजन हेतु की सूचना

प्रबन्ध निदेशक, बिहार स्टेट माईनोरिटीज फाईनेन्सियल कारपोरेशन लि0 पटना के पत्रांक–3632 दिनांक 13-08-2025 के आदेशानुसार मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, NMDFC Term Loan एवं शिक्षा ऋण योजना अन्तर्गत वितरित ऋण की राशि की वसूली में तेजी लाने, ऋणियों को ऋण की वापसी हेतु सुविधा उपलब्ध कराने एवं ससमय लोन राशि चुकाने हेतु उतप्रेरित करने के उद्देश्य से उपयुक्त स्थल पर **जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, औरंगाबाद** में दिनांक 25-08-2025 से दिनांक 30-08-2025 तक ऋण वसूली कैम्प का आयोजन किया जाना है।

अतः औरंगाबाद जिला अन्तर्गत अल्पसंख्यक समुदाय के वैसे व्यक्ति जिन्होनें मुख्यमंत्री अल्पसंख्यक रोजगार ऋण योजना, NMDFC Term Loan एवं शिक्षा ऋण योजना के तहत ऋण प्राप्त किया हो, वे शिविर में आकर ऋण अदा करें। अन्यथा उन पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी। इसके अतिरिक्त संबंधित बकायादार के विरूद्ध दीवानी एवं फौजदारी मुकदमा भी दायर किया जा सकता है। ऐसे में शिविर का लाभ उठाकर विभागयी कार्रवाई से बचा जा सकता है। ऋण भुगतान के इच्छुक व्यक्ति **जिला अल्पसंख्यक कल्याण कार्यालय, औरंगाबाद में आकर** विशेष जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

जिला अल्पसंख्यक कल्याण पदाधिकारी
औरंगाबाद

PR- 012445 ( Minority Welfare ) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।

# 10 सूत्री मांगों को लेकर अनुसूचित कर्मचारी संघ गोप गुट ने की अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**नवादा।** 10 सूत्री मांगों को लेकर अनुसचिवीय कर्मचारी संघ गोप गुट की जिला नवादा शाखा के लिपिक द्वारा 21 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू किया गया है । संघ के सचिव सतीश कुमार ने बताया कि निम्न वर्गीय लिपिक का ग्रेड पे 2800 ,उच्च वर्गीय लिपि को का ग्रेड पे 42 00, प्रधान लिपिक का ग्रेड पे 4600 एवं सहायक प्रशासी पदाधिकारी का ग्रेड पे 5400 किया जाए। निम्न वर्गीय लिपिक, सहायक उच्च वर्गीय लिपिक, वरीय सहायक का अनुपातिक प्रतिशत 60/-40 किया जाए । लिपिक को वरीय योग्यता के आधार पर बिहार प्रशासनिक सेवा के पदों पर प्रोन्नति हेतु 25% पद आरक्षित करने की मांग की गई है। वित्तीय उन्नयन अगले ग्रेड पे लेवल के बदले प्रोन्नति के पद पर सोपान के ग्रेड वेतन में किया जाए। लिपिक की स्वीकृत कार्यकाल की संख्या में वृद्धि किया जाए और अभियान चलाकर नियुक्ति किया जाए। सभी कार्य स्थल पर सभी कर्मियों के लिए निशुल्क आवास का प्रबंध किया जाए । चिकित्सा प्रतिपूर्ति की अनुमानित प्राक्कलित राशि का काम से कम 75% अग्रिम भुगतान का प्रावधान किया जाए। मांग में पूर्व की भांति एवं केंद्र सरकार के अनुरूप लिपिको एवं अन्य कर्मियों को तदर्थ बोनस का भुगतान , दुर्घटना बीमा 50 लाख रुपए का प्रावधान एवं लिपिको और अन्य कर्मियों तथा उनके आश्रितों को कैशलेस चिकित्सा व्यवस्था का प्रावधान की मांग की गई है। अराजपत्रित कर्मियों के जिला स्तरीय संवर्गों को राज्य स्तरीय संवर्ग गठन हेतु निर्गत पत्र के दायरे से समाहरणालय लिपिक के संवर्ग को मुक्त रखा जाए। राज्य के प्रत्येक जिला में कार्यरत समाहरणालय संवर्ग के लिपिक को उनके गृह जिला में स्थानांतरित किया जाए ।हड़ताल के कारण समाहरणालय नवादा के सभी लिपिक, सहायक प्रशासी पदाधिकारी, प्रधान लिपिक, उच्च वर्गीय लिपिक, निम्न वर्गीय लिपिक शामिल हुए।

# 102 एम्बुलेंस कर्मियों की नई कमेटी गठित, अमित कुमार पांडेय तीसरी बार बने जिलाध्यक्ष

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बिहारशरीफ।** बिहार राज्य चिकित्सा कर्मचारी संघ (इंटक) नालंदा इकाई की बैठक में शुक्रवार को 102 एम्बुलेंस कर्मियों की पूर्व कमेटी को भंग कर नए सिरे से चुनाव कराया गया। निर्वाचन प्रक्रिया पूरी होने के बाद सर्वसम्मति से नई कमेटी का गठन किया गया। इसमें अमित कुमार पांडेय को लगातार तीसरी बार जिलाध्यक्ष चुना गया। नई कमेटी में सचिव पद पर देवानंद दास, कार्यकारी अध्यक्ष पद पर सिकंदर कुमार, कोषाध्यक्ष पद पर पंकज कुमार, उप कोषाध्यक्ष पद पर रवि कुमार, जबकि सदस्य के रूप में रंधीर राजा राम और मनीष कुमार का चयन हुआ। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद एम्बुलेंस कर्मियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया और उनसे कर्मियों के हित में संघर्ष जारी रखने की अपील की। जिलाध्यक्ष अमित कुमार पांडेय ने कहा कि कर्मियों के भरोसे और एकजुटता की बदौलत उन्हें लगातार तीसरी बार यह जिम्मेदारी मिली है, जो उनके लिए गर्व की बात है। उन्होंने आश्वस्त किया कि एम्बुलेंस कर्मियों की समस्याओं को मजबूती से सरकार और संबंधित विभागों तक पहुंचाया जाएगा। कार्यकारी अध्यक्ष सिकंदर कुमार ने बताया कि 102 एम्बुलेंस कर्मी दिन-रात जनता की सेवा में लगे रहते हैं, चाहे सड़क दुर्घटना हो, प्रसव की स्थिति हो या किसी गंभीर मरीज को अस्पताल पहुंचाना हो। इसके बावजूद कर्मियों को असुरक्षा, कम वेतन और अनिश्चित भविष्य का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने नियमित वेतनमान, स्थायी नियुक्ति, सेवा सुरक्षा, दुर्घटना बीमा सुविधा, अवकाश नीति के पालन और बेहतर कार्य परिस्थितियों की मांग सरकार से की। नवनिर्वाचित कमेटी ने संकल्प लिया कि वे कर्मियों के अधिकारों और हितों की लड़ाई मजबूती से जारी रखेंगे। इस मौके पर पंकज कुमार, रोशन कुमार, संजय कुमार, धर्मेंद्र कुमार, लवकुश सहित कई कर्मी उपस्थित थे।

बिहार सरकार

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल औरंगाबाद

प्रेस बिज्ञप्ति

लघु सिंचाई प्रमंडल, औरंगाबाद के अन्तर्गत पूर्व में कार्यरत निम्नलिखित कनीय अभियंताओं के नाम पर इस प्रमंडल में कार्यकाल के दौरान ली गई अस्थाई अग्रिम से उनके नाम के सामने शेश अस्थाई अग्रिम की राशि प्रमंडलीय रोकड़ पंजी में काफी समय से लंबित है। लंबित अस्थाई अग्रिम की वसूली हेतु महालेखाकार एवं उच्चाधिकारियों से काफी दबाव पड़ रहा है। संबंधित कनीय अभियंता वर्तमान में कहाँ पदस्थापित है अथवा सेवा निवृत हो गये है। इसकी सारी जानकारी इस प्रमंडल को नहीं रहने के कारण दैनिक समाचार पत्र के माध्यम से उनको सूचित किया जाता है कि 15 (पन्द्रह) दिनो के अन्दर सामने दर्शाई गई राशि प्रमंडलीय कार्यालय में जमा कर प्रमंडलीय रोकड़ पाल से प्राप्ति रसीद प्राप्त कर ले अन्यथा आपलोगो के विरूद्ध नियमानुकुल कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**इस सूचना को अति महत्वपूर्ण समझे।**

| क्र0 सं0 | नाम | पदनाम | लंबित अस्थाई अग्रिम की राशि |
|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | श्री हरिहर सिंह | तत्कालिन कनीय अभियंता | 1296.15 |
| 2 | श्री निवास सिंह | तत्कालिन कनीय अभियंता | 14051.10 |
| 3 | श्री वकील सिंह | तत्कालिन कनीय अभियंता | 4122.40 |

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यपालक अभियंता
लघु सिंचाई प्रमण्डल, औरंगाबाद

PR- 012126 (MWRD) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

# पीएम मोदी ने दी 12,992 करोड़ की सौगात

## सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने जताया आभार



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गया।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शुक्रवार को गया पहुंचे जहां उन्होंने 12,992 करोड़ रुपये की लागत से अनेक जनकल्याणकारी एवं विकासात्मक परियोजनाओं का शिलान्यास एवं उद्घाटन किया। इस अवसर पर बिहार के सहकारिता मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने इसे ऐतिहासिक क्षण बताते हुए कहा कि प्रधानमंत्री जी जब भी बिहार आते हैं, राज्य को विकास की नई सौगात देकर जाते हैं। आज का दिन बिहार की आत्मनिर्भरता और प्रगति की दिशा में मील का पत्थर है। डॉ. कुमार ने जानकारी दी कि प्रधानमंत्री ने 1,260 करोड़ रुपये की शहरी इंफ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं का शुभारंभ किया। इसके अंतर्गत जहानाबाद और औरंगाबाद (दाउदनगर) में एसटीपी व सीवरेज नेटवर्क, लखीसराय व जमुई (बड़हिया) में एसटीपी एवं इंटरसेप्शन-डायवर्सन कार्य तथा अमृत 2.0 योजना के तहत औरंगाबाद, बोधगया और जहानाबाद में जलापूर्ति परियोजना शामिल है। इसी कड़ी में 1,900 करोड़ रुपये की लागत से राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं की नींव रखी गई। इनमें एनएच-31 के बख्तियारपुर से मोकामा तक फोरलेन निर्माण और एनएच-120 के विक्रमगंज-दावथ-नावानगर-डुमरांव खंड का दो लेन उन्नयन शामिल है। प्रधानमंत्री ने 6,880 करोड़ रुपये की प्रमुख परियोजनाओं का भी उद्घाटन किया। इनमें बक्सर थर्मल पावर प्लांट, मुजफ्फरपुर स्थित होमी भाभा कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र, तथा मुंगेर में नमामि गंगे के अंतर्गत 520 करोड़ रुपये से निर्मित एसटीपी व सीवरेज नेटवर्क प्रमुख हैं। रेल एवं आवास क्षेत्र में भी राज्य को बड़ी सौगात मिली। गया-दिल्ली के बीच अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन और वैशाली-कोडरमा के बीच बौद्ध सर्किट ट्रेन का शुभारंभ हुआ। वहीं प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्र के 12,000 लाभार्थियों और शहरी क्षेत्र के 4,260 लाभार्थियों को गृह प्रवेश का लाभ प्रदान किया गया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि यह परियोजनाएं न सिर्फ मगध क्षेत्र बल्कि पूरे बिहार के सामाजिक-आर्थिक विकास को नई गति देंगी। उन्होंने प्रदेशवासियों की ओर से प्रधानमंत्री को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दीं।

## अलग-अलग दुर्घटना में तीन घायल

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कुदरा।** थाना क्षेत्र के अलग-जगहों पर हुई सड़क दुर्घटना में तीन लोग घायल हो गए। घायलों को इलाज के लिए पीएचसी पहुंचाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद एक को बेहतर इलाज के लिए वाराणसी रेफर कर दिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सकरी मोड़ के पास स्कार्पियो के टक्कर में बाइक सवार युवक घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए पीएचसी पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। घायल युवक आर्यन कुमार गुप्ता पिता धनन्जय कुमार गुप्ता कैमूर जिला के करमचट थाना के लोहदी गांव का निवासी है। पीड़ित के परिजनों ने बताया कि घटना की प्राथमिकी के लिए थाना को जानकारी दी गई है। उधर कुदरा थाना के पास बाइक व ठेला के टक्कर में बाइक सवार व ठेला चालक गंभीर रूप से घायल हो गया।

## एक नजर

### भूमि विवाद में मारपीट, 4 घायल, 7 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** प्रखंड के प्रधाना गांव में बुधवार को भूमि विवाद को लेकर दो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई। जानकारी के अनुसार बैंड लगी जमीन को खरीदने के बाद खरीददार पक्ष के लोगों और जोतदारों के बीच कहासुनी हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ा कि मारपीट की नौबत आ गई। मारपीट में दोनों पक्षों के कुछ लोग घायल हो गए। घायलों का इलाज स्थानीय स्वास्थ्य केंद्र में कराया जा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को काबू में किया। इस मामले में पीड़ित पक्ष रामपति दास ग्राम प्रधाना की लिखित शिकायत पर सात लोगों के खिलाफ नामजद प्राथमिकी दर्ज शुक्रवार को की गई। कोंच थानाध्यक्ष शैलेश कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि रामपति दास, पिंटू कुमार, शेखर कुमार और चमेली देवी को घायल होने की बात सामने आई है।

### बिजली चोरी में पांच लोगों पर लाखों का जुर्माना व मामला दर्ज

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**कोंच।** थाना क्षेत्र के डबूर गांव में बिजली विभाग की टीम ने छापेमारी कर कड़ी कार्रवाई की। छापेमारी के दौरान मीटर बाईपास कर अवैध रूप से बिजली उपयोग करते 5 लोगों को पकड़ा गया। विभाग ने सभी पर जुर्माना लगाते हुए मामला दर्ज शुक्रवार को कराया है। विद्युत कनीय अभियंता गुरारू संजय चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि छापेमारी में पकड़े गए उपभोक्ता इस प्रकार हैं–राजेन्द्र राम पर 23392 रुपये, डोमन पासवान पर 5748 रुपये, रोहन ठाकुर पर 7452 रुपये, अजीत कुमार पर 35810 रुपए, उपेंद्र साव पर 9554 रुपए का जुर्माना लगाया गया है। कनीय अभियंता संजय चौधरी ने बताया कि सभी की विद्युत आपूर्ति तत्काल काट दी गई है और कानूनी प्रक्रिया पूरी की जा रही है। विभाग ने चेतावनी दी है कि बिजली चोरी करने वालों पर आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई होगी।

### जर्जर तार बदलने को लेकर आज छह घण्टे रहेगी बिजली ठप

**टिकारी (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** आज यानी शनिवार को टिकारी शहर में जर्जर बिजली तार को बदलने को लेकर छः घण्टे तक बिजली सप्लाई बंद किया जाएगा। जेईई हिमांशु कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि केसपा(टाउन टु) फीडर से आपूर्ति होने वाली सभी ट्रांसफॉर्मर की बिजली आपूर्ति सुबह 11 बजे से शाम 05 बजे तक बंद रहेगी। क्षेत्र स्थित थाना से पूरब टिकारी की क्षेत्र यथा रिकाबगंज, बहेलिया बिगहा, राज स्कूल, जैन, सियांनन्दपुर, बेलहड़िया, डुमरसन, सलेमपुर, वैध बिगहा, विवेकानंद कॉलोनी इत्यादि जगहों पर विद्युत आपूर्ति छः घण्टे तक बन्द रहेगी। जेईई हिमांशु कुमार ने लोगो से वैकल्पिक व्यवस्था कर लेने की अपील की है।

### पूर्व मंत्री उपेन्द्र नाथ वर्मा की प्रतिमा पर आज होगा माल्यार्पण

**गयाजी (नवबिहार टाइम्स ब्यूरो)।** प्रत्येक वर्ष 23 अगस्त को स्वतंत्रता सेनानी एवं पूर्व मंत्री, बिहार सरकार स्व० उपेन्द्र नाथ वर्मा की गयाजी शहर के दिग्घी तालाब के उत्तर-पश्चिम कोना पर स्थित उनकी प्रतिमा स्थापित है। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग, बिहार, पटना द्वारा राजकीय समारोह के रूप में मनाये जाने का निर्णय लिया गया है।

## प्रधानमंत्री ने आवास योजना के लाभुक दिव्यांग रंजीत को चाभी सौंपी, जताया आभार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज(गयाजी)।** बोधगया में शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों से घर की चाभी मिलने पर वजीरगंज प्रखंडके बिच्छा निवासी 26 वर्षीय दिव्यांग रंजीत चौधरी के घर में खुशी का महौल बना हुआ है। पड़ोसी भी उन्हें बधाई दे रहे हैं। लाभुक रंजीत के भाई दीपक चौधरी ने बताया कि हमलोग पहले मिट्टी के घर में रहते थे, आवास मिलने पर पक्का का मकान बन गया है और हमारे देश के प्रधानमंत्री से आवास का चाभी मिलने से पूरे परिवार में खुशी है, पड़ोसी और ग्रामीण भी बधाई दे रहे हैं। बीडीओ प्रभाकर सिंह ने बताया कि प्रखंड से इनका चयन कर सूची भेजी गई थी जिसके बाद उन्हें यह सम्मान मिला है। संबंधित आवास सहायक ने कहा कि दिव्यांग के भाई एवं पिताजी के साथ उन्हें आयोजन स्थल तक ले गये थे, वहां से मैं उन्हें ट्राइसाइकल पर बैठाकर मंच तक ले गया जहां प्रधानमंत्री ने अपने हाथों से उन्हें चाभी सौंपी और हाल चाल लिया तथा पीएम आवास के तहत नये घर की बधाई दी।

## पीपल की पत्ती पर तस्वीर बना कर पीएम का किया स्वागत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** जिले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आने पर सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र कुमार ने अनूठी कला का प्रदर्शन किया है। उन्होंने मात्र 3 सेंटीमीटर की पीपल की पत्ती पर भगवान बुद्ध को प्रणाम करते पीएम मोदी की तस्वीर बनाई है। मधुरेंद्र ने इस कलाकृति को बनाने में 5 घंटे का समय लिया। यह कला प्रधानमंत्री के 22 अगस्त को मगध विश्वविद्यालय के प्रस्तावित दौरे के लिए बनाई गई है। पत्ती पर वेलकम मोदी जी इन गया जी का संदेश भी अंकित किया गया है। कलाकार ने अपनी इस कृति में गया के प्रमुख स्थलों को भी दर्शाया है। इनमें विष्णुपद मंदिर, बोधगया बौद्ध मंदिर, राष्ट्रीय राजमार्ग और गंगा पुल शामिल हैं। साथ ही गया से दिल्ली के बीच चलने वाली अमृत भारत एक्सप्रेस और कोडरमा से वैशाली तक जाने वाली मेमो पैसेंजर ट्रेन का भी चित्रण किया है। इस कला के माध्यम से उन्होंने पर्यटकों और स्थानीय लोगों को क्षेत्र की महत्वपूर्ण परियोजनाओं से अवगत कराने का प्रयास किया है। मधुरेंद्र ने कहा है कि ज्ञान, मोक्ष, शांति और संघर्ष की भूमि बिहार के गयाजी में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का हृदय से कलात्मक अभिनंदन और स्वागत करते हैं। बता दें कि इससे पहले 15 अगस्त को भी प्रधानमंत्री के हर घर तिरंगा कैंपेन को लेकर एक शानदार कलाकृति मधुरेंद्र ने बनाई थी। भागलपुर में 2000 किलोग्राम बालू पर पीएम मोदी की कलाकृति बनाकर स्वागत किया था। पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर हुआ था जिस पर पीएम मोदी की तस्वीर बनाकर थैंक्यू मोदी जी लिखा था। ऑपरेशन सिंदूर को लेकर उनका धन्यवाद किया था। मोतिहारी में पीएम के आगमन को लेकर मिट्टी से उनकी तस्वीर बनाकर स्वागत किया था। सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र कई बड़े सम्मान हासिल कर चुके हैं। पूर्व राष्ट्रपति अब्दुल कलाम से भी 2012 में सम्मान मिला। बिहार में लोकसभा चुनाव 2019 और विधानसभा चुनाव 2020 के अलावा स्वच्छता सर्वेक्षण 2021-22 के ब्रांड एंबेसडर रह चुके हैं। इस साल के जून महीने में ब्रिटिश पार्लियामेंट में सैंड आर्टिस्ट मधुरेंद्र का नाम लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज किया गया है। हाल ही में भारतीय पार्लियामेंट में साल 2025 के राष्ट्रीय सम्मान भारत गौरव अवॉर्ड से भी नवाजे गए हैं। दुनिया की सबसे छोटी तीन सेंटीमीटर वाली पीपल की हरी पत्तियां में पीएम की फोटो उकेरी गई है।

## पीएम कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता डॉ मनीष के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता हुए शामिल

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**गयाजी।** देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र भाई मोदी का बोधगया आगमन बिहार के विकास यात्रा के स्वर्णिम अध्याय के रूप में देखा जा रहा है। ऐतिहासिक अवसर पर उन्होंने कई विकास योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया जिससे बिहार के बुनियादी ढांचे, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पर्यटन और औद्योगिक क्षेत्र को नई गति मिलने वाली है। प्रधानमंत्री जी का यह कार्यक्रम बिहारवासियों के लिए गौरव का क्षण बना, क्योंकि उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि आने वाले समय में बिहार विकसित राज्यों की श्रेणी में शामिल होकर आत्मनिर्भर भारत की मजबूत कड़ी बनेगा। प्रधानमंत्री के कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉक्टर मनीष पंकज मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ों कार्यकर्ता समारोह स्थल पर उपस्थित होकर नरेंद्र मोदी जिंदाबाद और भारत माता की जय के नारों से पूरा गूंज उठा। डॉ. मिश्रा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश ने विश्व पटल पर नई पहचान बनाई है और अब बिहार भी विकास की नई राह पर अग्रसर हो रहा है। उनका यह भी कहना था कि गया की पावन धरती से प्रधानमंत्री द्वारा किए गए उद्घाटन और शिलान्यास केवल ईंट-पत्थर की इमारतें नहीं हैं, बल्कि बिहार की प्रगति, आत्मगौरव और उज्जवल भविष्य की नींव हैं। डॉ. मिश्रा ने प्रधानमंत्री के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि बिहार की जनता उनके ओजस्वी नेतृत्व में नई उम्मीदों और सपनों के साथ खड़ी है।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली बुरी तरह से रही फ्लॉप: डॉ. पिंकी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**वजीरगंज(गयाजी)।** मगध विश्विद्यालय कैंपस गयाजी में देश के प्रधानमंत्री का रैली बुरी तरह फ्लॉप रहा। इस संबंध में वजीरगंज क्षेत्र संख्या 16की जिला पार्षद सह महिला कांग्रेस कमिटी की जिलाध्यक्ष डॉ पिंकी कुमारी ने कहा कि सारे सरकारी मशीनरी एवं शैक्षणिक संस्थानों को डरा धमका कर छुट्टी कराई गई और उनके विद्यार्थियों को जबरन रैली के लिए भेज दिया गया ताकि भीड़ हो सके परंतु यह प्रयास भी विफल रहा। राज्य कर्मियों और जीविका दीदियों को भी टास्क दिया गया बावजूद इसके प्रधानमंत्री जी की रैली सुपर फ्लॉप रही। बिहार की जनता अब नरेंद्र मोदी और भाजपा के झूठ से ऊब चुकी है। एनडीए के कार्यकर्ताओं ने गांव गांव जाकर लोगों से रैली में आने का अनुरोध किया परंतु आम जनता ने इसमें कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई। मतलब साफ है काठ की हांडी बार बार नहीं चढ़ता। इसके विपरीत जननायक राहुल गांधी एवं नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव व अन्य महागठबंधन के नेताओं द्वारा आयोजित वोटर अधिकार रैली के दिन बिना बुलाए और बिना साधन दिए आम जनमानस का भीड़ उमड़ गया था।

## दिव्यांगजन के लिए आपदा सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** शुक्रवार को अनुमंडल कार्यालय के समीप स्थित बुनियाद केंद्र परिसर में दिव्यांगजन के लिए आपदा सुरक्षा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बुनियाद केंद्र टिकारी में सुरक्षित शुक्रवार के रूप में यह विशेष कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्र प्रबन्धक विवेक कुमार ने किया। कार्यक्रम में विशेषज्ञों की टीम ने दिव्यांगजनों और उनके अभिभावकों को आपदा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी। टीम ने बाढ़, सर्पदंश, लू, सड़क दुर्घटना, अग्नि, व्रजपात व भूकंप सहित विभिन्न प्रकार की आपदाओं और उनसे बचाव के तरीकों के बारे में विस्तृत जानकारी साझा की। जानकारी हो कि यह पहल बिहार के सभी बुनियाद केंद्रों में एसडीआरएफ की टीम के सहयोग से की जा रही है। इसका उद्देश्य दिव्यांगजनों को आपदा की स्थिति में सुरक्षित रहने के लिए तैयार करना है। कार्यक्रम के अंत में केंद्र प्रबंधक विवेक कुमार ने दिव्यांगजनों को प्रशिक्षण का लाभ लेने की अपील की।

## आवास योजना के लाभुकों को सौंपी गयी चाभी



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**टिकारी।** शुक्रवार को टिकारी नगर परिषद के सामुदायिक भवन में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के लाभुकों को गृह प्रवेश व चाभी सौंपी गई। क्षेत्र के अलग-अलग वार्ड के कुल सात लोगों को योजना के तहत आवास निर्माण कार्य पूरी करने पर चाभी दी गई। कार्यक्रम में मौजूद नगर प्रबंधक मोहित कुमार व म्युनिसिपल सिविल इंजीनियर बबलू बादल ने बताया कि क्षेत्र के विभिन्न वार्ड के कुल 403 लोगों को पीएम आवास योजना का लाभ दिया गया है। बोधगया में आयोजित पीएम की जन सभा के दिन सात लाभुकों को आवास की चाभी सौंपी गई। नप के सभापति अजहर इमाम, उप सभापति सागर कुमार, पार्षद नीतीश कुमार, अशोक सिंह, संदीप सिंह सहित अन्य वार्ड पार्षद उपस्थित थे।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डोभी में हफ्ते भर में मरीजों की संख्या पहुंची हजार से पार




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**डोभी/गया जी।** गया जिला के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र डोभी में एक सप्ताह में मरीजों की संख्या दो हजार से पार पहुंची। इस मामले की पुष्टि करते हुए चिकित्सक ऋषिराज ने बताया कि एक सप्ताह में मरीजों की संख्या दो हजार से पार हो गया है जो कि गंभीर चिंता का विषय है। मौसम के मिजाज बदलते ही बारिश-धूप और उमस, लोगों को कर रहा बीमार, अस्पताल में डायरिया व स्किन रोग के मरीजों की संख्या बढ़ रही है। बरसात के बाद तेज धूप और फिर बढ़ती उमस से हर कोई परेशान है जिसका लोगों की सेहत पर सीधा असर पड़ रहा है। तापमान में लगातार हो रहे उतार-चढ़ाव के चलते अस्पतालों की ओपीडी में मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ी है। रोजाना 200-300 से अधिक लोग इलाज के लिए पहुंच रहे हैं। इनमें सर्दी, खांसी, बुखार, सिरदर्द, उल्टी और दस्त जैसे लक्षणों से पीड़ित मरीजों की संख्या सबसे ज्यादा है। विशेषज्ञों का कहना है कि इस मौसम में सावधानी न बरती जाये तो संक्रमण तेजी से फैल सकता है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**

**ई0 निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0 निविदा संख्या– WRD/MID/GARHWA/$F_2$-08/2025-26
पत्रांक –523गढ़वा/दिनांक – 22/08/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | लेवा नाला पर चेकडैम निर्माण ग्राम– सिंघीताली, पंचायत– चपरी, प्रखण्ड– भवनाथपुर, जिला–गढ़वा। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 59,14,204.94 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 01.09.2025 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 18.09.2025 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (Jharkhandteders.gov.in) 18.09.2025 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 19.09.2025 (03:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एंव पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 8789558294 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः– 1. केवल ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
2. निविदा शुल्क (BOQ Amount) और अग्रधन की राशि (EMD) ऑनलाईन e-Procurement portal (jharkhandtenders.gov.in) में ही स्वीकार किये जायेगें, अन्य किसी प्रकार के माध्यम से स्वीकार नही की जायेगी।
3. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है। कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।
4. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा

PR 360159 Minor Irrigation(25-26)#D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा**

ई0 निविदा आमंत्रण सूचना
ई0 निविदा संख्या– WRD/MID/GARHWA/$F_2$-09/2025-26
पत्रांक –524गढ़वा/ दिनांक – 22/08/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | मैला नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण ग्राम– हरता, पंचायत– फकिराडिह, प्रखण्ड– भण्डरिया, जिला–गढ़वा। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 83,22,244.27 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 01.09.2025 (11:00 AM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 18.09.2025 (03:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाईन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (Jharkhandteders.gov.in) 18.09.2025 (03:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 19.09.2025 (03:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एंव पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 8789558294 eemidgarh-cemr-jhr@nic.in |
| 10 | ई0 प्रोक्योमेन्ट सेल एवं हेल्पलाईन संख्या | 0651–2214784 |

नोटः– 1. केवल ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
2. निविदा शुल्क (BOQ Amount) और अग्रधन की राशि (EMD)ऑनलाईन e- Procurement portal (jharkhandtenders.gov.in) में ही स्वीकार किये जायेगें, अन्य किसी प्रकार के माध्यम से स्वीकार नही की जायेगी।
3. विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट–jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
4. प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 360157 Minor Irrigation (25-26)D



**कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर (पलामू)**
**Near Block Office, Block Road Bishrampur, Palamu (Jharkhand), Pin code- 822132**
**Email Id – nagarpanchayatbishrampur2010@gmail.com**

**अतिअल्पकालीन कोटेशन/दर आमंत्रण सूचना संख्या–**
**NPB-09/2025-26 (2nd Call)**

नगर परिषद्, बिश्रामपुर कार्यालय में अधोहस्ताक्षरी द्वारा इच्छुक पंजीकृत निर्माणकर्ता/अधिकृत विक्रेता से निम्नलिखित विद्युत सामाग्रियों के क्रय हेतु मुहरबंद निविदा के माध्यम से प्रति अद्द (सभी कर सहित) निविदा आमंत्रित किया जाता है। दर निविदा दिनांक– 02.09.2025 को समय 2:00 बजे अपराहन् तक नगर परिषद्, बिश्रामपुर के कार्यालय में प्राप्त किया जायेगा, सभी सामानों के प्रत्येक कम्पनी के अनुसार दर उल्लेख करना होगा तथा प्राप्त निविदा उसी दिन अपराहन् समय 4:00 बजे निविदादाता या उनके द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि की उपस्थिति में कार्यालय नगर परिषद्, बिश्रामपुर के प्रोक्योरमेन्ट कमिटि के समक्ष खोला जायेगा।

| Sr. No. | Light Name | Item name | Dimention | Capacity |
|---|---|---|---|---|
| 01 | High Mast Light | LED PCB Plate | 182 X 217 MM | 200 Watt |
| 02 | | Driver | - | |
| 03 | | LED PCB Plate | 155 X 150 MM | 150 Watt |
| 04 | | Driver | - | |
| 05 | Street Light | LED PCB Plate | 165 X 175 MM, 265 X 270 MM & 225 X 300 MM | 120 Watt |
| 06 | | Driver | - | |
| 07 | | LED PCB Plate | 45 X 255 MM | 70 Watt |
| 08 | | Driver | - | |
| 09 | Wire Aluminum | | - | 2.5 Sqmm |
| 10 | | | - | 4 Sqmm |
| 11 | PVC Tape | | - | - |
| 12 | MCB | | - | 10 Amp SP MCB |
| 13 | | | - | 32 Amp SP MCB |
| 14 | Pendent Switch | | - | 06 Amp |

निविदा शर्तेः–
1. आपूर्तिकर्ता को उक्त निविदा में भाग लेने हेतु **रू0 1000/– (एक हजार)** की निविदा राशि एवं **रू0 10000/– (दस हजार)** अग्रधन की राशि **डिमाण्ड ड्राफ्ट कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, बिश्रामपुर** के नाम से जमा करना अनिवार्य होगा। सभी सामग्री की आपूर्ति उपरांत अग्रधन की राशि एक माह के अंदर वापस की जायेगी। निविदा शुल्क वापस नही किया जायेगा।
2. कोटेशन में निम्न दस्तावेज को अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करना होगा। (क) सामग्रियों का कैटलॉग (ख) आयकर रिर्टन (ग) पैन नम्बर (घ) GST Registration (ड) ISO Certificate (च) Electrical Contractor License (छ) अद्यतन GSTN Return (Last Quarter or Last 03 Month) & GST Registration Certificate (ज) अद्यतन आयकर (ITR Last 3 AY) (झ) अद्यतन चरित्र प्रमाण–पत्र (उपायुक्त/पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत)
3. वित्तीय लिफाफे में आपूर्ति की जाने वाले सामग्रियों से संबंधित दर (सभी करों सहित) अंकित करना अनिवार्य होगा। सामग्रियों की वारंटी एक वर्ष की होगी। न्यूनतम दर वाले आपूतिकर्ता को कार्यादेश के समय राशि का 5% जमानत के रूप **डिमाण्ड ड्राफ्ट कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, बिश्रामपुर** के नाम में जमा करना अनिवार्य होगा जो एक वर्ष के वारांटी/गारांटी समाप्ति के उपरान्त ही जमानत की राशि वापस की जायेगी।
4. कोटेशन में दर प्रति अदद के हिसाब से उल्लेखित करना अनिवार्य होगा एवं सभी सामग्री मानक कंपनी के द्वारा ISI अथवा ISO प्रमाणित होना चाहिए।
5. सशर्त निविदा मान्य नहीं होगा।
6. किसी भी निविदा को स्वीकृत करने अथवा आंशिक रूप से स्वीकृत या अस्वीकृत करने का अधिकार कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, बिश्रामपुर के पास सुरक्षित रहेगा।
7. सामग्रियों की आपूर्ति नगर परिषद्, बिश्रामपुर में करना होगा। इसके लिए कोई भी परिवहन भत्ता अलग से देय नही होगा तथा होने वाले टूट–फुट अथवा क्षति की जवाबदेही आपूर्तिकर्ता की होगी।
8. कार्यादेश निर्गत की तिथि से पन्द्रह (15) दिन के अंदर उक्त कार्य को पूर्ण करना अनिवार्य होगा।
9. न्यूनतम दर वाले आपूतिकर्ता को कार्यादेश निर्गत के पूर्व सामानों का एक–एक नमूना कार्यालय के समक्ष प्रस्तुत करना होगा।
10. उपर्युक्त सामग्रियों की संख्या में आवश्यकतानुसार बढोतरी/कम की जा सकती है। जिसके लिए अलग से कार्यादेश निर्गत किया जायेगा।
11. O&M सेवा सुलभ रूप से प्राप्ति हेतु स्थानीय आपूर्तिकर्ता/एजेंसी/Authorised Dealer को प्राथमिकता दी जायेगी।
12. उपर्युक्त कोटेशन को किसी भी समय कार्यादेश निर्गत करने के पूर्व रद्द करने का अधिकार कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद्, बिश्रामपुर को होगा।
13. सभी आपूर्ति की गई सामग्री जाँचोपरांत संतोशजनक पाये जाने पर ही स्वीकार किया जायेगा।
14. उक्त कार्य का भुगतान विभाग द्वारा उपरोक्त कार्य हेतू प्राप्त आवंटन के आलोक में किया जायेगा। एवं अंकित दर से अधिक भुगतान नही किया जायेगा एवं नियमानुसार कटौती की जायेगी।

प्रशासक,
नगर परिषद बिश्रामपुर

PR 360155 District(25-26).D

संपादकीय

# राजपूत–मराठा विवाद?

क्या राजपूत राजाओं पर मराठाओं का कभी सीधा नियंत्रण था? क्या मराठों ने राजस्थान के राजाओं पर भी शासन किया था और क्या मराठाओं और राजपूतों में कभी लड़ाइयां हुई थीं? ये तमाम सवाल हाल में एनसीईआरटी की आठवीं कक्षा की सामाजिक विज्ञान की किताब के तीसरे अध्याय में एक मानचित्र को लेकर हो रहे विवाद से उठे हैं। इस नक्शे में 1759 में मराठा साम्राज्य की सीमा में जैसलमेर रियासत को मराठा साम्राज्य का हिस्सा दिखाया गया है। इसको लेकर जैसलमेर रियासत के वंशजों और नागपुर के भोसले परिवार के वंशजों ने परस्पर विरोधी दावे किए हैं। यह विवाद सुलगने पर एनसीईआरटी ने इस मामले में एक समिति बनाने की घोषणा की है। यह समिति उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर प्राप्त सुझावों की जांच करेगी और सिफारिशें देगी। हालांकि जैसलमेर को मराठों के अधीन बताने को लेकर इतिहासकारों की राय भी बंटी हुई है। किताब में छपे मानचित्र के अनुसार, मराठा साम्राज्य मध्य महाराष्ट्र और कर्नाटक के कुछ हिस्सों से लेकर उत्तर भारत तक फैला हुआ था। इसमें पाकिस्तान के अटक और पेशावर तक का क्षेत्र भी शामिल दिखाया गया है। जबकि जैसलमेर राजपरिवार के वंशज चैतन्य राज सिंह ने इस मानचित्र पर आपत्ति जताते हुए इसे ऐतिहासिक रूप से भ्रामक, तथ्यहीन और गंभीर रूप से आपत्तिजनक बताया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की अपुष्ट और ऐतिहासिक साक्ष्यविहीन जानकारी न केवल एनसीईआरटी जैसी संस्थाओं की विश्वसनीयता पर सवाल उठाती है, बल्कि हमारे गौरवशाली इतिहास और जनभावनाओं को भी आघात पहुंचाती है। यह हमारे पूर्वजों के बलिदान, संप्रभुता और शौर्यगाथा को धूमिल करने का प्रयास प्रतीत होता है। उन्होंने केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान से इस मामले में हस्तक्षेप की मांग की। दूसरी तरफ नागपुर के भोसले परिवार के वंशज राजे मुधोजी भोसले ने इस मानचित्र के समर्थन में ट्वीट कर कहा कि राजस्थान के कुछ राजपरिवार मराठा साम्राज्य के इस नक्शे को स्वीकार करने से इनकार कर रहे हैं। इसे कभी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हम मराठा साम्राज्य का विरोध करने वालों की निंदा करते हैं। अब सवाल उठता है कि क्या राजस्थान के राजपूत राजा मराठा शासकों के अधीन थे? इस बारे में विशेषज्ञों का कहना है कि 18वीं शताब्दी में मराठा साम्राज्य दो प्रशासनिक क्षेत्रों में विभाजित था। 'कामाविशी' और 'सरंजामी।' शिवाजी महाराज का मूल स्वराज्य 'कामाविशी' क्षेत्र के अंतर्गत आता है। इसमें पुणे, पश्चिमी महाराष्ट्र और कर्नाटक का एक छोटा-सा हिस्सा शामिल था। दूसरा भाग 'सरंजामी' (सामंती) क्षेत्र था। इसमें शिंदे, होल्कर, गायकवाड़, भोसले जैसे सरदारों के नियंत्रण वाले इलाक़े शामिल थे। ये क्षेत्र पेशवाओं के अधिकार क्षेत्र में आते थे। इसी संदर्भ में दिल्ली विवि में इतिहास के प्रोफेसर अनिरूद्ध देशपांडे का कहना है कि मराठा चौथ और सरदेशमुखी नामक कर वसूलते थे। मराठा सरदारों को राजपूत अपने आंतरिक विवादों मे हस्तक्षेप के लिए भाड़े के सैनिकों के रूप में आमंत्रित जरूर करते थे। जबकि वरिष्ठ इतिहासकर जयसिंहराव पवार का कहना है कि मराठों ने राजपूतों पर शासन किया। वे मुग़ल सम्राट से हुए समझौते के तहत ऐसा कर रहे थे। मराठों ने राजस्थान पर अपना प्रभुत्व स्थापित कर लिया था और 'ट्रिब्यूट' (एक प्रकार का कर) वसूला था। राजपूत राजाओं और मराठा शासकों के बीच आर्थिक संबंधों की प्रकृति 1752 में मुग़लों और मराठों के बीच हुई 'अहमदनामा' संधि पर आधारित थी। चौथ और सरदेशमुखी जैसे कर, मराठों के राजनीतिक प्रभुत्व का सबूत माने जाते हैं। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि जैसलमेर रियासत ने कभी ऐसा कर दिया हो। बहरहाल इस विवाद को खत्म किया जाना चाहिए। इतिहास के रूप में वही पढ़ाया जाना चाहिए, जो 'ऐतिहासिक रूप से सही व प्रामाणिक हो'।

# सिंधु की पुकारः संप्रभुता की वापसी और गौरव की बहाली'

**अर्जुन राम मेघवाल**

मानसून शब्द पूरे भारत में खुशी और गर्व का संचार करता है। यह नवाचार, नवीनीकरण और राष्ट्र के आर्थिक इंजन को तत्काल गति प्रदान करने का प्रतीक है। भारत की भौगोलिक स्थिति, प्रचुर वर्षा के साथ मिलकर, इसकी नदियों को पुनर्जीवित करती है और देशभर में जल संसाधनों का विस्तार करती है। यह प्रगति के मौसम का प्रतीक है और स्वतंत्रता दिवस समारोहों के साथ मिला दिए जाने पर देशभक्ति की एक अनूठी भावना का संचार करता है। लाल किले की प्राचीर से, प्रधानमंत्री के संबोधन ने एक बार फिर आकांक्षी नागरिकों के लिए एक ऐसा खाका पेश किया जो एक विकसित भारत के निर्माण के व्यापक लक्ष्य को साकार करने का मार्ग प्रशस्त करता है।

संसद के इस विशेष मानसून सत्र की शुरुआत में, प्रधानमंत्री ने इसे भारत का गौरवशाली सत्र बताया था। भारतीय सैनिकों का शौर्य, ऑपरेशन सिंदूर की सफलता, पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद के कारखानों पर निर्णायक प्रहार और सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) का स्थगन–ये सब भारत की दृढ़ इच्छाशक्ति के सबूत हैं और राष्ट्रीय मानस पर एक अमिट छाप छोड़ते हैं। फिर भी, सभी मुद्दों पर खुलकर चर्चा के लिए सरकार के राजी होने के बावजूद, विपक्ष ने बाधा डालने का रास्ता चुना और व्यापक जनहित की कीमत पर विचार-विमर्श को राजनीतिक नौटंकी में सीमित कर दिया।

देश अरसे से स्वार्थ को राष्ट्रीय हित से ऊपर रखने की कांग्रेस की पुरानी आदत का बोझ ढोता चला आ रहा है। विभाजन की दुखद विभीषिका से लेकर नेहरूवादी कूटनीति की महंगी पड़ने वाली विफलताओं तक, इतिहास गवाह है कि कैसे इन फैसलों ने भारत की मूल अवधारणा को ही कमजोर कर दिया। सिंधु जल संधि (1960) पर बारीकी से गौर करने पर, जनता और देश के विकास की कीमत पर तुष्टिकरण व अति-उदारता की एक ऐसी कहानी सामने आती है, जिसने राष्ट्रीय विकास की संभावनाओं को निरंतर बाधित किया। यह घोर विडंबनापूर्ण है कि भारत के विकास से जुड़े हितों का त्याग एक ऐसे राजनीतिक आकलन से प्रेरित थे जिसने अपने नागरिकों के कल्याण से ऊपर पाकिस्तान के हितों को तरजीह दी।

मूल रूप से, विश्व बैंक की मध्यस्थता से हुई सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी), सिंधु नदी प्रणाली के जल का आवंटन पाकिस्तान के पक्ष में (80÷20) करती है। सिंधु नदी प्रणाली का उद्गम मुख्य रूप से भारत में है। इस संधि के तहत भारत को पश्चिमी में बहने वाली सिंधु, चिनाब और झेलम जैसी महत्वपूर्ण नदियों पर नियंत्रण छोड़ने के लिए बाध्य होना पड़ा, जिससे वैसे व्यापक जल संसाधन छिन गए जो पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और गुजरात के विशाल शुष्क एवं सूखाग्रस्त इलाकों का कायाकल्प कर सकते थे। यदि राष्ट्रीय हितों की रक्षा की जाती, तो सुव्यवस्थित जल अवसंरचना इस इलाके के संपूर्ण विकास की तस्वीर को बेहतर बना सकती थी।

हालांकि, इस महत्वपूर्ण त्याग से व्यापक कूटनीतिक लाभ मिलने की उम्मीदें भ्रामक साबित हुईं। इस संधि के प्रक्रियात्मक संचालन ने चिंताओं को और बढ़ा दिया। इस संधि पर 19 सितंबर 1960 को हस्ताक्षर किए गए थे। लेकिन इसे दो महीने बाद, नवंबर में, संसद के समक्ष रखा गया और वह भी मात्र दो घंटे की औपचारिक चर्चा के लिए। जैसे ही इस संधि से जुड़े तथ्य सामने आए, इसके विभिन्न पहलुओं की पड़ताल के बाद प्रमुख समाचार पत्रों में छपी प्रतिकूल टिप्पणियां सुर्खियों में छायी रहीं। इतने महत्वपूर्ण समझौते के प्रति संसदीय स्तर पर बरते गए इस जल्दबाजी भरे व्यवहार ने लोकतांत्रिक निगरानी, पारदर्शिता और तत्कालीन नेतृत्व की दुर्भावनापूर्ण मंशा पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए।

इस सीमित संसदीय पड़ताल के बावजूद, सिंधु जल संधि को भारतीय संसद में भारी विरोध का सामना करना पड़ा। पूर्व प्रधानमंत्री श्री अटल बिहारी वाजपेयी, जो उस समय एक युवा सांसद थे, ने चेताते हुए कहा था कि प्रधानमंत्री नेहरू का यह तर्क बुनियादी रूप से त्रुटिपूर्ण है कि पाकिस्तान की अनुचित मांगों के आगे झुकने से मित्रता और सद्भावना स्थापित होगी।

संसद में 30 नवंबर 1960 को हुई बहस से पता चलता है कि सभी दलों ने इस संधि की आलोचना की थी। अधिकांश सदस्यों ने सरकार की आलोचना की थी और उस पर पाकिस्तान के सामने झुकने तथा भारतीय हितों को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया था। राजस्थान से कांग्रेस सांसद श्री हरीश चंद्र माथुर, अशोक मेहता, ए.सी. गुहा, कम्युनिस्ट पार्टी के सांसद केटीके तंगमणि, सरदार इकबाल सिंह, बृजराज सिंह ने इस जल कूटनीति को लेकर स्पष्ट रूप से चिंताएं जाहिर की थी और इसके विफल होने से जुड़े नतीजों के बारे में अंदेशा जताया था। कुल मिलाकर, इस संधि को ÷एकतरफा, न कि लेन-देन पर आधारित÷ कहा जा सकता है।

इस संदर्भ में, यह विडंबना ही थी कि लोकसभा में अपने उत्तर के दौरान प्रधानमंत्री नेहरू ने माननीय सांसदों की बुद्धिमत्ता पर सवाल उठाए और उन्हें कमतर भी आंका। उन्होंने अपने जवाब में कहा कि संसदों द्वारा की गई आलोचना तथ्य और निहित विचारों से अनजान रहने पर आधारित है। उन्होंने (नेहरू) आगे कहा, ÷मुझे इस बात का दुख है कि इतने महत्वपूर्ण मामले को... एक ऐसा मामला जो न केवल वर्तमान बल्कि भविष्य से भी जुड़ा है... इतने हल्के में और इतनी लापरवाही एवं संकीर्ण सोच के साथ लिया जा रहा है।÷

इस संधि ने भारत के हितों को कुंद कर दिया और यह पाकिस्तान के लिए एक निर्णायक उपलब्धि साबित हुआ। अयूब खान ने एक सार्वजनिक प्रसारण में स्वीकार किया था कि इस संधि की वैधता और गुण-दोष पाकिस्तान के विरुद्ध थे, लेकिन इस मामले में नेहरू की कूटनीतिक विफलता ने पाकिस्तान को बढ़त दिला दी। 4 सितंबर 1960 को रावलपिंडी में अपने प्रसारण में, अयूब खान ने कहा था, ÷अब जो समाधान हमें मिला है, वह आदर्श नहीं है... लेकिन यह सबसे अच्छा समाधान है जो हमें इन परिस्थितियों में मिल सकता था, इनमें से कई बिंदु, चाहे उनके गुण-दोष और वैधता कुछ भी हों, हमारे खिलाफ हैं।÷ ये खुलासे आज भी राष्ट्रीय हित को गौण रखने के पीछे के मकसद पर सवाल खड़े करते हैं।

जैसा कि निरंजन डी. गुलाटी ने अपनी किताब ÷इंडस वाटर ट्रीटी÷ एन एक्सरसाइज इन इंटरनेशनल मीडिएशन÷ में लिखा है, 28 फरवरी 1961 को खुद प्रधानमंत्री नेहरू ने इस निराशा को स्वीकार करते हुए कहा था÷ ÷मुझे उम्मीद थी कि यह समझौता अन्य समस्याओं के समाधान का रास्ता खोलेगा, लेकिन हम वहीं खड़े हैं जहां पहले थे।÷ इस संधि के बाद के घटनाक्रम में आया तीखा अंतर इस समझौते की असमानता को और भी गहराई से रेखांकित करता है। नेहरू की ढिलाई और राष्ट्रीय हित को दरकिनार करने की प्रवृत्ति समय के साथ भारी पड़ती गई। फरवरी 1962 में, 'वाशिंगटन पोस्ट' को दिए एक साक्षात्कार में, प्रधानमंत्री नेहरू ने सिंधु जल संधि पर हस्ताक्षर को ÷आगे की दिशा में एक बड़ा कदम और वास्तव में यह समझौता (कश्मीर के) क्षेत्रीय मुद्दों से कहीं अधिक महत्वपूर्ण...÷ बताया।

स्पष्ट चेतावनियों के बावजूद, शांति और अंतरराष्ट्रीय स्वीकृति की चाहत में कांग्रेस नेतृत्व ने भारत की दीर्घकालिक जल सुरक्षा एवं समृद्धि के बजाय कूटनीतिक सुविधावाद को चुना। तुष्टिकरण की यह नीति कई मोर्चों पर राष्ट्रीय प्रगति के लिए हानिकारक साबित हुई। इस संधि से अपेक्षित मनोवैज्ञानिक व भावनात्मक लाभ कभी भी साकार नहीं हुए। इसके उलट, यह युद्धों और निरंतर सीमा-पार तनावों के रूप में दुर्भाग्य लेकर आई। जल-बंटवारे की इस सख्त व्यवस्था ने सूखे से लड़ने, सिंचाई व्यवस्था का विस्तार करने और संवेदनशील इलाकों में कृषि को मजबूत करने हेतु अपने प्राकृतिक संसाधनों का दोहन करने की भारत की क्षमता को सीमित कर दिया। सत्ता-लोलुप शासकों ने आत्मनिर्भरता सुनिश्चित करने के प्रति कोई जिम्मेदारी महसूस नहीं की, जिससे भारत कमजोर हो गया। वास्तव में, यह संधि भारत के लिए जल कूटनीति की विफलता और पाकिस्तान के लिए एक राजनीतिक विजय थी।

अब, मोदी सरकार इस ऐतिहासिक भूल को सुधारने की दिशा में एक और निर्णायक एवं साहसिक कदम उठा रही है। भारत ने अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत अपने संप्रभु अधिकारों का प्रयोग करते हुए, सिंधु जल संधि (आईडब्ल्यूटी) को तब तक के लिए स्थगित कर दिया है जब तक कि पाकिस्तान विश्वसनीय और अंतिम रूप से सीमा पार आतंकवाद को अपना समर्थन देना छोड़ नहीं देता। प्रधानमंत्री मोदी जी का स्पष्ट आह्वान राष्ट्रीय हितों को कमजोर करने वालों के लिए एक कड़ी चेतावनी है÷ ÷आतंकवाद और बातचीत साथ-साथ नहीं चल सकते; पानी और खून साथ-साथ नहीं बह सकते।÷ यह कदम पिछली नीतियों से अलग हटकर एक साहसिक और ऐतिहासिक बदलाव का प्रतीक है। यह केवल एक कूटनीतिक पुनर्संतुलन भर नहीं है, बल्कि अपने संसाधनों और किसानों के हितों एवं संबंधित हितधारकों की आजीविका के अवसरों की रक्षा करने के भारत के संप्रभु अधिकार का एक दृढ़ रणनीतिक दावा है - जो पाकिस्तान की ओर से आने वाले लगातार सीमा पार खतरों के सामने ÷राष्ट्र प्रथम÷ के सिद्धांत को सर्वोपरि रखता है।

सिंधु जल संधि का स्थगन कूटनीति से कहीं आगे जाता है–यह विकासशील भारतञ्च2047 के लक्ष्य को साकार करने के भारत के संकल्प को दर्शाता है। अपने जल संसाधनों पर नियंत्रण फिर से हासिल करके, भारत जलवायु के अनुकूल बुनियादी ढांचे का निर्माण कर सकता है, सिंचाई व्यवस्था को मजबूत कर सकता है और औद्योगिक विकास को बढ़ावा दे सकता है–जोकि एक विकसित राष्ट्र बनने की कुंजी है। यह निर्णय पुराने समझौतों द्वारा थोपी गई सहमतियों का अंत करता है और जल संप्रभुता को प्रगति की बुनियाद के रूप में स्थापित करता है। यह एक ऐसा साहसिक कदम है, जो आत्मनिर्भरता, स्थिरता और समावेशी विकास के मिशन के साथ गहराई से जुड़ा है।

**(लेखक केंद्रीय विधि एवं न्याय राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तथा संसदीय कार्य राज्यमंत्री, भारत सरकार**

अध्यात्म

## भगवान मेहनत और विश्वास करने वालों को हमेशा और देता है

एक छोटे से गाँव में एक गरीब किसान, जिसका नाम था रामदास, अपनी पत्नी और दो छोटे बच्चों के साथ रहता था। रामदास दिन-रात खेतों में मेहनत करता, लेकिन सूखे और गरीबी की वजह से घर में हमेशा तंगी रहती। उसकी पत्नी लक्ष्मी से बोली, जी, हम कितनी मेहनत करते हैं, लेकिन भगवान कभी कुछ नहीं देता। क्या हमारी किस्मत हमेशा ऐसी ही रहेगी? रामदास ने हँसकर कहा, नहीं लक्ष्मी, भगवान देता है, लेकिन शायद हमें और मेहनत करनी होगी। चलो, आज दीपावली है, देवी लक्ष्मी की पूजा करें। रामदास और उसकी पत्नी ने सादगी से लक्ष्मी पूजा की। उन्होंने घर साफ किया, दीप जलाए और मन से प्रार्थना की, हे माँ लक्ष्मी, हम मेहनत करते हैं, लेकिन हमारे घर में समृद्धि का आशीर्वाद दो। पूजा के बाद रामदास सोचने लगा, भगवान देगा, लेकिन हमें इंतजार नहीं करना चाहिए। कल से और मेहनत करूँगा। अगले दिन रामदास ने अपने खेत में नई फसल बोने का फैसला किया। उसने गाँव के बुजुर्ग से कहा, चाचा, मुझे लगता है कि मेहनत से भगवान और देगा। बुजुर्ग ने मुस्कुराकर कहा, बेटा, सही सोचते हो। लक्ष्मी उसी पर कृपा करती है जो मेहनत करता है। दिन बीतते गए। रामदास ने खेतों में पानी की व्यवस्था की, नए बीज बोए और रात-दिन देखभाल की। उसकी पत्नी ने घर में छोटा-मोटा काम शुरू किया, जैसे सब्जियाँ बेचना। बच्चे भी पढ़ाई के साथ घर की मदद करने लगे। एक दिन बारिश हुई, और फसल लहलहाने लगी। रामदास ने खुशी से कहा, देखो लक्ष्मी, भगवान ने दे दिया! लेकिन फसल अच्छी होने से पैसा आया, और रामदास ने सोचा, यह तो शुरुआत है, और मेहनत करूँगा तो भगवान और देगा। कुछ महीनों बाद, गाँव में एक व्यापारी आया और रामदास की फसल देखकर बोला, भाई, तुम्हारी फसल सबसे अच्छी है। मैं इसे अच्छे दाम में खरीदूँगा। रामदास ने पैसे से घर बनवाया, बच्चों को अच्छी शिक्षा दी और गाँव में मदद करने लगा। उसकी पत्नी बोली, जी, तुम सही थे। मेहनत से भगवान ने और दे दिया। रामदास ने मुस्कुराकर कहा, हाँ, लेकिन याद रखो, लक्ष्मी की कृपा मेहनत पर ही होती है। एक दिन रामदास को सपना आया, जिसमें देवी लक्ष्मी बोलीं, रामदास, तुम्हारी मेहनत और विश्वास से मैं खुश हूँ। मैं तुम्हें और देती हूँ, लेकिन इसे जरूरतमंदों के साथ बाँटना। जागते ही रामदास ने गाँव में एक छोटा स्कूल खोला, जहां गरीब बच्चे पढ़ने लगे। गाँव वाले बोले, रामदास भाई, तुम्हारे जैसे लोग विरले हैं। भगवान ने तुम्हें और दे दिया! रामदास ने कहा, यह सब मेहनत और भक्ति का फल है। गाँव में खुशहाली फैल गई, और रामदास का परिवार सुखी जीवन जीने लगा। उसके बच्चे बड़े होकर डॉक्टर और इंजीनियर बने, और वे भी कहते, पिताजी, भगवान ने हमें और दे दिया, क्योंकि आपने सिखाया मेहनत करना।

# कृषि व्यापार : अवसर, जोखिम और संतुलन की चुनौती

**ऐसा नहीं है कि भारत-अमेरिका कृषि व्यापार होने पर केवल नुकसान ही है। यदि दोनों देशों में समझौता हो जाता है तो इसके अनेक संभावित फायदे भी हैं। इसके फलस्वरूप निर्यात अवसरों में वृद्धि होगी, अमेरिका में भारतीय चाय, मसाले, समुद्री उत्पाद और ऑर्गेनिक फूड की माँग बढ़ सकती है। तकनीकी सहयोग बढेगा और आधुनिक मशीनरी, सिंचाई तकनीक, ड्रोन और सटीक कृषि पद्धतियों तक भारत की पहुँच मजबूत होगी। कोल्ड स्टोरेज, प्रोसेसिंग और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में अमेरिकी निवेश से ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार सृजन होगा। भारतीय नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण व पोषक तत्वों से भरपूर कृषि उत्पाद उपलब्ध होंगे, उच्च मूल्य वाली एवं निर्यातोन्मुख फसलों की खेती को नया प्रोत्साहन मिलेगा, और अमेरिकी मानकों के अनुरूप उत्पादन से वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भारत को निर्णायक बढ़त हासिल होने की प्रबल संभावना बनेगी।**

**अरूण कुमार डनायक**

भारत और अमेरिका के बीच व्यापारिक संबंध लगातार व्यापक होने की संभावनाओं के बीच कृषि क्षेत्र इस साझेदारी का सबसे संवेदनशील और विवादास्पद हिस्सा बना हुआ है। अमेरिका लंबे समय से भारतीय कृषि बाजार में प्रवेश का दबाव बना रहा है, लेकिन भारत ने राजनीतिक, आर्थिक और सामाजिक कारणों से अब तक इसे बड़े पैमाने पर विदेशी आयात से सुरक्षित रखा है। छोटे और सीमांत किसान, पारंपरिक पारिवारिक खेती के साथ, भारतीय कृषि की रीढ़ हैं।

भारत के कृषि क्षेत्र का महत्व केवल आर्थिक नहीं हैं, बल्कि यह 70 करोड़ से अधिक भारतीय नागरिकों के लिए आजीविका की वास्तविकताओं, अनिश्चितताओं के दौर में एक सहारा होने के साथ साथ घरेलू राजनीतिक प्राथमिकताओं से भी जुड़ा हैं। भारतीय अर्थव्यवस्था की आधारस्तंभ कृषि हिस्सेदारी (2022-23) में सकल मूल्य वर्धन का 18.4 प्रतिशत है। यही कारण है कि राजनीतिक दृष्टि से संवेदनशील इस क्षेत्र में समझौते की बहुत कम गुंजाइश रहती है।

वर्ष 2024 में भारत ने अमेरिका से 1.6 अरब डॉलर के कृषि उत्पाद बादाम, पिस्ता, एथेनॉल, मक्का, कुछ प्रसंस्कृत खाद्य पदार्थ, अन्य पशु आहार सामग्री आदि आयात किए। इसी कालावधि में भारत ने अमेरिका को 45.7 अरब डॉलर मूल्य के कृषि उत्पाद जैसे चाय, कॉफी और मसाले, बासमती चावल, प्रसंस्कृत फल-सब्जियाँ, ऑर्गेनिक तथा समुद्री खाद्य उत्पाद, तिलहन और दलहन निर्यात किये। कृषि क्षेत्र में भारत का व्यापार संतुलन अधिशेष में है।

डोनाल्ड ट्रम्प के दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद भारत सहित अनेक विकासशील देशों के प्रति अमेरिका का दृष्टिकोण बदला है और वह तरह तरह के आर्थिक दबाव इन देशों पर डाल रहा है। राष्ट्रपति ट्रम्प का कहना है कि भारत के कृषि आयात पर औसत शुल्क 39 प्रतिशत है, जबकि अमेरिका में यह औसतन 5 प्रतिशत है। अमेरिका का तर्क है कि इन ऊँचे शुल्क और गैर-शुल्क बाधाओं (जैसे स्वच्छता व पौध-स्वास्थ्य मानक) से अमेरिकी उत्पादों को अनुचित रूप से रोका जाता है।

भारत ने आरंभ से ही अमेरिकी प्रशासन के साथ कूटनीतिक स्तर पर संवाद को प्राथमिकता दी और उसके आरोपों का संयमित व संतुलित उत्तर दिया। किंतु जब कृषि क्षेत्र से जुड़े मुद्दों पर वार्ता का गतिरोध समाप्त नहीं हो सका, तब घरेलू राजनीतिक परिस्थितियों और नीतिगत सिद्धांतों के मद्देनज़र भारत ने स्पष्ट कर दिया कि अपने कृषि क्षेत्र की सुरक्षा एक ऐसा राष्ट्रीय संकल्प है, जिस पर कोई समझौता संभव नहीं।

भारत का मानना है कि कृषि क्षेत्र खाद्य सुरक्षा और ग्रामीण रोजगार के लिए अत्यंत संवेदनशील है, इसलिए इसे विदेशी आयात से सुरक्षा मिलनी चाहिए। अमेरिका जैसे देशों की कृषि भारी सब्सिडी पर आधारित है–जिससे उनका उत्पादन लागत कृत्रिम रूप से कम होता है और वे सस्ते में



निर्यात कर सकते हैं। भारत के विश्व व्यापार संगठन दायित्व उसे संवेदनशील क्षेत्रों में संरक्षण की अनुमति देते हैं, भारत अचानक आयात बढ़ने या कीमत गिरने पर शुल्क बढ़ा सकता है और भारत मौजूदा शुल्क इन्हीं सीमाओं के भीतर रखता है। इस समझौते के हो जाने के अनेक संभावित नुकसान हैं। भारत सरकार के नीति निर्माताओं का सोचना है कि अमेरिका के दबाव के चलते भारत सरकार को न्यूनतम समर्थन मूल्य, अनुदान और सार्वजनिक वितरण प्रणाली जैसे नीतिगत मामलों में कठोर व अलोकप्रिय फैसले लेने पड़ सकते हैं। कृषि विशेषज्ञों व किसान नेताओं का मानना है कि सस्ते अमेरिकी आयात घरेलू बाजार में दाम गिरा सकते हैं। किसानों की आय में कमी के कारण छोटे और सीमांत किसान सबसे अधिक प्रभावित होंगे। बहुराष्ट्रीय कंपनियों का दबदबा बढ़ने से स्थानीय व्यापारी और किसान बाजार से बाहर हो सकते हैं। इन प्रत्यक्ष प्रभावों के अलावा गैर-शुल्क बाधाएँ और उनके व्यापक प्रतिकूल असर से भी इनकार नहीं किया जा सकता है। यह भावना सभी राजनीतिक दलों में समान रूप से गहराई से व्याप्त है, जिसके कारण किसी भी सरकार के लिए अपने रुख में बड़ा बदलाव करना राजनीतिक रूप से अत्यंत जोखिमपूर्ण और महंगा साबित हो सकता है।

ऐसा नहीं है कि भारत-अमेरिका कृषि व्यापार होने पर केवल नुकसान ही है। यदि दोनों देशों में समझौता हो जाता है तो इसके अनेक संभावित फायदे भी हैं। इसके फलस्वरूप निर्यात अवसरों में वृद्धि होगी, अमेरिका में भारतीय चाय, मसाले, समुद्री उत्पाद और ऑर्गेनिक फूड की माँग बढ़ सकती है। तकनीकी सहयोग बढेगा और आधुनिक मशीनरी, सिंचाई तकनीक, ड्रोन और सटीक कृषि पद्धतियों तक भारत की पहुँच मजबूत होगी। कोल्ड स्टोरेज, प्रोसेसिंग और लॉजिस्टिक्स क्षेत्र में अमेरिकी निवेश से ग्रामीण क्षेत्र में रोजगार सृजन होगा। भारतीय नागरिकों को गुणवत्तापूर्ण व पोषक तत्वों से भरपूर कृषि उत्पाद उपलब्ध होंगे, उच्च मूल्य वाली एवं निर्यातोन्मुख फसलों की खेती को नया प्रोत्साहन मिलेगा, और अमेरिकी मानकों के अनुरूप उत्पादन से वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भारत को निर्णायक बढ़त हासिल होने की प्रबल संभावना बनेगी। हरित क्रांति के दौर में इंदिरा गांधी के दूरदर्शी निर्णय, कृषि मंत्री सी. सुब्रामनियम का सतत कार्यकाल और स्वामीनाथन जैसे प्रख्यात कृषि वैज्ञानिकों की सूझबूझ भरी सलाह के आधार पर अमेरिका के साथ हुई वार्ताएं, आज के भारत-अमेरिका कृषि व्यापार गतिरोध को समझने और सुलझाने के लिए ऐतिहासिक संदर्भ के साथ आंशिक मार्गदर्शन प्रदान कर सकती हैं। तब सरकार ने अमेरिकी शर्तें स्वीकार तो कीं, किंतु अंतिम लक्ष्य कृषि आत्मनिर्भरता को ही बनाया। इसी संकल्प का परिणाम था हरित क्रांति, जिसने गेहूं और चावल की उत्पादकता में अभूतपूर्व वृद्धि की और देश को खाद्यान्न संकट से उबार दिया। मोदी सरकार चाहे तो वाजपेयी सरकार की पूंजी निवेश सह अनुदान आधारित ग्रामीण भंडार योजना, मनमोहन सरकार की कृषि ऋण विस्तार व ऋण माफी नीतियों और राष्ट्रीयकृत बैंकों के कृषि निवेश ऋण में योगदान जैसे उपायों से प्रेरणा लेकर कृषि सुधार कर सकती है। भारत और अमेरिका के कृषि समझौते में आर्थिक अवसर और तकनीकी सहयोग हैं, पर बड़े जोखिम भी जुड़े हैं। भारत को किसानों की आय और खाद्य सुरक्षा का संरक्षण करते हुए अमेरिकी सब्सिडी वाले उत्पादों के मुकाबले घरेलू किसानों को सुरक्षा देनी होगी। विदेश व्यापार बढ़े, साथ ही घरेलू कीमतें स्थिर रहें। भारत सरकार को इस संतुलन को सावधानी से बनाए रखने की कोशिश करना चाहिए, क्योंकि दीर्घकालिक रूप में विवेकपूर्ण नीति ही वैश्विक प्रतिस्पर्धा और ग्रामीण स्थिरता दोनों सुनिश्चित कर सकती है।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**

कार्यक्षेत्र में अधिकारियों से मतभिन्नता उभर सकती है। दवाइयों का प्रयोग सावधानी पूर्वक करें। व्यवसाय में अपेक्षित परिणाम नहीं मिलेंगे।

**वृषभ**

आज आपके सभी काम सफल होंगे। जीवनसाथी आपको अच्छा उपहार दे सकते हैं। प्राइवेट नौकरी कर रहे लोगों को पदोन्नति मिल सकती है।

**मिथुन**

क्रोध के कारण आपके काम बिगड़ सकते हैं। नजदीकी सम्बन्धों में सम्वादहीनता उत्पन्न हो सकती है। जीवनसाथी की बातों को महत्व दें।

**कर्क**

किसी मांगलिक कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। मनोरञ्जन के संसाधनों पर धन खर्च कर सकते हैं। आर्थिक मामलों को लेकर भाग्यशाली रहेंगे।

**सिंह**

कार्यक्षेत्र में आपकी योग्यता की प्रशंसा होगी। किसी शुभ कार्य को लेकर मन में शंका उत्पन्न हो सकती है। आप दूसरों की सहायता को लेकर तत्पर रहेंगे।

**कन्या**

विदेश में व्यापार करने के अवसर मिलेंगे। बड़े व्यापारिक अनुबन्ध मिल सकते हैं। परिजनों के साथ किसी गम्भीर मुद्दे पर चर्चा कर सकते हैं।

**तुला**

गलत लोगों की सलाह के कारण व्यवसाय में नुकसान हो सकता है। अपनी पुरानी गलतियों को स्वीकारें व उन्हें दूर करने का प्रयास करें।

**वृश्चिक**

नयी जॉब की शुरुआत कर सकते हैं। घर में हास्य व मनोरञ्जन का वातावरण रहेगा। जीवनसाथी के साथ पर्यटन पर जाने के लिये दिन उत्तम है।

**धनु**

आज दूसरों के मामलों में हस्तक्षेप न करें। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। परिवार में किसी बात को लेकर मतभेद हो सकते हैं। जहाँ आवश्यक न हो वहाँ बोलने से बचें।

**मकर**

व्यवसाय की किसी तकनीकी त्रुटि के दूर होने से राहत मिलेगी। उच्च शिक्षा में उत्तम परिणाम प्राप्त होंगे। मित्रों के साथ आप अच्छा समय बितायेंगे। धार्मिक क्रियाओं में मन लगेगा।

**कुंभ**

अव्यावहारिक निर्णय लेने से नुकसान होगा। बहुप्रतीक्षित कार्यो में कुछ विलम्ब हो सकता है। धन उधार देने से बचें। आपकी कोई मनोकामना पूर्ण हो सकती है।

**मीन**

आज का दिन अत्यन्त शुभ रहने वाला है। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन कर सकते हैं। व्यापारिक योजनाओं में सफलता मिलेगी।

# एशिया के सबसे बड़े पुल का पीएम ने किया उद्घाटन

## बेगूसराय में सिमरिय पुल पर यातायात शुरू



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बेगूसराय।** शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा एशिया के सबसे बड़े एवं पहले औंटा सिमरिया सिक्स लेन पुल का लोकार्पण किया गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी हेलीपैड से सड़क मार्ग द्वारा औंटा-सिमरिया सिक्स लेन पुल तक पहुँचे और पुल का निरीक्षण किया। इस अवसर पर बिहार के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री, बिहार सम्राट चौधरी, उपमुख्यमंत्री, बिहार विजय सिन्हा, केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। प्रधानमंत्री को देखने के लिए भारी संख्या में जनसमूह उपस्थित था। प्रधानमंत्री जी के स्वागत में सिमरिया धाम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने गमछा लहराकर उपस्थित जनता का अभिवादन स्वीकार किया। प्रधानमंत्री की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर जिला प्रशासन द्वारा व्यापक एवं पुख्ता प्रबंध किए गए थे। विभिन्न स्थानों पर बैरिकेटिंग की गई तथा मजिस्ट्रेटों के साथ पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की गई थी। जिला प्रशासन द्वारा उद्घाटन स्थल पर शंख ध्वनि एवं मंत्रोचार, सिमरिया धाम घाट-बिहार गीत, झिझिया, कमला गीत, ढाक, मानर, मोर मयूर नृत्य की प्रस्तुति की गई थी। साथ ही सिमरिया धाम कल्पवास क्षेत्र में छठ गीत, झिझिया, गोलंबर त्रिमुहानी-सात शहीद, छठ एवं सीताराम विवाह झांकी गीत की प्रस्तुति की गई थी। औंटा-सिमरिया पुल लोकार्पण के पश्चात जिला पदाधिकारी, बेगूसराय तुषार सिंगला ने पत्रकारों को संबोधित किया। साथ ही कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए सभी प्रशासनिक पदाधिकारियों तथा आमजन का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम समाप्ति के उपरांत जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को लोगो को क्रमबद्ध तरीके से अपने गंतव्य की ओर भेजने का निर्देश दिया, ताकि लोगों को जाम की स्थिति का सामना नहीं करना पड़े।

# सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाले छात्रों को मिला पुरस्कार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के मध्य विद्यालय दोसमा में शुक्रवार को जुलाई माह में सर्वश्रेष्ठ उपस्थिति दर्ज कराने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाध्यापक वसीम अख्तर ने की। यह मासिक पुरस्कार समारोह इंटीग्रेटेड डेवलपमेंट फाउंडेशन संस्था एवं एचजीजी फाउंडेशन द्वारा पाठशाला परियोजना के अंतर्गत आयोजित किया गया। कक्षा प्रथम से अष्टम तक के उन छात्रों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने जुलाई माह में सर्वाधिक उपस्थिति दर्ज की। उन्हें उपहार प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर पर फील्ड ऑफिसर संजीत कुमार, सुभाष चंद्र बोस और भूपेंद्र कुमार ने संयुक्त रूप से कहा कि ल्लपुरस्कार मिलने से छात्रों में पढ़ाई के प्रति उत्साह और रुचि बढ़ेगी। इसी उद्देश्य से संस्था ने यह पहल की है। प्रधानाध्यापक वसीम अख्तर ने भी संस्था को बधाई देते हुए कहा कि ऐसी पहल से विद्यालयी शिक्षा की गुणवत्ता और बेहतर होगी। उन्होंने संस्था के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में विद्यालय के शिक्षक अरविंद कुमार सिंह, आलोक कुमार, मनीष कुमार, अनिल कुमार, रुद्रेश कुमार, आदेश कुमार, विपिन कुमार, विवेक यादव, मंजू कुमारी और आशा सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे।

## कस्तूरबा आवासीय विद्यालय की तीन छात्राएं बीमार

**बाढ़।** सक्सोहरा बाजार स्थित महंत रामनारायण पूरी 10+2 उच्च विद्यालय के कस्तूरबा आवासीय विद्यालय में दो दिनों के भीतर तीन छात्र गंभीर रूप से बीमार होकर अस्पताल पहुंची। बुधवार के दिन नवमी क्लास की दो छात्रा संजना कुमारी और निशा कुमारी भोजन के बाद बीमार हो गई। वहीं गुरुवार की सुबह सपना कुमारी 12वीं की छात्रा भी बीमार हो गई जिसे स्कूल प्रबंधन के द्वारा बाढ़ के अनुमंडल अस्पताल में भर्ती किया गया। इलाज करने वाले चिकित्स डॉ विनय कुमार चौधरी ने बताया कि फूड पॉइजनिंग के चलते हालत बिगड़ी है।

## एक नजर

### नशेड़ी गिरफ्तार

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** थाने के पुलिस ने एक नशेड़ी को हंगामा करते गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष राजीव कुमार रंजन ने बताया कि नावकोठी वार्ड 12 में शराब पीकर हंगामा करते सुजीत यादव को गिरफ्तार किया गया। सुजीत यादव शराब पीकर स्थानीय लोगों को तंग तबाह कर रहा था। स्थानीय ग्रामीण ने मोबाइल पर हंगामा करने की सूचना दी थी। सब इंस्पेक्टर अनिल कुमार सिंह एवं सशस्त्र बल के जवान इस गिरफ्तारी में शामिल थे।

### प्रखंड प्रमुख ने बचाई अपनी कुर्सी

**बखरी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड प्रमुख शिवचंद्र पासवान के खिलाफ 24 जुलाई 2025 को आठ पंचायत समिति ने अविश्वास प्रस्ताव लगाए थे। शुक्रवार को पुनः प्रखंड प्रमुख शिवचंद्र पासवान को सत प्रतिशत मत मिला और शिवचंद्र पासवान फिर से प्रखंड प्रमुख बने अर्थात अपने कुर्सी बचाने में सफल रहे। प्रखंड प्रमुख शिवचंद्र पासवान ने बताया कि हमसे कुछ भूल हुई थी जिसके वजह से कुछ पंचायत समिति सदस्य नाराज थे।जिसके वजह से अविश्वास प्रस्ताव प्रस्तुत किए गए थे। हम तमाम समितियां के साथ बैठक कर भरोसा दिलाया कि आने वाले कार्यकाल संतोषजनक होगी। सभी पंचायत समिति के सदस्यों ने मुझे फिर से अपना आशीर्वाद दिया और मुझे प्रखंड प्रमुख बनाया तथा सभी पंचायत समिति सदस्यों ने प्रमुख शिवचंद्र पासवान को रंग गुलाल व फूलों की माला पहनकर स्वागत किया। इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य व उप प्रमुख रूबी देवी कुशवाहा, पिंकी देवी, रीना देवी, रूकमणी देवी, नूतन देवी, मुकेश सदा, विद्यानंद ठाकुर, विवेकानंद सिंह, चंदन कुमार, हमीदा खातून के अलावा घाघड़ा पैक्स अध्यक्ष बलराम सिंह कुशवाहा के अलावा दर्जनों की संख्या में जनप्रतिनिधि व सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भूधारियों के बीच प्रपत्र का वितरण

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** अंचल के विभिन्न राजस्व ग्राम में राजस्व महाभियान के तहत भूधारियों के बीच प्रपत्र का वितरण शुक्रवार को किया गया। सीओ सूरज कुमार ने कहा कि गठित टीम के सदस्यों ने विष्णुपुर पंचायत के देवपुरा राजस्व ग्राम में 350 भूधारियो के बीच प्रपत्र का वितरण किया। उन्होंने कहा कि भूधारियो के भूमि में त्रुटि सुधार हेतु 20 सितम्बर तक राजस्व महाभियान चलेगा। इसमें परिमार्जन, खाता, खेसरा संधारण, मृत भूधारियो के नाम की जमीन को वंशावली के आधार पर नाम हस्तांतरण आदि कार्य संपादित होगा। मौके पर आरओ लवली कुमारी, राजस्व कर्मचारी सिया राम सहनी, अवधेश कुमार,नरेंद्र कुमार,अभिमन्यु कुमार, गोपाल कुमार, अंचल अमीन जूली कुमारी, पंचायत सचिव राम विनय सिंह, चंदन कुमार, विकास मित्र मुकेश कुमार, अर्जुन रजक, रानी, पूनम, विदुषी भारती, मधुमाला सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### आर्म्स एक्ट का फरार वारंटी गिरफ्तार

**मखदुमपुर (जहानाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जहानाबाद जिले के टेहटा थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर टेहटा बाजार से आर्म्स एक्ट का फरार चल रहा आरोपी को गिरफ्तार किया है। इस संबंध में जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष आलोक कुमार ने बताया कि गृजेश उर्फ भुलेटिन के विरुद्ध पूर्व में आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी, वहीं न्यायालय से इसके विरुद्ध वारंट निर्गत था जिसकी गिरफ्तारी गुप्त सूचना के आधार पर टेहटा बाजार से की गई है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति को जेल भेजा गया है।

### पार्क की लौटी रौनक

**जहानाबाद (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जहानाबाद जिला मुख्यालय के गांधी मैदान स्थित गांधी पार्क में एक बार फिर से रौनक लौट आई है। पार्क में लाइटिंग, झूला और सुंदर पौधों के साथ एक बार फिर नए स्वरूप में लोगों को आकर्षित कर रहा है। वन विभाग ने गांधी पार्क में आवश्यक मरम्मत और साफ- सफाई अभियान चलाकर इसे व्यवस्थित करने का काम किया है।बच्चों के मनोरंजन को ध्यान में रखते हुए झूले और खेलने की अन्य सामग्रियों की भी मरम्मत कर दी गई है। अब पार्क में बच्चों और आमजन के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार हो गया है। लंबे समय से पार्क की चहारदीवारी और ग्रिल जगह-जगह से टूटी हुई थीं, जिनकी अब मरम्मत करा दी गई है। इससे पार्क की सुरक्षा व्यवस्था मजबूत हुई है और बच्चों व बुजुर्गों को पार्क में आने-जाने में सुविधा होगी। पार्क का एक अहम आकर्षण बच्चों के खेलने के लिए लगाए गए झूले हैं।

# छह दिवसीय श्रीकृष्ण मेला संपन्न

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नावकोठी।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत श्री कृष्ण पूजा समिति पहसारा पश्चिम में हो रहे छह दिवसीय मेले का समापन गुरुवार को हो गया। श्री कृष्ण मेला पहसारा में मूर्ति का विधि विधान पूर्वक विसर्जन किया गया। गांव के सभी टोले व मुहल्ले भ्रमण करते हुए बूढ़ी गंडक नदी में मूर्ति विसर्जन किया गया। महिलाओं ने खोईछा भरकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान हाथी घोड़ा पालकी जय कन्हैया लाल की एव नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के उद्घोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। डीजे की भक्तिमय ध्वनि पर थिरकते बच्चे, महिलाओं की टोली व पुरुष श्रद्धालुओं की टीम विसर्जन स्थल पर जाकर श्री कृष्ण राधा, नंद, गोपिया की बनी मूर्तियों को बूढ़ी गंडक नदी में प्रवाहित किया। मूर्ति विसर्जन के समय श्रद्धालुओं की आंखें नम थी, लेकिन चेहरे पर अपने आराध्य देव के प्रति भक्ति का भाव दिख रहा था। प्रतिमा विसर्जन में मेला समिति अध्यक्ष वचन देव कुमार सिंह, प्रमुख प्रतिनिधि श्याम नंदन सिंह, मुखिया प्रतिनिधि रामनाथ उर्फ बुडुल सिंह, सरपंच प्रतिनिधि रामाशीष सिंह, पैक्स अध्यक्ष रणवीर कुमार, भाजपा युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष शिवम वत्स, जदयू प्रखंड अध्यक्ष मुकेश कुमार, लोजपा नेता घनश्याम सिंह, गोलू कुमार, मृत्युंजय कुमार, गोविंद जी अलबेला, अंकित कुमार,रवि, शुभम, शिवेश रंजन, सुनील, गोविंद झा, विनोद सिंह, बीकू सहित सैकड़ों की संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

# 'वोट चोर गद्दी छोड़' के नारे संग आरा में गूंजेगी लोकतंत्र की आवाज

## राहुल, तेजस्वी, दीपांकर और मुकेश सहनी का आरा में शक्ति प्रदर्शन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**आरा (भोजपुर)।** भोजपुर की धरती एक बार फिर ऐतिहासिक राजनीतिक समागम की गवाह बनेगी। आगामी 30 अगस्त 2025 को आरा के महाराजा कॉलेज खेल मैदान में विशाल वोटर अधिकार यात्रा सभा का आयोजन होने जा रहा है। इस सभा में देश और बिहार की सियासत की कई बड़ी हस्तियाँ शिरकत करेंगी। कार्यक्रम में देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, बिहार विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, भाकपा (माले) के महासचिव कॉमरेड दीपांकर भट्टाचार्य और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी शामिल होकर जनता को संबोधित करेंगे। युवा राजद नेता कुणाल किशोर ने कहा कि यह सभा सिर्फ़ एक राजनीतिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक अधिकारों और मतदाता जागरूकता की लड़ाई का प्रतीक होगी। उन्होंने बताया कि सभा का केंद्रीय नारा है कुणाल किशोर ने कहा कि आज लोकतंत्र पर हमला हो रहा है। मताधिकार को कमजोर करने की कोशिशें की जा रही हैं। ऐसे समय में हम सबको मिलकर यह संदेश देना होगा कि जनता ही असली ताक़त है। इस ऐतिहासिक सभा से एक नई ऊर्ज़ा और नया संकल्प पूरे प्रदेश में जाएगा। किशोर कुणाल ने अपील करते हुए कहा कि आप सभी अधिक से अधिक संख्या में इस सभा में शामिल हो।

# सरकारी विद्यालयों को मिले टैबलेट में तकनीकी खराबी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बाढ़।** शिक्षा विभाग द्वारा सरकारी विद्यालयों को उपलब्ध कराए गए टैबलेट में तकनीकी खराबी की शिकायतें सामने आई हैं। बाढ़ प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सुजीत कुमार सोनू ने इस खबर की पुष्टि करते हुए बताया कि कई विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों ने उन्हें सूचित किया है कि टैबलेट सही ढंग से काम नहीं कर रहे हैं। प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी के अनुसार विभाग की ओर से दिए गए निर्देशों का पालन टैबलेट के जरिए करना था, लेकिन तकनीकी गड़बड़ी के कारण शिक्षकों को कार्य निष्पादन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विदित हो कि हाल ही में बाढ़ प्रखंड के सरकारी विद्यालयों के प्रधान शिक्षकों को शिक्षा विभाग द्वारा टैबलेट उपलब्ध कराए गए थे। उद्देश्य था कि विद्यालय प्रबंधन, छात्र उपस्थिति और शिक्षण गतिविधियों में डिजिटल माध्यम से पारदर्शिता और गति लाई जा सके। बीईओ ने बताया कि खराब टैबलेट को लेकर विभाग को अवगत कराया जा रहा है।

# महिला चौपाल में सुनी गई समस्याएं

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**आरा।** भोजपुर जिले के बड़हरा प्रखंड के सेमरा बाजार पर समाजसेवी सोनाली सिंह के द्वारा महिला चौपाल का आयोजन किया गया। इस दौरान स्थानीय लोगों ने उनका भव्य स्वागत किया। महिला चौपाल में बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं और उन्होंने वोटर आईडी से नाम कटने, नली-गली की समस्या सहित कई मुद्दों को सोनाली सिंह के समक्ष रखा। उन्होने महिलाओं की बातों को गंभीरता से सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया। सोनाली सिंह ने कहा कि चूंकि यह इलाका बाढ़ प्रभावित क्षेत्र है, इसलिए प्राथमिकता बाढ़ पीड़ितों को राहत पहुंचाने की रही। अब जब पानी उतर चुका है और स्थिति सामान्य हो रही है तो महिलाओं के बीच जागरूकता अभियान को आगे बढ़ाया जा रहा है। बताया कि आगामी 30 अगस्त को वोटर अधिकार यात्रा के तहत देश के नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, बिहार के नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव, भाकपा माले के दीपांकर भट्टाचार्य और वीआईपी प्रमुख मुकेश साहनी भोजपुर आ रहे हैं। इसको लेकर उन्होंने महिलाओं से अपील की कि वे भारी संख्या में पहुंचकर अपने नेताओं की बात सुने। महिला चौपाल में कई महिलाओं ने बताया कि उनके परिवार के नाम वोटर लिस्ट से काट दिए गए हैं, जिससे वे परेशान हैं। सोनाली सिंह ने भरोसा दिलाया कि इस मुद्दे को भी प्रमुखता से उठाया जाएगा और प्रभावित लोगों की मदद की जाएगी।

# ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट स्थापित कर हरित परियोजना होगी विकसित : डा. आलोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**बेगूसराय।** इंडियन ऑयल के निदेशक डा. आलोक शर्मा दो दिवसीय दौरे पर बरौनी रिफाइनरी पहुंचे। उनके साथ कार्यकारी निदेशक (आरटी) आर के कौशिक सिंहा और अनुसंधान और विकास टीम भी थी। अतिथियों का स्वागत कार्यकारी निदेशक और रिफाइनरी प्रमुख सत्य प्रकाश ने संजय रायजादा, कार्यकारी निदेशक (परियोजना एवं कोर ग्रुप) और बरौनी रिफाइनरी की वरिष्ठ प्रबंधन टीम ने किया। निदेशक डा. शर्मा द्वारा सूर्य सरोवर निकट वृक्षारोपण भी रिफाइनरी प्रमुख सत्य प्रकाश, कार्यकारी निदेशक संजय रायजादा एवं कौशिक सिंहा, अनुसंधान और विकास टीम तथा अन्य वरिष्ठ प्रबंधन टीम की उपस्थिति में किया गया। रिफाइनरी प्रमुख सत्य प्रकाश ने निदेशक डा. शर्मा का अभिवादन करते हुए कहा कि अनुसंधान एवं विकास आज के शोधन परिदृश्य की जीवन रेखा है। जहां ऊर्जा परिवर्तन, पर्यावरण चेतना और उत्पाद रणनीति को पुनर्परिभाषित कर रहे हैं। निदेशक डा. शर्मा ने बरौनी रिफाइनरी के वरिष्ठ नेतृत्व के साथ समीक्षा बैठक को भी संबोधित किया। बैठक में रिफाइनरी के टेक्निकल परफर्मेंस पर एक विस्तृत प्रस्तुति शामिल थी। जिसके बाद नई तकनीकी प्रगति, अनुसंधान और भविष्य के नवाचारों पर चर्चा हुई।ड शर्मा ने ईंधन और पेट्रोकेमिकल के बीच संतुलन बनाए रखने के बारे में भी अपनी चिंता व्यक्त की। क्योंकि आज के परस्पर विरोधी वैश्विक परिदृश्य में ईंधन आपूर्ति में व्यवधान हो रहे हैं।ड आलोक ने इस बात पर जोर दिया कि अनुसंधान एवं विकास द्वारा विकसित पलीप्रोपाइलीन कैटेलिस्ट जैसी नई तकनीकें रिफाइनरियों के लिए बेहतर अनुप्रयोग कैसे प्रदर्शित कर सकती है। और सतत विमानन ईंधन (एसएएफ), कार्बन डाइअक्साइड से कार्बन मोनोअक्साइड निष्कर्षण, जैव-उपचार और जैव प्रौद्योगिकी, इथेनल संयंत्र विकास के क्षेत्र में नए नवाचारों के साथ-साथ इंडेन एक्स्ट्रेट) और प्रोपैनेट जैसे उत्पाद आने वाले दिनों में हमें लाभ की स्थिति में लाएंगे।उन्होंने यह भी बताया कि कैसे इंडियनअयल राष्ट्रीय हाइड्रोजन मिशन के तहत 10,000 टनध्वर्ष क्षमता का ग्रीन हाइड्रोजन प्लांट स्थापित करके हरित परियोजनाओं में योगदान दे रहा है।इस यात्रा ने मौजूदा तकनीकों की प्रयोज्यता, तकनीकी विकास के लिए भविष्य के नवाचार और तकनीकी प्रगति, और बरौनी रिफाइनरी के लिए परिचालन उत्ष्टता की रणनीतिक दिशा को सुदृढ़ किया, जो इंडियनअयल के ऊर्जा नेतृत्व के व्यापक दृष्टिकोण के अनुरूप है।

# बुनियाद केंद्र में दिव्यांगजन आपदा सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**जहानाबाद।** बुनियाद केंद्र में दिव्यांगजन आपदा सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में दिव्यांगजन और उनके परिजन शामिल हुए। कार्यक्रम का संचालन संबंधित अधिकारियों ने किया और दिव्यांगजनों से संवाद करते हुए आपदा की स्थिति में सुरक्षित रहने के उपायों की जानकारी दी।अधिकारियों ने बताया कि जहां सामान्य व्यक्ति आपदा के समय अपने बचाव के कई विकल्प निकाल सकते हैं, वहीं दिव्यांगजनों के लिए यह चुनौतीपूर्ण होता है। इसलिए ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रमों का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि दिव्यांगजन समय पर सही कदम उठाकर सुरक्षित रह सके। बुनियाद केंद्र की जिला प्रबंधक अनु कुमारी ने बताया कि इस तरह के शिविरों के माध्यम से दिव्यांगजनों तक आपदा सुरक्षा का संदेश पहुँचाना ही मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में प्रखंड स्तर पर भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ताकि अधिक से अधिक दिव्यांगजन इसका लाभ उठा सकें। अनु कुमारी ने यह भी बताया कि दिव्यांगजन अलग-अलग प्रकार के होते हैं–कुछ शारीरिक रूप से, कुछ मानसिक रूप से, कुछ देखने-सुनने में असमर्थ होते हैं, तो कुछ चलने-फिरने में अक्षम। ऐसे में हर प्रकार की जरूरत को ध्यान में रखते हुए बुनियाद केंद्र निरंतर सहयोग करता है। इस दौरान धनंजय कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि यदि किसी दिव्यांगजन को कोई समस्या हो तो वे सीधे बुनियाद केंद्र से संपर्क कर सकते हैं। यहाँ पर उन्हें आवश्यकतानुसार सहायक उपकरण जैसे–श्रवण यंत्र, ट्राईसाइकिल और अन्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई जाती हैं।कार्यक्रम में बुनियाद केंद्र के कर्मचारी विकास कुमार सहित अन्य कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

# सारण जिला में जेपी सेनानियों का सम्मेलन संपन्न

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**छपरा।** शहर के प्रभुनाथ नगर स्थित गुरुजी मार्केट के सभा भवन में शुक्रवार को जिले के जेपी सेनानियों का सम्मेलन संपन्न हुआ। सम्मेलन की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष सवलिया गिरी ने की। इस अवसर पर जिले के 85 जेपी सेनानियों ने भाग लिया। सम्मेलन में सभी जेपी सेनानियों ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रति आभार प्रकट किया। कहा कि मुख्यमंत्री ने ही डेढ़ दशक पूर्व जेपी सेनानी सम्मान पेंशन योजना की शुरुआत की थी। समय-समय पर पेंशन राशि में बढ़ोतरी भी किया। अब अगस्त 2025 से पुनः पेंशन राशि को दोगुना कर पेंशनधारियों के हक में बहुत बड़ा काम किया। सभी पेंशनधारी चूंकि उम्र के अंतिम पड़ाव पर हैं। इस पुनीत कार्य के लिए सभी ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को दिल से धन्यवाद दिया। सम्मेलन में निर्णय लिया गया कि जो वंचित सेनानी हैं। मीशा और डीआईआर में जेल गए थे उन्हें भी पेंशन दिया जाए। थाना चौक पर अगले वर्ष में जेपी की प्रतिमा लगाई जाएगी। केंद्र सरकार स्वतंत्रता सेनानी का दर्ज़ा प्रदान करें। वहीं ध्वनि मत से सबने हाथ उठाकर आगामी चुनाव में एनडीए को वोट करने का वचन लिया। मौके पर नागेश्वर सिंह, राजनंदन पांडेय, रामजी तिवारी, भारत सिंह, रामनंदन सिंह, कन्हैया सिंह तूफानी, तेजनारायण सिंह, गामो राय, सरिनारायण सिंह, अरुण मिश्र, रामेश्वर सिंह, वितेंद्र सिंह, मनधाता सिंह, चंदेश्वर भारती आदि मौजूद रहे।


बिहार सरकार

**कार्यालय जिला पदाधिकारी एवं समाहर्त्ता, औरंगाबाद**

**(जिला शस्त्र शाखा)**

**औरंगाबाद जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों हेतु महत्वपूर्ण सूचना**

**प्रेस विज्ञप्ति**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आगामी सत्र 2024–25 में शस्त्रों एवं कारतूसों का वार्षिक सत्यापन कराने हेतु औरंगाबाद जिला अंतर्गत सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी अपने शस्त्रों एवं कारतूसों की भौतिक सत्यापन (छोटे अग्नेयास्त्रों यथा पिस्टल/रिवॉल्वर को छोडकर ) स्थानीय थाना में दिनांक–21.06.2025 से 05.07.2025 तक सत्यापन कार्यक्रम निर्धारित किया गया था, शस्त्र सत्यापन से संबंधित सत्यापन कार्यक्रम इस कार्यालय के ज्ञापांक–959/श0, दिनांक– 04.04.2025 द्वारा निर्गत किया गया है।

इस जिला अंतर्गत लाईसेंसी शस्त्रों का शत–प्रतिशत सत्यापन कराने के उदेश्य से दिनांक–25.08.2025 से दिनांक–08.09.2025 तक निर्धारित किया जाता है।

शस्त्र सत्यापन हेतु इस कार्यालय के ज्ञापांक–959/श0, दिनांक–04.04.2025 द्वारा निर्गत आदेश के अनुसार प्रतिनियुक्त दण्डाधिकारी संबंधित थानाध्यक्ष से समन्वय स्थापित कर अपने आवंटित क्षेत्रान्तर्गत सभी छुटे हुए लाईसेंसी शस्त्रों का सत्यापन कराना सुनिश्चित करेंगे। शेष आदेश इस कार्यालय ज्ञापांक–959/श0, दिनांक–04.04.2025 के अनुसार यथावत रहेगा। छोटे अग्नेयास्त्रों (पिस्टल/ रिवॉल्वर) का सत्यापन जिला शस्त्र कार्यालय, औरंगाबाद में जिला शस्त्र दण्डाधिकारी, औरंगाबाद के द्वारा किया जाना हैं। समय–सीमा के अंतर्गत अपने शस्त्रों एवं कारतूसों का सत्यापन नहीं कराये जाने की स्थिति में शस्त्र अनुज्ञप्ति निलंबित करते हुए रद्द करने की कार्रवाई की जायेगी।

PR- 012537 ( District ) 2025-26

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।

जिला दण्डाधिकारी,
औरंगाबाद



**पूर्व रेलवे**

**निविदा सूचना संख्या: ईएल-22-25; दिनांक 21.08.2025।** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), पूर्व रेलवे, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्य को आर्थिक रूप से पूरा करने में सक्षम तथा वैध विद्युतीय ठेकेदार का लाइसेंस रखने वाले सम्माननीय निविदादाताओं से निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **कार्य का नाम सहित उसका स्थान:** आसनसोल मंडल: आसनसोल, मधुपुर तथा देवघर में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सहित प्राथमिक एवं सेकेंडरी ट्रेनों के लिए चार्जिंग सुविधाओं के लिए 1000 केवीए तथा 500 केवीए कॉम्पैक्ट सब-स्टेशन (सीएसएस) का प्रावधान सहित अन्य आनुषंगिक कार्य। **निविदा मूल्य:** ₹ 3,26,79,674.96। **बयाना राशि:** ₹ 3,13,400। **निविदा दस्तावेज की कीमत:** शून्य। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 12 महीना। **निविदा बंद होने एवं खुलने की तारीख एवं समय :** 12.09.2025 को सुबह 11.00 बजे। सम्पूर्ण विवरण रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखे जा सकेंगे।

(ASN-162/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter

## संक्षिप्त समाचार

### 25 अगस्त को किया जायेगा जॉब कैंप- सह - कैरियर मार्गदर्शन कैम्प का आयोजन

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** जिला नियोजनालय के कैंपस में 25.08.2025 को प्रातः 11:00 बजे एक दिवसीय जॉब कैंप- सह - कैरियर मार्गदर्शन कैम्प का आयोजन किया जा रहा है` इस जॉब कैम्प में 'उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक' द्वारा भाग लिया जाएगा और अभ्यर्थियों का चयन 'कलेक्शन ऑफिसर' पद के लिए किया जाएगा। विभिन्न पदों के लिए योग्यता 12 वीं पास आवश्यक है, उम्र पुरुष 18-32 वर्ष निर्धारित है। जॉब का कार्यस्थल पूर्वी चम्पारण / गोपालगंज में होगा और मानदेय 16000 उळ्ठ निर्धारित किया गया है। साथ ही साथ अन्य सुविधाएं भी दी जाएगी 'जैसे आवास, इंसेंटिव, पीएफ, मेडिकल इत्यादि इस जॉब कैंप मे कुल - 150 रिक्त पदों पर भर्ती किया जाना है। अभ्यर्थी अपने रिज्यूम बॉयोडाटा, मूल प्रमाणपत्रों, आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक पासबुक, फोटो के साथ जिला नियोजनालय के कैंपस में रोजगार कैम्प में प्रातः 11:00 उपस्थित हो सकते हैं ।

### जनता के दरबार में 39 आवेदनकर्ताओ की हुई सुनवाई

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** समाहरणालय स्थित डॉ. राधाकृष्णन सभागार में आयोजित कार्यक्रम जनता के दरबार में जिला प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न अंचलों से आए 39 आवेदनकताओं की समस्याओं पर जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर समाहर्ता मोतिहारी मुकेश कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पदाधिकारी गण के द्वारा सुनवाई की गई। प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए अपर समाहर्ता ने कहा कि आज जो आवेदन प्राप्त हुए हैं उस पर संबंधित पदाधिकारी के स्तर से करवाई कराते हुए शीघ्र ही समस्या का विधिसम्मत निदान सुनिश्चित किया जाएगा ' भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, राजस्व विभाग से संबंधित अधिकांश आवेदन प्राप्त हुए जिसके शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ भेज देने का निर्देश प्रभारी पदाधिकारी जिला जन शिकायत कोषांग को दिया गया। जनता के दरबार कार्यक्रम मे अपर समाहर्ता के साथ यशवंत कुमार, सुश्री मंगला कुमारी, सुश्री निधि कुमारी सहित अन्य जिलास्तरीय अधिकारियों ने जनता दरबार में आए लोगों से मिलकर उनकी शिकायतों का समाधान किया ।



### तीन वारंटी गिरफ्तार

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सीमावर्ती झरौखर थाना पुलिस ने न्यायालय से निर्गत वारंट के आधार पर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है. गिरफ्तार तीनों थाना क्षेत्र विशुनपुर अठमुहान निवासी ललन चौधरी,नागेश्वर चौधरी एवं राजेश्वर चौधरी का नाम शामिल है.थानाध्यक्ष असलम अंसारी ने बताया कि सभी के विरुद्ध कोर्ट ने एनबीडब्ल्यू का आदेश प्राप्त था. सभी को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है।

### टीडीसी पार्ट-3 का परीक्षा कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण संपन्न

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बी.आर.ए बिहार विश्वविद्यालय, मुजफ्फरपुर के तत्वावधान में टी.डी.सी. तृतीय खंड (पार्ट -3) की परीक्षा 21/08/ 2025 से आरंभ हो गई । इस परीक्षा में मुंशी सिंह महाविद्यालय, मोतिहारी परीक्षा केंद्र पर प्रथम पाली में 1584 परीक्षार्थियों ने और दूसरी पाली में 1312 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी । प्रथम पाली में ग्रुप- ए, ऑनर्स विषय के अंतर्गत भौतिकी, गृह विज्ञान, अर्थशास्त्र, हिंदी, भूगोल और संगीत विषय की परीक्षा हुई और दूसरी पाली में ग्रुप- बी, ऑनर्स विषय के अंतर्गत,जूलॉजी मनोविज्ञान, समाजशास्त्र, इंग्लिश और दर्शनशास्त्र के विषयों की परीक्षा हुई । परीक्षा कदाचार मुक्त और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुई । यह जानकारी मुंशी सिंह महाविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक डॉ. मशहूर अहमद के हवाले से महाविद्यालय के मीडिया प्रभारी डॉ. गौरव भारती ने दी है।

### पूर्व कार्यपालक पदाधिकारी के खिलाफ जांच की मांग

**रक्सौल (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददता।** स्थानीय नगरपरिषद कार्यालय में लंबे समय से भ्रष्टाचार के मामले में आरोपों से घिरे रहने वाले पूर्व कार्यपालक पदाधिकारी अनुभूति प्रसाद श्रीवास्तव चर्चा में है, हालांकि पटना लखनऊ में इनके ठिकाने पर छापेमारी हुई इनके कार्यकाल में अवैध बहाली के साथ साथ कार्यालय में भारी नियमों की अनदेखी देखने को मिला, जिसमें खरीदें गये उपकरणों में हेराफेरी की गई,सही तथ्य पाये जाने के बाद नगरपरिषद ने सभापति धुरपति देवी को पद से विमुक्त कर दिया गया, विभाग ने माना कि दोनों की मिली भगत से प्रशासनिक कर्तव्यों का निर्वाहन नहीं किया गया नरुललाह खान ने नगर विकास विभाग सहित जिला प्रशासन आर्थिक अपराध इकाई को पत्र लिखकर कर मामले की जांच कर कार्रवाई करने की मांग की।

### दो बाइकों की टक्कर में तीन घायल

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** नगर के फ्लाई ओवर ब्रिज पर गुरुवार की देर शाम दो बाइक की आमने सामने की टक्कर हो गयी। इस घटना में तीन लोग जख्मी हो गए। घायल तीनो को स्थानीय लोगो के सहयोग से अनुमंडलीय अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सकों ने घायलों का उपचार किया। घायलों की पहचान साठी थाना क्षेत्र के मुशहरवा गाव निवासी दीपू मिश्रा एवं राजेश पासवान तथा शिकारपूर थाना क्षेत्र के तुमकड़िया गाव निवासी किशोरी राम के पुत्र संजय राम के रूप में हुई है।इस घटना में दीपू मिश्रा का पैर टूट गया है। वही सूचना पर पहुचीं शिकारपूर पुलिस दोनों बाइक को कब्जे में लेकर मामले की छानबीन में जुट गई है।

### सर्पदंश से युवक की मौत

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** सर्पदंश की चपेट में आने से 27 वर्षीय युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना नगर थाना क्षेत्र के मटियारियां गांव की है। गुरुवार की दोपहर मनोहर राम अपने घर के समीप जलावन के लिए रखे लकड़ी को हटा रहा था इसी दौरान एक विषैले सर्प ने दंश लिया । इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहा इलाज के दौरान युवक ने दम तोड दिया।

### पंचायत समिति की बैठक संपन्न

**लौरिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड मुख्यालय के सभागार में शुक्रवार को पंचायत समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख शम्भू तिवारी के अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। इस बैठक में बीडीओ संजीव कुमार, सीओ नितेश कुमार सेठ, बीसीओ जगदीश प्रसाद, सीडीपीओ ब्रजेश कुमार, आपूर्ति पदाधिकारी राकेश रंजन, श्रमप्रवर्तन पदाधिकारी स्तुति कुमारी, कार्यक्रम पदाधिकारी रत्नेश तिवारी, सीएचसी प्रभारी डा दिलीप कुमार,आवास पर्यवेक्षक सरोज कुमार के अलावा पंचायत समिति सदस्य उपस्थित रहें।, बैठक में केवल सात पंचायतों के मुखिया हीं शामिल रहे।

### खेल में सफल प्रतिभागियों को किया सम्मानित

**मैनाटांडनवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जिला स्तरीय मशाल खेल प्रतियोगिता में वॉलीबॉल उपविजेता का खिताब और थ्रो बॉल मे जीतने वाले राज्य संपोषित प्लस टू उच्च विद्यालय रमपुरवा मैनाटांड के छात्र विकास कुमार, आफताब आलम, अल्फाज, अब्दुल रब, धोनी कुमार, हबीबु रहमान, जैस्मिन इकबाल व आदित्य कुमार को विद्यालय प्रशासन ने सम्मानित किया। जिसमें उन्हें मेडल व उपहार देकर उनके उज्व्वल भविष्य की कामना की गई। यह आयोजन गुरुवार को आयोजित किया गया । जिसमें प्रधानाध्यापक हरिप्रकाश पांडे, उपविजेता टीम के छात्र और शिक्षक मौजूद थे।



### बाइक चोरी का केस दर्ज

**मैनाटांडनवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** भंगहा थाना के धूमाटांड गांव में दरवाजे से बाइक चोरी के मामले में केस दर्ज की गई है। सूनील साह ने पुलिस को आवेदन देकर अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया है। थानाध्यक्ष रौशन कुमार ने बताया कि केस दर्ज कर पुलिस मामले की छानबीन शुरू कर दी है।

### चार घंटा बिजली आपूर्ति बाधित

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** रामनगर से नरकटियागंज जाने वाली 33 केवीए में फाल्ट आने के कारण नगर समेत ग्रामीण फीडरों में बीती रात्रि 4 घंटा तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। जिसके कारण उपभोक्ताओं को उमस भरी गर्मी में परेशानी उठानी पड़ी। हालांकि जैसे ही इसकी सूचना बिजली विभाग कर्मियों को लगी। वैसे ही अधिकारी एवं बिजली कर्मी फाल्ट ढूंढने के लिए निकल गए। हालांकि फाल्ट को खोजने में थोड़ी परेशानी उठानी पड़ी।लगभग 4 घंटे के अंदर फाल्ट को दुरुस्त करने के बाद सुबह 6 बजे बिजली आपूर्ति बहाल की गई। उसके बाद लोगों ने उमस भरी गर्मी से राहत की सांस लीं।

# आक्रोशितों ने किया बानुछापर थाना पर हंगामा

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** जन्माष्टमी के अवसर पर कृष्ण भगवान के छठीयार के दिन बजाये जा रहे बाजा को बंद कराने पर बानुछापर के लोग भड़क गये। आक्रोशितों ने बानुछापर थाना पर पहुंचकर हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पर पहुंचे एसडीपीओ ने लोगो को समझा बुझाकर शांत कराया और वापस भेजा। जानकारी के अनुसार बानुछापर थाना क्षेत्र के ततवाटोली में आयोजित कार्यक्रम में बाजा बज रहा था। तेज आवाज पर बाजा बजाने से थानाध्यक्ष ने मना कर दिया और बाजा को बंद करा दिया। इस पर लोग आक्रोशित हो गये। लोगो ने जाकर बानुछापर थाना का घेराव करते हुए हंगामा करना आरंभ कद दिया। कतिपय तत्वों ने इसका वीडियों भी बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। इसी बीच महिला, पुरुष व युवक थाना पर पहुंच शोरगुल करने लगे। ग्रामीण पुलिस पर कार्यक्रम स्थल पर आकर गाली गलौज करने और एक युवक का मोबाइल फोन छीनने का आरोप लगा रहे थे। सूचना पर एसडीपीओ विवेक दीप भी पहुंचे और आक्रोशितों को नियमों का हवाला देते हुए समझा बुझाकर शांत कराया। ग्रामीणों ने कहा कि ततवा टोली में पिछले कई वर्षों से कृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर पूजा पाठ होता है। इस साल भी पूजा का आयोजन किया गया है। शुक्रवार की सुबह पूजा के दौरान बाजा बजाया जा रहा था। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इसी दौरान बानुछापर थाना के पुलिस पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और बाजा बजाने से मना कर गाली गलौज करने लगे। एक युवक का मोबाइल फोन छीन लिया। इसके कुछ देर बाद महिला पुरुष थाना पर पहुंच शोरगुल करने लगे। इस बावत बानुछापर थानाध्यक्ष बबलू यादव ने कहा कि आरोप निराधार है। गाली गलौज करने की बात गलत है। युवकों को कहा गया था कि वे डीजे बजाकर हो हंगामा नहीं करे। लाउडस्पीकर से शांतिपूर्वक पूजा करें। वही एसडीपीओ विवेक दीप ने बताया कि कुछ लोग थाना पर आए थे। उन्हें समझा बुझा कर शांत करा दिया गया है।



## लाइसेंस शिविर में 24 दुकानदारों ने दिया आवेदन


**मोतिहारी (पूर्वी चम्पारण)नबिटा ब्यूरो।** चैंबर ऑफ कॉमर्स के द्वारा 10 अगस्त 2025 को स्थानीय नवयुवक पुस्तकालय में ट्रेड लाइसेंस शिविर लगाया गया था ! जिसमें 24 दुकानदारों ने आवेदन दिया जिनका कई वर्षों से नवीनीकरण बाकी था और कुछ एक ने नए ट्रेड लाइसेंस के लिए आवेदन भी किया और 10 दिनों के अंदर आज सारे ट्रेड लाइसेंस बनकर आ चुके हैं। जिसके लिए मोतिहारी चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष अंगद सिंह ने नगर निगम की पूरी टीम को और खास करके नगर आयुक्त श्री सौरभ सुमन यादव जी को दिल से आभार प्रकट किया है। नगर आयुक्त एवं नगर निगम टीम के द्वारा तत्परता से किया गया यह कार्य मोतिहारी चैंबर को और यहां के व्यवसाईयों को प्रेरित करता है और हम आगे और भी इस तरह के कैंप लगाएंगे यह आश्वासन भी हम देते हैं।

## स्वास्थ्य जांच कैम्प आयोजित कर टीबी मरीजों की पहचान

**आदापुर (पूर्वी चम्पारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखण्ड के सीरिसीया कला पंचायत के सामुदायिक विकास भवन बेलदरवा गाँव में शुक्रवार को यक्ष्मा उन्मूलन कार्यक्रम के तहत हेल्थ कैम्प का आयोजन प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संतोष कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में किया गया उन्होंने बताया कि टीबी मुक्त भारत कार्यक्रम के तहत यह कैम्प लगाया गया है जहाँ फ्री स्वास्थ्य जाँच किया गया जिसमें अल्ट्रा पोर्टेबल ऐक्स रे यूनिट मशीन से यक्ष्मा रोगी की पहचान की गई एवं टीबी रोगियों के परिवार के सदस्यों को भी जाँच के लिए कहा गया एवं इस दौरान पंचायत के अधिक से अधिक लोगों को जाँच कराने की अपील की गई वहीं कैम्प में चिन्हित मरीजों का बलगम एकत्रित किया गया एवं जाँच के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया जहाँ टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर टीबी का दवा वितरण कर इलाज शुरू की जाएगी साथ ही कैंप में बीपी जाँच, ब्लड शुगर, एचआईवी, हीमोग्लोबिन, हाइट,वजन का परीक्षण की गई एवं आवश्यक सभी दवा का वितरण किया गया कैम्प में कुल 114 महिला एवं पुरुष का चेस्ट का एक्स रे कर टीबी का स्क्रीनिंग किया गया इस दौरान कुमारी,एएनएम सोनी कुमारी, वरीय उपचार पर्यवेक्षक पप्पू कुमार राय,एलटी मो. कमरे आलम, सुनील महतो, वर्ल्ड विजन से मिथलेश कुमार, एक्स-रे टेक्निशियन मोहम्मद सैफ, आशा कार्यकर्ता सुनीता देवी,अनिता देवी,मीना देवी,कलावती देवी समेत अन्य महिला एवं पुरुष ग्रामीण मौजूद थे।



# राहुल गांधी के मोतिहारी आगमन की तैयारी को लेकर बैठक





राजीव कुमार/नबिटा ब्यूरो

**मोतिहारी ( पूर्वी चंपारण )** एक व्यक्ति एक वोट एक मूल्य की रक्षा करने के उद्देश्य से जिला कांग्रेस कार्यालय गांधी आश्रम में शुक्रवार को जननायक श्री राहुल गांधी के ऐतिहासिक वोटर अधिकार यात्रा के पूर्वी चम्पारण आगमन की तैयारी को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक यात्रा के पूर्वी चम्पारण कोर्डिनेटर एवं मंगौल, हरिद्वार के माननीय विधायक तथा दिल्ली प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी काजी निजामुद्दीन ने की नेतृत्व में किया गया । बैठक को सम्बोधित करते हुए काजी निजामुद्दीन ने कहा कि वोटर अधिकार यात्रा का उद्देश्य लोकतंत्र के मूल आधार- 'एक

**वोटर अधिकार यात्रा के लिए आएंगे मोतिहारी**

व्यक्ति, एक वोट, एक मूल्य' की रक्षा करना है। आज देश में लोकतंत्र पर जिस प्रकार हमले हो रहे हैं और आम जनता का मताधिकार छीना जा रहा है, उसके खिलाफ कांग्रेस पार्टी महात्मा गांधी की इस कर्मभूमि से नया सत्याग्रह प्रारंभ कर रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जी का यह संदेश सिर्फ बिहार ही नहीं बल्कि पूरे देश में नई ऊर्जा और जागरूकता फैलाएगा ।वहीं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गप्पू राय जी ने कहा कि पूर्वी चम्पारण की जनता गांधी जी की धरती पर एक बार फिर लोकतंत्र बचाने के लिए कांग्रेस पार्टी के साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि वोटर अधिकार यात्रा आम जनता की आवाज बनेगी और यह आंदोलन हर गांव-गांव, गली-गली तक पहुंचेगा। गप्पू राय ने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे तन-मन-धन से इस ऐतिहासिक कार्यक्रम की तैयारी में जुटें और राहुल गांधी जी के स्वागत में कोई कसर न छोड़ें। बैठक में प्रदेश महिला अध्यक्ष सर्वत जहा फातिमा, पूर्व विधायक मनोज सिंह , प्रो० विजय शंकर पाण्डेय, शैलेन्द्र कुमार शुक्ला, किरण कुशवाहा, बरकत खा, संगम कुमार, ओमप्रकाश कुशवाहा,रूमा खां, विजय कांत त्रिपाठी, सतेन्द्र तिवारी, बिट्टू यादव सहित अन्य कार्यकर्ता शामिल थे।

# आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर पुनर्निमाण विषयक परिचर्चा आयोजित

**बगहा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पतिलार पंचायत स्थित सरस्वती विद्या मंदिर की पावन भूमि पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अंतर्गत ष्पंच परिवर्तनष से राष्ट्रीय पुनर्निर्माण विषय पर चर्चा हेतु कार्यक्रम का आयोजन अंकित देव अर्पण द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विभाग प्रचारक नीतीश कश्यप, जिला सह कार्यवाह समरेंद्र किशोर, जिला संपर्क प्रमुख नितिन साह, बेतिया नगर के बौद्धिक प्रमुख आशीष कुमार एवं जिला गो संवर्धन विभाग के अमरेंद्र श्रीवास्तव उपस्थित थे।साथ ही इस कार्यक्रम में जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष एवं वरीय अधिवक्ता ऐगेंद्र मणि मिश्रा एवं नितिन गडकरी के पूर्व जन संपर्क अधिकारी जयंत दीक्षित, एवं जिलापार्षद सोनू यादव की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य सुनील मिश्रा, कार्यालय प्रमुख विनोद शुक्ला एवं सभी गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति में दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम में विभाग प्रचारक नीतीश कश्यप ने कहा कि वर्तमान में हमने अपनी संस्कृति एवं सांस्कृतिक विरासत को केवल याद किया है, लेकिन उसे आचरण में नहीं ला रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह समय है जब अपनी संस्कृति को बचाए रखने हेतु सामूहिक प्रयास करना होगा। जिला सह कार्यवाह समरेंद्र किशोर ने रामायण, महाभारत एवं गीता की घटनाओं से जोड़ते हुए वर्तमान परिपेक्ष्य पर चर्चा की एवं युवाओं को स्वामी विवेकानंद की राह पर चलने हेतु प्रेरित किया। जिला विधिज्ञ संघ के अध्यक्ष एवं अधिवक्ता ऐगेंद्र मणि मिश्रा ने बताया कि किस प्रकार हम आधुनिक समय में परिवार से दूर हो रहे हैं, और हमारे बीच की पूरी संस्कृति हमसे दूर छूटती जा रही है। कुटुंब प्रबोधन विषय को उन्होंने अपने संबोधन में मुख्य रूप से समाहित किया।जयंत दीक्षित ने संघ के विभिन्न आयामों पर चर्चा की, एवं किस प्रकार संघ ने छोटी शुरूआत से यह 100 वर्ष पूरा किया इस पर विस्तृत रूप से अपने विचार साझा किए।जिला परिषद सदस्य सोनू यादव ने कहा कि संघ को मजबूती देनी है तो युवाओं को आगे आने का प्रयास करना होगा, साथ ही छोटे छोटे समूहों में शाखाओं का आयोजन करना होगा। इस कार्यक्रम का संचालन साइबर अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता अंकित देव अर्पण द्वारा किया गया। उन्होंने संचालन के दौरान नागरिक कर्तव्यों को मुख्य आधार रखा, एवं कहा कि जब हम अपने अधिकारों की मांग करते हैं, तो हमारा पहला दायित्व है कि अपने कर्तव्यों की भी समझें एवं इसका अनुपालन करें।




## आशा बाहली में मनमानी, मुखिया ने डीएम को लिखा पत्र

**नरकटियागंज/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** प्रखंड के शिकारपूर पंचायत में आशा बाहली को लेकर चयन प्रक्रिया में स्वास्थ्य विभाग द्वारा मनमानी को लेकर डीएम को मुखिया राहुल जायसवाल में पत्र लिखकर जांच की मांग की है। मुखिया ने डीएम को लिखे पत्र में बताया है कि आशा बाहली को लेकर आयोजित होने वाली आमसभा की सूचना पंचायत कार्यालय व पंचायत के मुखिया को स्वास्थ्य विभाग द्वारा नही दी गयी है। ना ही पोषक क्षेत्र में प्रचार प्रसार कराया गया है। जबकि अस्पताल प्रशासन द्वारा प्रखंड में आशा के चयन को लेकर तिथिवार माईक्रोप्लान तैयार किया गया हैं। माइक्रोप्लान के अनुसार पंचायत राज शिकारपूर अंतर्गत मुजौना गाव के आंगनवाड़ी केन्द्र संख्या 68 पर चयन कि तिथि- 22अगस्त 2025 सुनिश्चित किया गया हैं। जिसकी सूचना न मुखिया को दीं गयी है और न पंचायत कार्यालय को दी गयी है। इतना ही नही आशा चयन को लेकर मुजौना गाव में किसी तरह का प्रचार प्रसार भी नही कराया गया है। मुखिया ने अस्पताल प्रशासन पर आशा चयन प्रक्रिया में मनमाने तरीका से इस चयन प्रक्रिया को पुरा करने आरोप लगाते हुए डीएम से जांच की मांग की है।

**आशा चयन प्रक्रिया को लेकर तैयार किया गया है माइक्रोप्लान**

प्रखंड में कुल 117 आशा की बाहली को लेकर चयन प्रक्रिया की जानी है। चयन प्रक्रिया आमसभा के माध्यम से किया जाएगा। इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा माइक्रोप्लान तैयार किया गया है। माइक्रोप्लान के अनुसार पंचायत के पोषक क्षेत्र में प्रचार प्रसार किया जाना है। उसके पश्चात निर्धारित तिथि को प्रखंड प्रशाशन की देख रेख में आमसभा के माध्यम से आशा की चयन प्रक्रिया की जाएगी। इस प्रक्रिया की शुरूआत 20 अगस्त से की गई है जो कि 16 अक्टूबर तक चलेगी।

## दोहरे मर्डर कांड के फरार दो इनामी अभियुक्त पंजाब के अमृतसर से गिरफ्तार

**चार साल पूर्व ललुआ गांव में जमीनी विवाद में दो लोगों को सर में गोली मार हत्या कर दी गई थी**

**घोड़ासहन (पूर्वी चम्पारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** थाना क्षेत्र के ललुआ गांव में जमीनी विवाद मामले में दो लोगों की हुई हत्या मामले में पुलिस ने दो इनामी अभियुक्त को पंजाब के अमृतसर से गिरफ्तार कर लिया.दोनों की पहचान ललुआ गांव निवासी लालबाबू राय का पुत्र राजेश्वर राय तथा कामेश्वर राय का नाम शामिल है.दोनों पर हत्या और आर्म्स एक्ट प्राथमिकी अभियुक्त है.गौरतलब हो कि चार साल पूर्व 28 जनवरी 2021 की देर रात दो दर्जन की संख्या में हथियारबंद अपराधियों ने घर में सोये अमित लाल यादव और गामा राय की सर में गोली मार हत्या जैसी घटना को अंजाम दे कर फरार हो गए थे. घटना को लेकर मृतक के पिता तपेश्वर यादव ने दो महिला समेत 13 नामजद तथा दो दर्जन अज्ञात के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी.हालांकि तत्कालीन थानाध्यक्ष अखलेश कुमार मिश्रा द्वारा त्वरित कार्रवाई कर मुख्य आरोपी लालबाबू राय, राजू राय,रंजन राय,सुशांति देवी,सूरज कुमार आदि को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है.पुष्टि थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने किया।



## वर्द्धमान बस हादसे में घायल तीर्थयात्री गजराज सहनी की ईलाज के दौरान हुई मौत

**चिरैया(पूर्वी चंपारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पश्चिम बंगाल के वर्द्धमान में गत 15 अगस्त को बस और ट्रक की टक्कर में तीर्थयात्रियों से भरी बस के दुर्घटनाग्रस्त होने से गंभीर रूप से घायल गजराज सहनी की गुरुवार की रात मोतिहारी के एक निजी नर्सिंग होम में इलाज के दौरान मौत हो गई। मृतक गजराज सहनी चिरैया थाना क्षेत्र के लालबेगिया गांव का निवासी है। मौत की खबर मिलते ही पुलिस ने शुक्रवार को शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। दुर्घटना में लालबेगिया गांव निवासी गजराज सहनी, उसकी पत्नी शारदा देवी बुरी तरह घायल हो गई थी। जिसमें एगारह तीर्थयात्रियों की मौत घटना स्थल पर हो गया था। जबकि 36 लोग बुरी तरह घायल हो गये थे। आवश्यक प्रक्रिया के बाद 16 अगस्त को वर्द्धमान मेडिकल कॉलेज के डॉक्टरों ने शव को बिहार के लिए रवाना कर दिया था। जिसमें पत्नी व पुत्र की अंत्येष्टि के लिए डॉक्टरों ने घायल राजू सहनी को भी वापस भेज दिया था। वहीं गजराज सहनी को डिस्चार्ज करने से मना कर दिया था। लेकिन दोनों पति -पत्नी डिस्चार्ज करने के लिए जिद्द करने लगे। परिणाम स्वरूप दोनों को अस्पताल से छोड़ दिया गया। शुक्रवार की सुबह हालत बिगड़ने पर परिजन इलाज के लिए पटना ले जा रहे थे। लेकिन मोतिहारी पहुंचते ही स्थिति ज्यादा बिगड़ने लगी। तब परिजनों ने एक निजी नर्सिंग होम में भर्ती कराया। जहां उसकी मौत हो गई। अब बस हादसे में मृतकों की संख्या 12 हो गई है। मौत के बाद से परिजनों में कोहराम मच गया है। घायल पत्नी शारदा देवी बार बार बेहोशी का दौरा पड़ रहा है।

# स्वर्वेद ज्ञान महायज्ञ में शामिल होने के लिए लोगों से की अपील

**मोतिहारी पहुंचे संत प्रवर विज्ञान देव जी महाराज, 25 एवम 26 नवंबर 2025 को वाराणसी में भव्यता एवं दिव्यता के साथ होगा कार्यक्रम आयोजित**

राजीव कुमार/नबिटा ब्यूरो


**मोतिहारी ( पूर्वी चंपारण )** संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज के पावन सान्निध्य में संचालित राष्ट्रव्यापी स्वर्वेद संदेश यात्रा में शामिल होने के लिए मोतिहारी पहुंचे संत प्रवर श्री विज्ञान देव जी महाराज का महात्मा गांधी पर्यवेक्षक गृह में गुरुवार को भव्य स्वागत किया गया। यह यात्रा 29 जून को कश्मीर के श्रीनगर स्थित ऐतिहासिक लाल चौक पर तिरंगा लहराकर शुभारम्भ किया गया था। कश्मीर से कन्याकुमारी तक भारत की आत्मिक चेतना को जाग्रत करने के उद्देश्य से निकली यह यात्रा प्रारंभ किया गया है। बता दे की विहंगम संत योग समाज के 102वे वार्षिक महोत्सव को इस वर्ष समर्पण दीप अध्यात्म महोत्सव के रूप में मनाया जाएगा। 25 एवं 26 नवंबर 2025 को स्वर्वेद महामंदिर धाम उमराव वाराणसी उत्तर प्रदेश में भव्यता एवं दिव्यता के साथ मनाया जाएगा। पावन अवसर पर विशालतम 25 000 हजार कुंडली स्वर्वेद ज्ञान महा यज्ञ का बृहद आयोजन किया जाएगा। सबसे पहले झंडा तोलन कार्यक्रम किया गया। उसके बाद दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत किया गया। मौके पर मदन किशोर सिंह, अरविंद सिंह, विजय सिंह, प्रमोद कुमार सिंह सहित हजारों की संख्या में भक्त शामिल थे।





## 27 अगस्त को डीएम के समक्ष धरना देंगे होमगार्ड जवान

**बेतिया/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** अपने मागों के समर्थन में बिहार रक्षा वाहिनी स्वयंसेवक संघ के बैनर तले होमगार्ड जवान 27 अगस्त को जिलाधिकारी के समक्ष धरना देंगे। धरना को सफल बनाने के लिए शुक्रवार को गृहरक्षकों ने होमगार्ड कार्यालय में बैठक किया। बैठक को संबोधित करते हुए संघ के जिलाध्यक्ष नीतेश कुमार मिश्र, पूर्व जिलाध्यक्ष संजय कुमार राव, सचिव सुबोध कुमार तिवारी ने कहा कि सरकार लंबे अरसे से उनकी मांग को अनदेखा कर रही है। समान काम समान वेतन समेत कई मांग लंबित है। होमगार्ड जवानों के मूलभूत समस्याओं का भी निदान नहीं हो रहा है। इसके लिए केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर जिलाधिकारी के समक्ष धरना कार्यक्रम तय किया गया है। संघ के नेताओं ने गृहरक्षकों से अपील किया है कि 27 अगस्त की सुबह पूरे वर्दी में धरना कार्यक्रम में शामिल होकर इसे सफल बनाएं। धरना के बाद भी यदि उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो 31 अगस्त को केंद्रीय समिति की बैठक में सरकार के खिलाफ कठोर निर्णय लिया जाएगा। बैठक में रेखा देवी, संतोष कुमार सिंह, प्रकाश चंद्र राव, सुरेश कुमार झा, लालबाबू पासवान, नीलू प्रसाद सिंह, मुन्ना कुमार, रामायण सिंह, मुन्ना कुंवर, मुस्ताक अंसारी आदि शामिल रहे।



## एक नजर

### सेवानिवृत्त शिक्षक सच्चिदानंद झा का निधन, शोक

**दरभंगा।** कमतौल थाना क्षेत्र के निकासी गांव निवासी सनातन धर्मावलंबी व सेवानिवृत्त शिक्षक सच्चिदानंद झा का निधन 15 अगस्त को उनके पैतृक गांव में हो गया। वे 88 वर्ष के थे और विगत कुछ दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। स्व. झा अपने पीछे तीन पुत्र—कृत्यानंद झा, संपूर्णानंद झा और विवेकानंद झा—तथा चार पुत्रियों सहित भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं। वे कमतौल स्थित मध्य विद्यालय में प्रधानाध्यापक पद पर कार्यरत रहते हुए शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक व आध्यात्मिक कार्यों में भी सक्रिय रहे। निर्धन छात्रों की सहायता के लिए वे हमेशा तत्पर रहते थे। उनके ज्येष्ठ पुत्र कृत्यानंद झा ने बताया कि जीवन के अंतिम वर्षों तक वे धर्मशास्त्रों के अध्ययन और शोध में संलग्न रहे। निधन उपरांत उनका दाह संस्कार पैतृक गांव निकासी में ही किया गया, जिसमें अनेक गणमान्य लोग उपस्थित हुए। भाग्य नारायण झा ने जानकारी दी कि सामाजिक सहमति से उनका बृषोत्सर्ग श्राद्धकर्म 25 और 26 अगस्त को पैतृक गांव निकासी में संपन्न होगा। इसकी शुरुआत वेदपाठ से होगी और इसके लिए विद्वान वेदपाठियों को आमंत्रित किया गया है। श्राद्धकर्म में क्षेत्र के अनेक विशिष्ट लोगों के शामिल होने की संभावना है। तैयारियां जोरों पर हैं।

### दो आरोपितों ने किया आत्मसमर्पण

**गोह (औरंगाबाद)।** देवकुंड थाना क्षेत्र के चर्चित कांड संख्या 26/25 में वांछित दो आरोपियों ने शुक्रवार को न्यायालय में आत्मसमर्पण कर दिया। यह वही मामला है जिसमें तीन माह पूर्व अवैध खनन के खिलाफ कार्रवाई करने गई पुलिस टीम पर ग्रामीणों ने जानलेवा हमला कर दिया था। मामला भीमलीचक गांव का है, जहां छापेमारी के दौरान पुलिस द्वारा जब्त किए गए ट्रैक्टर को जबरन छुड़वाया गया और विरोध करते हुए पुलिस दल पर हमला कर दिया गया था। इस हमले में देवकुंड थाना के एएसआई जयकुमार सहित कई पुलिसकर्मी गंभीर रूप से घायल हो गए थे।

घटना के बाद से ही आरोपी फरार चल रहे थे। पुलिस की लगातार दबिश और गिरफ्तारी की आशंका के बीच गांव के ही निवासी अनीश यादव और अतिश यादव ने अंततः अदालत में आत्मसमर्पण कर दिया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले में शामिल अन्य आरोपियों की तलाश अब भी जारी है और सभी को शीघ्र ही गिरफ्तार किया जाएगा।

### शराब व महुआ फूल के साथ एक गिरफ्तार

**अंबा (औरंगाबाद)।** कुटुंबा थाना की पुलिस ने ढ़ीबर नहर के समीप से 20 लीटर महुआ निर्मित शराब, 36 लीटर विदेशी शराब तथा 150 किलो महुआ फूल के साथ तीन बाइक को जब्त किया। थानाध्यक्ष इमरान आलम ने बताया कि तस्कर तीन अलग-अलग बाइक पर शराब व महुआ फूल लादकर उक्त रास्ते से गुजर रहे थे। इसी क्रम में गश्ती दल ने एक तस्कर को गिरफ्तार कर लिया वहीं दो अन्य तस्कर बाइक छोड़कर भाग निकले। गिरफ्तार तस्कर की पहचान पलामू के पिपरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बनाही गांव निवासी रमन राम के 21 वर्षीय पुत्र सन्नी कुमार के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि संशोधित मध निषेध अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर तस्कर को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है वहीं फरार दोनों तस्कर की तलाश की जा रही है।

### सरस्वती शिशु मंदिर में लगा गणित ज्ञान विज्ञान मेला

**औरंगाबाद।** भारती शिक्षा समिति एवं शिशु शिक्षा प्रबंध समिति बिहार के तत्वावधान में दो दिवसीय विभाग स्तरीय ज्ञान विज्ञान मेला का आयोजन सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय औरंगाबाद में शुक्रवार से आयोजन हो रहा है जिसमें रोहतास विभागीय तीन जिलों (औरंगाबाद, कैमूर, रोहतास) के 28 विद्यालयों के लगभग 350 भैया-बहन की सहभागिता हो रही है। सभी भैया-बहनों द्वारा विज्ञान, संगणक, वैदिक गणित एवं वैज्ञानिक मॉडलों का प्रदर्शन होगा जिसका निरीक्षण उस विषय के विशेषज्ञ आचार्यों द्वारा किया जाएगा। साथ ही गणित, संस्कृत, अंग्रेजी जैसे विषयों के प्रश्न मंच का भी आयोजन किया जा रहा हैं। साथ ही पत्र वाचन, मूर्ति कला, सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं भी आयोजित होगी। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्रधानाचार्य नीरज कुमार कौशिक नए प्रतिभा को मंच प्रदान करने के लिए प्रयासरत हैं। रोहतास विभाग निरीक्षक उमाशंकर पोद्दार द्वारा कहा गया कि विद्या भारती छात्रों के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक कार्यक्रम आयोजित करती हैं। विज्ञान मेला, वैज्ञानिक एवं गणितीय सोच के विकास का उत्तम अवसर है।

### भगवान श्रीकृष्ण के छठीहार पर पौथू में शोभायात्रा

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज प्रखंड के पौथू में श्रीकृष्ण सेना पौथू की ओर से भगवान श्रीकृष्ण के छठीहार के अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस शोभायात्रा में हजारों की संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और धार्मिक माहौल में पूरे क्षेत्र का वातावरण भक्तिमय हो उठा। शोभायात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में गोह विधानसभा के विधायक भीम कुमार सिंह, घुसरी पैक्स अध्यक्ष सचिन कुमार, श्रीकृष्ण सामाजिक सेवा संघ के संरक्षक अजय यादव, हम पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष संजय कुमार यादव, पूर्व पैक्स अध्यक्ष विनय यादव, हम पार्टी उपाध्यक्ष मुकेश पासवान और युवा राजद प्रदेश महासचिव अरुण यादव समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी अतिथियों का स्वागत श्रीकृष्ण सेना के सदस्यों ने अंगवस्त्र, पगड़ी और पुष्पमालाओं से किया। शोभायात्रा में भगवान शंकर, माता पार्वती तथा राधा-कृष्ण की आकर्षक झांकियां निकाली गईं। यह यात्रा पौथू बाबा मंदिर से प्रारंभ होकर पोखर बिगहा, दुर्जन बिगहा, बेलहड़िया, नेहाल बिगहा होते हुए भारतीपुर तक पहुंची और पुनः पौथू बाबा मंदिर में संपन्न हुई। श्रीकृष्ण सेना पौथू के संरक्षक शंभू भारती ने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण के छठीहार पर यह शोभायात्रा पिछले तीन वर्षों से निरंतर निकाली जा रही है। ऐसे आयोजन समाज में आपसी भाईचारे और एकता को मजबूत करते हैं। इस अवसर पर अध्यक्ष नारायण कुमार, संयोजक आनंद बिहारी, व्यवस्थापक विकास कुमार, डॉक्टर बॉबी कुमार, डॉक्टर नागेंद्र कुमार, कोषाध्यक्ष शशि रंजन कुमार, सचिव अंबुज कुमार समेत शंकर कुमार, श्याम नारायण यादव, रणधीर कुमार, अरविंद कुमार, राजू कुमार, जय नंदन यादव, कौशल यादव और भाजपा नेता पप्पू यादव बाबा सहित कई लोग मौजूद रहे।

# मतदान केन्द्रों पर सभी सुविधाएं हों दुरुस्त : अलंकृता पांडेय




**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी अलंकृता पांडे की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में एएमएफ (न्यूनतम आधारभूत सुविधाएं) को लेकर एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। यह बैठक आगामी बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारी के तहत तीनों विधानसभा क्षेत्र के सभी मतदान केन्द्रों पर सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से बुलाई गई थी। बैठक में नोडल पदाधिकारी, ए.एम.एफ. कोषांग सह निदेशक, डीआरडीए रोहित कुमार मिश्रा को निर्देशित किया गया कि सभी चिन्हित मतदान केन्द्रों पर शौचालय, शेड, फर्नीचर, बिजली, पेयजल, रैम्प, भवन आदि आवश्यक सुविधाओं को शीघ्र उपलब्ध कराने हेतु संबंधित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों के माध्यम से समन्वय स्थापित कर कार्य पूरा संबंधित पदाधिकारियों के माध्यम से सुनिश्चित कराया जाए। इस दौरान कार्यपालक अभियंता, विद्युत को निर्देशित किया गया कि जिन मतदान केन्द्रों पर बिजली की सुविधा नहीं है, वहां अविलंब विद्युत आपूर्ति व्यवस्था की उपलब्धता सुनिश्चित करें। वहीं जिला शिक्षा पदाधिकारी को निर्देश दिया गया कि विद्यालय आधारित मतदान केन्द्रों पर वेबकास्टिंग हेतु दो अतिरिक्त विद्युत प्वाइंट की व्यवस्था की जाए, साथ ही फर्नीचर की उपलब्धता तथा रैम्प की स्थिति का भौतिक सत्यापन कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाए। जिन विद्यालयों में शौचालय एवं पेयजल की व्यवस्था नहीं है, वहां त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही सामुदायिक भवनों एवं अन्य मतदान केन्द्रों पर भी ये सुविधाएं पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता द्वारा सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया गया। वहीं मतदान केंद्रों पर जहां-जहां शेड की सुविधा नहीं है, वहां की सूची तैयार कर संबंधित सहायक निर्वाचक निबंधक पदाधिकारी-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी को शीघ्र आवश्यक आंकड़ा उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया गया।

## जय कन्हैया लाल की, मदन गोपाल की जयघोष से गूंजा मदनपुर

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**मदनपुर।** एकल विद्यालय संच मदनपुर केन्द्र रानीकुआं में भगवान श्रीकृष्ण की जन्मोत्सव के बाद छठी समारोह का आयोजन किया गया। आचार्या रेणु देवी के द्वारा श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की पूर्णाहुति के रूप में छठीहार का उत्सव मनाया गया। भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप चित्र पर पुष्प अर्पित के साथ मंगला आरती की गई। माही कुमारी ने रोली, कुमकुम, अक्षत से बाल गोपाल कन्हैया का श्रृंगार किया। रेणु देवी के द्वारा सामूहिक स्तुति कराई गई। आयोजित आनंद उत्सव के इस मंगल बेला में विद्यालय परिवार के अभिभावक सहित भारी संख्या में बाल गोपाल शामिल हुए और प्रसाद ग्रहण किया। अद्भुत और अनोखा कृष्ण भगवान के जन्मोत्सव मंदिर और ठाकुरबाड़ी के साथ ही एकल अभियान के केन्द्र में पहली बार हुआ है। अनेक प्रकार का व्यंजन तैयार कर भगवान को भोग लगाया गया। भक्तों ने कहा कि हर साल इस तरह के उत्सव मनाएगें। आचार्य रेणु ने कहा कि यह आयोजन स्वयं भगवान की प्रेरणा से एकल अभियान का धार्मिक आध्यात्मिक सिद्धांत के प्रभाव से संपन्न किया है। यहां पर अभिभावकों, भक्तों का उत्साह देख कर गोकुलधाम की अनुभूति हो रह हैं। संच के प्रधान संरक्षक जितेन्द्र सिंह परमार ने उपस्थित भक्तों को भगवान कृष्ण की बाल लीला पर मनमोहन प्रसंग सुनते हुए कहा कि भगवान कृष्ण पूर्ण ब्रह्म परमेश्वर है, वे विश्व गुरु है। गौ माता के सेवक हैं। कान्हा जी के हृदय में गौ माता के प्रति इतनी श्रद्धा है कि इन्होंने तो अपना नाम कान्हा से बदलकर गोपाल ही रख लिया। इसलिए हम सबों का परम कर्तव्य है कि कन्हैया जी के गोपाल नाम को सार्थक करने के लिए गोवंश की संपूर्ण रक्षा और संवर्धन के लिए भी समर्पण भाव से आगे आना होगा। क्योंकि गोवंश हमारी भारतीय अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। संच के कार्यकारी अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह ने इस आयोजन को इस क्षेत्र के लिए आध्यात्मिक वायुमंडल का ज्योति पुंज बताया।

# आजादी के 79 वर्ष बाद भी गोगो गांव में नहीं बनी सड़क

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**औरंगाबाद।** नबीनगर विधानसभा क्षेत्र के ठेंगों पंचायत के उतरी व दक्षिणी गोगो गांव में आजादी के 79 वर्ष बाद भी ग्रामीणों को सड़क नहीं बन सकी है। ग्रामीण कच्ची सड़क से होकर गुजरने को विवश हैं। गांव में पक्की सड़क नहीं होने के कारण ग्रामीणों को आवागमन में काफी परेशानी झेलनी पड़ रही है। खासकर बारिश के दिनों में परेशानी ज्यादा बढ़ जाती है। जब कोई बीमार पड़ता है तो उसे खाट पर टांग कर डेढ़ से दो किलोमीटर दूर मुख्य मार्ग तक ले जाते हैं। सबसे अधिक परेशानी स्कूली बच्चों को होती है। कच्ची सड़क होने के कारण स्कूल बस गांव तक नहीं आती है। जिसके कारण बच्चों को प्रतिदिन डेढ़ से दो किलोमीटर की पैदल चलकर विद्यालय जाना पड़ता है। कई बार सड़क की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से मांग ले लेकिन उनकी कोई सुनने वाला नहीं है। थक हारकर ग्रामीणों ने इस बार के विधानसभा चुनाव में वोट बहिष्कार करने का निर्णय लिया है। ग्रामीणों ने सड़क की समस्या को लेकर रोषपूर्ण प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने कहा कि उनके इलाके में गोगो से बदल बिगहा पांच किमी, कोईरीडीह मेन रोड से नोनिया बिगहा दो किमी और राटा बिगहा से लक्ष्मीपुर दो किमी जाने वाली सड़क आजादी के बाद से आजतक नहीं बनी है। तीनों सड़के आज भी कच्ची है, जिससे 10 से 12 हजार की आबादी प्रभावित है। जब वर्षा होती है तो सड़कें तालाब में तब्दिल हो जाती है। ग्रामीणों का आरोप है कि स्थानीय विधायक विजय कुमार सिह उर्फ डब्ल्यू सिह की उदासीनता के कारण तीनों सड़कों का अबतक पक्कीकरण नहीं हो पा रहा है। जबकि चुनाव से पहले और विधायक बनने के बाद भी सड़क बनवाने का आश्वासन दिया था। सड़क नहीं बनने पर ही चुनाव बहिष्कार का कड़ा फैसला लिया है। बताया कि अब जब तक सड़क का निर्माण नहीं होगा तब तक हम वोट देने बूथ पर नहीं जाएंगे। चाहे इसके लिए हमें कितना भी चुनाव क्यों न इंतजार करना पड़े। यह फैसला तभी टलेगा जब चुनाव से पहले गांव में सड़क का निर्माण किया जाएगा। नहीं तो चुनाव बहिष्कार करेंगे।

## रफीगंज स्टेशन पर ट्रेनों के ठहराव की मांग, रेल प्रबंधक को सौंपा ज्ञापन

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** रफीगंज शहर के आम नागरिकों ने गया–दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस समेत कई ट्रेनों के रफीगंज स्टेशन पर ठहराव की मांग को लेकर स्टेशन प्रबंधक के माध्यम से मंडल रेल प्रबंधक, पं. दीनदयाल उपाध्याय मंडल, पूर्व मध्य रेलवे को ज्ञापन सौंपा। नागरिकों ने ज्ञापन में कहा कि रफीगंज और आसपास के क्षेत्रों के लिए रेल यात्रा ही प्रमुख साधन है। यह स्टेशन औरंगाबाद, काराकाट और गया लोकसभा क्षेत्रों के साथ-साथ रफीगंज, देव, गोह और गुरुआ विधानसभा क्षेत्रों का केंद्रीय स्टेशन है। इसके बावजूद यहां आवश्यक ट्रेनों का ठहराव उपलब्ध नहीं कराया गया है। लोगों का कहना है कि एक लाख से अधिक प्रवासी मजदूर और कामकाजी लोग पंजाब, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, उड़ीसा समेत देश के विभिन्न हिस्सों में कार्यरत हैं। उन्हें अपने परिवार से मिलने बार-बार आना पड़ता है, लेकिन रफीगंज में ठहराव न होने से यात्रियों को 38 किमी दूर गया जंक्शन या 47 किमी दूर डेहरी-ऑन-सोन जाना पड़ता है। इससे गरीब और मध्यमवर्गीय यात्रियों का समय और पैसा दोनों बर्बाद होता है। ज्ञापन में गया–दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस के अलावा हावड़ा–मुंबई मेल, पुरुषोत्तम एक्सप्रेस, आरा–रांची एक्सप्रेस और गंगा–सतलुज एक्सप्रेस के रफीगंज स्टेशन पर अविलंब ठहराव की मांग की गई है।

## छात्र की सफलता पर सम्मान समारोह का आयोजन

**औरंगाबाद /नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** राष्ट्रीय स्तर की नेशनल मींस कम मेरिट स्कॉलरशिप परीक्षा में बारुण प्रखंड के राजकीय कृत देववंशी उच्च माध्यमिक विद्यालय सुंदरगंज के छात्र राहुल कुमार के सफलता पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यह आयोजन जूनियर रेड क्रॉस औरंगाबाद के द्वारा भारत सरकार एवं बिहार सरकार के संयुक्त तत्वाधान में किया गया। जूनियर रेड क्रॉस के जिला काउंसेलर सह सचिव निरंजय कुमार ने बताया कि राहुल कुमार रिसियप थाना के खेतपुरा गांव का निवासी है। राहुल कुमार इस विद्यालय का मेघावी छात्र है। उन्होंने बताया कि शिक्षा विभाग के तत्वाधान में आयोजित राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में राहुल कुमार ने 180 में 140 अंक प्राप्त कर सफलता हासिल की है। उन्होंने बताया कि गुणात्मक शिक्षा एवं शैक्षणिक वातावरण निर्माण के क्रम में राहुल कुमार एवं अन्य योग्य छात्र-छात्राओं को प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी हेतु एक अभियान एवं अद्वितीय रणनीति के तहत विद्यालय में प्रशिक्षण भी दिया जाता है।

# अंचल अधिकारी पर 70 साल पुराने भूमि विवाद को उभारने का आरोप

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**जहानाबाद।** जिले में जमीन को लेकर अपराध और विवाद आम बात हो चुकी है। सरकार ने ऐसे विवादों के त्वरित निपटारे के लिए प्रत्येक थाना स्तर पर जनता दरबार की व्यवस्था की है, जिसमें सर्किल ऑफिसर (सीओ) और थाना अध्यक्ष मौजूद रहते हैं। लेकिन जहानाबाद जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहाँ विवाद सुलझाने के बजाय सीओ ने ही विवाद को पैदा कर दिया। मामला रतनी प्रखंड अंतर्गत झुनाठी पंचायत के बल्लभपुर गांव का है। जानकारी के अनुसार, गांव के पांच भाइयों ने 1917 से लेकर कई बार में अपनी जमीनें बेच दी थीं। उनके बेटे नंदकेश्वर और आनंद ठाकुर ने भी वर्ष 1950-51 में बची हुई जमीन की रजिस्ट्री कर दी थी। तब से अब तक खरीदार परिवार अपनी-अपनी जमीन पर खेती करते आ रहे थे लेकिन हैरत की बात यह हुई कि वर्ष 2019 में पुनः जमीन के विक्रेता परिवार के वंशजों ने उसी जमीन पर दोबारा दावेदारी जताई। उस समय डीएम के आदेश पर चकबंदी पदाधिकारी और थानाध्यक्ष द्वारा की गई जांच रिपोर्ट में स्पष्ट हो गया था कि जमीन की बिक्री उक्त परिवार के पूर्वजों ने पहले ही कर दिया था और अब उनके नाम पर गांव में कोई भूमि शेष नहीं है। इसके बावजूद हाल ही में रतनी की नई सीओ श्रीमती नुजहत ने उन्हीं वंशजों के नाम से जमीन की रसीद काट दी। इतना ही नहीं, रसीद कटवाने के तुरंत बाद करीब दो बिगहा जमीन की बिक्री भी कर दी गई। इस मामले से आक्रोशित गांव के 20 से 25 प्रभावित परिवार पहले डीएम के जनता दरबार पहुंचे, जहां से उन्हें डीसीएलआर कार्यालय भेज दिया गया। जब उन्हें वहां से भी कोई समाधान नहीं मिला तो ग्रामीणों ने अनुमंडल पदाधिकारी के पास जांच के लिए आवेदन दिया। लगभग 10 दिन बीत चुके हैं लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है।ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि मामले की तहकीकात के लिए जब वे चकबंदी पदाधिकारी से मिलने गए तो वह किसी भी दिन कार्यालय में उपस्थित नहीं रहती हैं।

## 23 को मझियांवा और 24 को कंकेर में ग्राम संपर्क यात्रा करेंगे पूर्व सांसद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**औरंगाबाद।** औरंगाबाद के पूर्व सांसद सह नबीनगर के पूर्व विधायक वीरेन्द्र कुमार सिंह 23 अगस्त को नबीनगर विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मझियांवा पंचायत में और 24 अगस्त को कंकेर पंचायत में ग्राम संपर्क यात्रा करेंगे। प्रखंड अध्यक्ष कमलेश कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व सांसद 23 अगस्त की सुबह 10:30 बजे रेड़िया, 11 बजे गम्हरिया, 11:30 बजे दरुआ, 12 बजे सुड़ार, गोगरा बांध, 12:30 कदोखरी, सुहई, 1 बजे घिरसिंडी, 1:30 बजे मझियावां, 2 बजे शिवसागर, लालनगर, पतरघट्टा, 2:30 बजे महुअरी, 3 बजे गोसाईडीह, 3:30 बजे बकतोआ, 4 बजे करमडीह, कोयलाडीह, 4:30 बजे देवगना, 5 बजे हिसी, 5:30 बजे सिमरी भेद, 6 बजे चपरी चपर सेन गांव में ग्राम संपर्क यात्रा करेंगे। वहीं 24 अगस्त की सुबह 10:30 बजे ओबीपुर, 11 बजे कंकेर, 11:30 बजे पचमो, 12 बजे लेरूआ, 12:30 सिमरा लाईन, 1 बजे चंद्रशेखर नगर, 1:30 बजे हरचंदपुर, 2 बजे परसा, 2:30 बजे कंकेर, 3:30 बजे रघुनाथपुर एवं 4 बजे बड़ेम गांव में ग्राम संपर्क यात्रा करेंगे। उपरोक्त कार्यक्रम में जदयू के सभी वरीय कार्यकर्ता और नेता शामिल होंगे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर**

**ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-06/2025-26
पत्रांकः– 355 मेदिनीनगर, दिनांकः– 22/08/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | बेटीबाँध नाला पर एकल चेकडैम निर्माण, प्रखण्डः–पाटन, जिला–पलामू। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 71,10,500=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 28.08.2025 (3:00 PM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 13.09.2025 (4:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 13.09.2025 (4:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 15.09.2025 (5:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7764987718 eemid041@gmail.com |
| 10 | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https:// jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

PR 360199 Minor Irrigation(25-26).D

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर**

**ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-09/2025-26
पत्रांक :– 358 मेदिनीनगर, दिनांक :– 22/08/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | डिलवाहीझाझ नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्डः–चैनपुर, जिला–पलामू। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 63,18,000=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 28.08.2025 (3:00 PM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 13.09.2025 (4:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 13.09.2025 (4:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 15.09.2025 (5:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7764987718 eemid041@gmail.com |
| 10 | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https:// jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR 360208 Minor Irrigation (25-26)_D


### अज्ञात चोरों ने बंद मकान को बनाया निशाना, लाखों की संपत्ति पर हाथ साफ



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गोह (औरंगाबाद)।** देवकुंड थाना क्षेत्र के आंधी बिगहा गांव में अज्ञात चोरों ने एक बंद मकान को निशाना बनाते हुए लाखों की संपत्ति चोरी कर ली। घटना बुधवार की देर रात की है। पीड़ित रामानुज सिंह अपने परिवार के साथ गोह में रहते हैं। गुरुवार को जब वे गांव स्थित अपने घर पहुंचे तो देखा कि मकान का सारा सामान बिखरा पड़ा है। चोरों ने कमरे में रखे गोदरेज, ट्रंक और बक्से को तोड़कर उसमें रखे सोने-चांदी के जेवरात और अन्य आभूषण समेत लगभग 70 हजार रुपये नकद चुरा लिए। सूचना मिलने पर देवकुंड थाना पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की छानबीन शुरू की। साथ ही एफएसएल और डीआईयू की टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर साक्ष्य संकलन किया। थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि पीड़ित के बयान पर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। पुलिस विभिन्न बिंदुओं पर जांच कर रही है और शीघ्र ही मामले का खुलासा करने का दावा किया है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।**

**ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-07/2025-26
पत्रांकः– 356 मेदिनीनगर, दिनांकः– 22/08/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | गिद्धी नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्डः–चैनपुर, जिला–पलामू। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 67,89,800=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 28.08.2025 (3:00 PM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 13.09.2025 (4:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 13.09.2025 (4:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 15.09.2025 (5:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7764987718 eemid041@gmail.com |
| 10 | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https:// jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर।

PR 360204 Minor Irrigation (25-26)D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर**

**ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-04/2025-26
पत्रांकः– 353 मेदिनीनगर, दिनांकः– 22/08/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | धांगरडीह नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्डः–पाटन, जिला–पलामू। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 58,06,900=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 28.08.2025 (3:00 PM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 13.09.2025 (4:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 13.09.2025 (4:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 15.09.2025 (5:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7764987718 eemid041@gmail.com |
| 10 | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https:// jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR 360196 Minor Irrigation (25-26)_D



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर**

**ई0–निविदा आमंत्रण सूचना**

ई0–निविदा संख्या :– WRD/MID/MEDININAGAR/$F_2$-11/2025-26
पत्रांकः– 360 मेदिनीनगर, दिनांकः– 22/08/2025

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कार्य का नाम | सदाबह नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्डः–चैनपुर, जिला–पलामू। |
| 2 | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | 73,31,900=00 |
| 3 | कार्य पूर्ण करने की अवधि | 11 माह |
| 4 | ई0–निविदा वेबसाईट पर प्रकाशित करने की तिथि एवं समय | 28.08.2025 (3:00 PM) |
| 5 | ई0–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि एवं समय | 13.09.2025 (4:00 PM तक) |
| 6 | निविदा शुल्क और EMD ऑनलाइन जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय | e-procurement Portal (jharkhandtenders.gov.in) 13.09.2025 (4:00 PM तक) |
| 7 | ई0–निविदा खुलने की तिथि एवं समय | 15.09.2025 (5:00 PM) |
| 8 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का पदनाम एवं पता | कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, मेदिनीनगर। |
| 9 | ई0–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या एवं ई–मेल पता | 7764987718 eemid041@gmail.com |
| 10 | ई0 प्रोक्योरमेंट सेल एवं हेल्पलाईन नंबर | 0651–2214784 |

नोटः– सिर्फ ई0–निविदा ही स्वीकार की जायेगी।
विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट :– https:// jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।
प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है।

PR 360216 Minor Irrigation(25-26).D

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल,मेदिनीनगर

# बदलो बिहार बनाओ नई सरकार, अब वक्त है बदलाव का, कार्यक्रम आयोजित

## महात्मा गांधी के पपौत्र तुषार गांधी ने कार्यक्रम मे की शिरकत

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** बदलो बिहार साझा मंच के तत्वावधान में शुक्रवार को मसौढ़ी के सौभाग्य उत्सव हॉल में 'सत्ता से सवाल, बदलो सरकार' के तहत कार्यक्रम आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक और राजनीतिक बदलाव की दिशा में जनता को जागरूक करना और एकजुट करना था। कार्यक्रम में महात्मा गांधी के पपौत्र तुषार गांधी, उदय नारायण चौधरी (पूर्व अध्यक्ष, बिहार विधानसभा), सुनिलम (राष्ट्रीय नेता), विधायक गोपाल रविदास, शुभ मूर्ति (संयुक्त किसान मोर्चा), गुड्डडी एस.एल., कुमार चंद्र मरांडी, पंकज कुमार सिंह सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूनम देवी (पूर्व विधायक) ने की, और संचालन रमाकांत रंजन किशोर ने किया।तुषार गांधी ने संबोधन मे कहा कि हमें एक ऐसी व्यवस्था की आवश्यकता है जो पारदर्शी हो और जिसमें हर नागरिक की आवाज सुनी जाए। यह कार्यक्रम उस दिशा में एक कदम है। इसके अलावा मतदाता पुनरीक्षण पर भी कई सवाल उठाए कहा एनडीए वोट चोरी कर सरकार बनाने की जुगत में लगे हुए हैं। मतदाताओं का मत का अधिकार छीना जा रहा है। जिस तरह से बापू ने जो बिहार का सपना देखा था वह अभी भी अधूरा है।वहीं उदय नारायण चौधरी ने अपने संबोधन में कहा, 'बिहार की जनता ने हमेशा बदलाव का समर्थन किया है। आज समय है कि हम एक ऐसी सरकार की मांग करें जो हर वर्ग के हितों को प्राथमिकता दे और सामाजिक न्याय को सुनिश्चित करे। मुख्य वक्ताओं में उमेश शर्मा, सोनेलाल, सिपाही यादव, शशि यादव, कमलेश कुमार, सदन मोहन मांझी,पालटन सिंह, प्रतीक पटेल, बिट्टू यादव, दिलखुश, शामिल थे, जिन्होंने अपने विचारों से उपस्थित जनसमूह को प्रेरित किया। कार्यक्रम में सामाजिक-आर्थिक मुद्दों, किसानों के अधिकारों, और बेहतर शासन की आवश्यकता पर गहन चर्चा हुई। बिहार साझा मंच ने जनता से एकजुट होकर सकारात्मक बदलाव के लिए कार्य करने का आह्वान किया।



## फरार अभियुक्त के घर पुलिस ने साटा इश्तेहार

**मसौढ़ी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** मसौढ़ी पुलिस के द्वारा शुक्रवार को थाना क्षेत्र के कोरियावां गढ़ गांव मे सत्येंद्र हत्याकांड के फरार अभियुक्त रवि कुमार पिता विशाल राम के घर इश्तेहार चश्पा किया है और जल्द ही सरेंडर करने की चेतावनी दी है। दरअसल कोरियावां गढ गांव मे बीते 4 जुलाई की देर रात्रि को क्रिकेट खेलने के दौरान हुए विवाद मे गोली मार कर हत्या कर दी गई थी। घटना के बाद मृतक की पत्नी निर्मला देवी ने सात नामजद एवं 15 अज्ञात पर केस दर्ज कराया था। जिसमे अब तक कई लोग सलाखों के पिछे है। ऐसे मे फरार अपराधी के घर पुलिस इश्तेहार साटा है। वही दूसरा मामला दाउदपुर के कुकुहीया टैला का है, जहां जान मारने के नियत से किये गये गोलीबारी मामले फरार राजा कुमार पिता रमेश प्रसाद के घर इश्तेहार साट कर सरेंडर करने की चेतावनी दी है। ससमय सरेंडर नही करने पर कुर्की की कारवाई की जायेगी।

## संक्षिप्त

### उमानाथ घाट में डूबे ग्रामीण का शव बरामद

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बाढ़ के उमानाथ गंगा घाट पर परिजन का अंतिम संस्कार करने के लिए आए नालंदा जिला निवासी ग्रामीण अनिल रविदास 49 वर्ष डूब गया था जिसके शव को पंडारक के पास से बरामद किया गया है। मृतक नालंदा जिले के सोहसराय थाना अंतर्गत सलेमपुर गांव का निवासी था। शव का पोस्टमार्टम अनुमंडल अस्पताल में कराकर परिजनों को सौंप दिया गया।

### मारपीट में कई जख्मी

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** एनटीपीसी थाना क्षेत्र के अंतर्गत दरियापुर ढीबर गांव में संजीव पांडे को आपसी रंजिश में कुछ लोगों ने मारपीट कर जख्मी कर दिया। इस संबंध में पड़ोसी रंजीत आदि के विरुद्ध केस दर्ज कराया गया । पुलिस जांच कर रही है।

### अश्लील हरकत के आरोप में गिरफ्तार

**पालीगंज (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** नगर बाजार स्थित राम जानकी मठ के सह सचिव पर नाबालिग बच्चियों के साथ अश्लील हरकत करने का गंभीर आरोप लगा है। बच्चियों की मां ने गुरुवार को पालीगंज थाने में लिखित आवेदन देकर शिकायत की थी। शिकायत मिलते ही पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी। सूचना मिलने पर पालीगंज एसडीएम सह मठ प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गरिमा लोहिया तथा उनके साथ पालीगंज डीएसपी पुलिस टीम के साथ मठ पहुंचे और मामले की जांच की। इसके बाद पीड़िता की मां से पूछताछ की। पूछताछ में आरोप लगाया गया कि सह सचिव सुरेश कश्यप ने बच्चियों को अश्लील वीडियो दिखाकर गलत हरकत की है। हालांकि सुरेश कश्यप ने अपने ऊपर लगे आरोपों को बेबुनियाद बताया। लेकिन देर रात उन्होंने खुद थाने में जाकर आत्मसमर्पण कर दिया। पालीगंज थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर दिनेश कुमार ने बताया कि नाबालिग बच्चियों की मेडिकल जांच कराई गई है और उनका बयान धारा 164 के तहत दर्ज कराने के लिए न्यायालय भेजा गया। वहीं आरोपी सुरेश कश्यप को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

### स्टेशन एरिया में बाइक लगाने पर विवाद

**बाढ़ (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** रेलवे स्टेशन पर शुक्रवार की सुबह स्टेशन एरिया के प्रतिबंध इलाके में मोटरसाइकिल लगाने को लेकर रेल यात्री और रेल पुलिस के जवान के बीच जमकर कहा सुनी हुई। पोस्ट ऑफिस गली पीपल पेड़ के पास मोटरसाइकिल लगाकर सामान की खरीदी कर रहे व्यक्ति को जब मोटरसाइकिल प्रतिबंधित इलाका में लगाने से मना किया तो यात्री ने रेल पुलिस का जमकर विरोध कर दिया। यात्री ने बताया कि रेल पुलिस के जवान दबंगई पूर्वक रेल यात्री से व्यवहार कर रहे हैं। वहीं जिस स्थान पर मोटरसाइकिल लगाने से मना किया जा रहा है इस स्थान पर दर्जनों ई रिक्शा लगे हुए हैं जिससे लोग अवैध वसूली करते हैं। वही जब मोटरसाइकिल वाला 2 मिनट के लिए लगाता है तो उसपर रंग झड़ते हैं लेकिन जब रेल पुलिस का यात्रियों ने विरोध किया तो कई यात्री एकजुट होकर विरोध करना शुरू कर दिया। मामला को बिगड़ता देख रेल पुलिस के जवान वहां से खिसक गए हालांकि दोनों पक्ष में विवाद तो हुआ लेकिन मामला शांत हो गया।

# विधानसभा चुनाव से पहले शुरू होगा शस्त्रों का भौतिक सत्यापन

## मसौढ़ी अनुमंडल के सभी थानों में 25 से 27 अगस्त तक चलेगा अभियान

### सत्यापन में विफल रहने पर रद्द हो सकता है लाइसेंस

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** विधानसभा चुनाव में कानून-व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। जिला प्रशासन के निर्देश पर शस्त्र लाइसेंसधारियों के हथियारों और कारतूसों का शत प्रतिशत भौतिक सत्यापन कराया जाना है। यह अभियान मसौढी अनुमंडल के सभी थानों के लिए 25 अगस्त से शुरू होकर 27 अगस्त 2025 तक चलाया जाएगा। जिला प्रशासन का यह कदम तस्करों द्वारा राष्ट्रव्यापी गिरोहों के माध्यम से लाइसेंस प्राप्त कर उच्च गुणवत्ता के हथियार खरीदने और उनका उपयोग संगठित अपराध एवं अपराधिक वर्चस्व स्थापित करने पर रोक लगाने के उद्देश्य से उठाया गया है। इस दौरान मसौढी थाना, धनरूआ थाना, पुनपुन थाना, भगवानगंज और पिपरा थानों के लाइसेंसधारियों को सत्यापन कराना होगा। हलांकि शास्त्रों का भौतिक सत्यापन पहले भी 16.05.2025 से 29.05.2025 तक हो चुका है। और जिन शस्त्र लाइसेंसधारियों ने अभी तक थाना स्तर पर अपने हथियारों का भौतिक सत्यापन नहीं कराया है, उन्हें निर्धारित तिथियों में किसी एक दिन सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संबंधित थाने में उपस्थित होना होगा। आयुध अधिनियम, 1959 की धारा-19 और आयुध नियम, 2016 के नियम-31 के तहत उन्हें अपनी लाइसेंस बुक प्रस्तुत करके हथियार और कारतूसों का सत्यापन कराना होगा। जिला प्रशासन ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि आयुध नियम, 2016 के नियम 30 एवं 112 (2) के अनुसार उपरोक्त सत्यापन में विफल रहने वाले शस्त्र लाइसेंसधारियों की लाइसेंस निलंबित या रद्द की जा सकती है। इसकी पूरी जिम्मेदारी स्वयं लाइसेंसधारी की होगी।

# 12 घंटे बाद फतुहा से मजदूर का शव हुआ बरामद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**मसौढ़ी।** पुनपुन सस्पेंशन ब्रिज पर काम करने के दौरान नदी में गिरे हुए मजदूर का 12 घंटे के बाद फतुआ से शव को बरामद कर लिया गया है। पुनपुन पुलिस मौके पर शव को कब्जे में लेते हुए पकड़ी बाजार लाई और उसके बाद पोस्टमार्टम के लिए पटना भेज दिया गया है। दरअसल घटना गुरुवार की दोपहर हुई थी जहां पर निर्माणाधीन सस्पेंशन ब्रिज के ऊपर से गुरुवार की दोपहर दो मजदूर नदी में गिर पड़े थे, साथियों ने रस्सी के सहारे एक को तो बाहर निकाल लिया था, लेकिन दूसरे का बचाने में कामयाब नहीं होते और वह तेज धार में बह गया था। मृतक दीपक के बारे में बताया जाता है कि ब्रिज के ऊपर नट बोल्ट कसने का काम कर रहा था इसी दौरान उमेश जिस रस्सी को अपने शरीर में फंसा कर काम कर रहा था वह टूट गई और वह नदी में जा गिरा। उमेश को गिरते देख दीपक जैसे ही ब्रिज से नीचे उतरने की कोशिश की उसका सेफ्टी बेल्ट खुल गया और वह भी नदी में जा गिरा आसपास के लोगों ने किसी तरह से रस्सी के सहारे उमेश को बाहर निकाल लिया, लेकिन दीपक को नहीं निकाल पाए। सूचना होने के बाद 2 घंटे बाद एसडीआरएफ की टीम मौके पर पहुंची तब तक वह हंगामा हुआ। मजदूर उत्तर प्रदेश के बरेली स्थित सुभाष नगर का रहने वाला बताया जाता है। गौरतलब है की सस्पेंशन ब्रिज का काम एपिकॉन कंपनी की ओर से कराया जा रहा है और इस काम में अधिकांश लोग उत्तर प्रदेश की ही करीब 25 मजदूर हैं काम कर रहे हैं घटना के बाद मृतक मजदूर पर सरकारी मुआवजा देने की मांग लोगों ने की है।


## पूर्व रेलवे

**खुली निविदा सूचना सं.: एचजी_9_प्रोक्योरमेंट_डाइट_25, दिनांक: 21.08.2025।** चिकित्सा निदेशक, बी.आर. सिंह अस्पताल, पूर्व रेलवे, सियालदह, बेलियाघाटा रोड, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए अनुभवी एवं सम्माननीय एजेंसियों से ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदादाता को सिर्फ नीचे उल्लिखित वेबसाइट के जरिये ही ऑनलाइन बोली लगानी होगी। इस निविदा संख्या के तहत हार्ड प्रति में निविदा दस्तावेज नहीं बेचे जायेंगे। **निविदा सं.: एचजी_9_प्रोक्योरमेंट_डाइट_25। कार्य का नाम सहित लोकेशन:** 01 वर्ष (365 दिनों) के लिए बी.आर. सिंह अस्पताल, सियालदह के इंडोर भर्ती रोगियों के लिए आहार सामग्रियों की प्राप्ति। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,53,46,627. 14। **बयाना राशि:** ₹ 2,26,700। **ई-निविदा जमा करने की तारीख एवं समय:** 08.09.2025 को दोपहर 12.00 बजे तक। **वेबसाइट का विवरण :** www.ireps.gov.in। **सूचना पट्ट:** चिकित्सा निदेशक, बी.आर. सिंह अस्पताल, पूर्व रेलवे, सियालदह का कार्यालय।

(MED-03/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter


# एएसपी ने मसौढ़ी थाने का किया निरीक्षण, गश्त तेज करने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** एएसपी कोमल मीणा के द्वारा मसौढी थाने का औचक निरीक्षण किया गया, जहां थाना परिसर, अभिलेखों (रजिस्टर), मालखाना और अन्य महत्वपूर्ण व्यवस्थाओं की जांच की गई, ताकि पुलिस के कामकाज में सुधार किया जा सके और व्यवस्था को चुस्त-दुरुस्त रखा जा सके। वहीं थाने में दर्ज विभिन्न रजिस्टरों जैसे केस डायरी, स्टेशन डायरी, अपराध पंजी आदि की बारीकी से जांच कि गई। इसके अलावा आमजन से समन्वय स्थापित करने, गश्त व्यवस्था मजबूत करने, और आपराधिक घटनाओं पर अंकुश लगाने जैसे महत्वपूर्ण निर्देश पुलिसकर्मियों को दिए। इसके अलावा ससमय कांडो का निष्पादन करने एवं वारंटियों की धरपकड़ के साथ साथ पेट्रोलिंग तेज करने और जेल से छूटे हूए अपराधियों पर नजर रखने और उसकी आर्थिक की अधतन स्थिति पर नजर रखने का दिशा निर्देश दिये

### संदिग्धों के बारे में दें पुलिस को सूचना

**मसौढ़ी।** बैंकों में हो रही घटनाओं पर रोकथाम के लिए शुक्रवार को डीएसपी-2 कन्हैया कुमार ने पुलिस फोर्स के साथ शहर के पीएनबी एवं बैंक ऑफ बडौदा बैंक में गए और वहां बिना काम के घूम रहे लोगों से पूछताछ की और चेतावनी देकर छोड़ दिया। इसके बाद बैंक में नियुक्त गार्डों को हिदायत दी कि बिना काम के घूम रहे ऐसे लोगों पर वह अपनी नजर रखें और उन्हें बाहर का रास्ता दिखाएं। इस निरीक्षण से बैंक में मौजूद लोगों में खासा हड़कंप मचा रहा। उन्होंने बैंक मैनेजरों को निर्देशित किया कि किसी भी संदिग्ध व्यक्ति के संदेह होने पर पुलिस को सूचना दें। उन्होंने सायरन, सीसीटीवी कैमरे और गा?र्ड्स की ड्यूटी आदि की जानकारी ली। इस दौरान उनको बैंक की व्यवस्था ठीक ठाक मिली। वहीं बैंकों के आस-पास बाइक चेकिंग अभियान भी चलाया गया। बैंक में चेंकिग के दौरान सीसी कैमरा, अलार्म, सुरक्षा गार्ड, समेत सुरक्षा से जुड़े अन्य बिदुओं की जांच की। बैंक में अधिकारियों को सतर्क रहने और सुरक्षा व्यवस्था में कोताही न बरतने को कहा गया है। डीएसपी कन्हैया कुमार ने बताया कि बैंक में तैनात सुरक्षा गार्ड को यहां निर्देश दिया गया है कि कोई भी बैंक में प्रवेश करता है तो उन्हें प्रवेश द्वार पर ही सीसी कैमरा के पास मास्क को कुछ सेकेंड के लिए हटाने के लिए बोलें जिससे उसका चेहरा कैमरा में कैद हो सके।

# खुदाई में निकला शिवलिंग, उमड़ा श्रद्धालुओं का जनसैलाब

## आस्था

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** धनरूआ थाना क्षेत्र के पेभडा गांव स्थित एक घर में खुदाई के दौरान एक काले रंग का शिवलिंग मिला है। जिसे पूरे गांव में चर्चा का विषय बना हुआ है और उसे देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ लगी है, और उस काले रंग के शिवलिंग को निकाल कर महादेव स्थान मंदिर में रखा गया है। दरअसल बताया जाता है कि बीते गुरुवार की सुबह ओम कुमार यादव के घर में टंकी की खुदाई हो रही थी जहां 10 फीट की खुदाई के दौरान काले रंग का भव्य शिवलिंग मिला, जो काफी प्राचीन शिवलिंग बताया गया, खुदाई की दौरान शिवलिंग मिलने की खबर जब एक ट्रस्ट को मिली तो वह शुक्रवार को खुदाई सर पर पहुंचा और ग्रामीणों से शिवलिंग की मांग की लेकिन ग्रामीणों ने शिवलिंग देने से मना किया मौके पर धन्यवाद पुलिस भी पहुंची जहां ग्रामीणों ने फिलहाल शिवलिंग को महादेव स्थान मंदिर में स्थापित कर दिया है। स्थानीय लोगों में अशोक रजक, मेघन गोप, मुनटुन कुमार चन्दन रंजीत विनोद यादव सुजीत कुमार चिंटू कुमार आदी ने बताया की शुभ दिन देखकर शिवलिंग को इसी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा करेंगे। वहीं अन्य लोगों ने बताया कि गांव में शिवलिंग मिलना गांव के लिए शुभ संदेश है। जहां गांव की उन्नति बढेगी।

## पेज 1 का शेष

### गयाजी की सांस्कृतिक...

वोट बैंक मानते हैं। उन्हें गरीबों के मान-सम्मान और सुख-दुख से कोई मतलब नहीं है। कांग्रेस के एक सीएम ने मंच से कहा था कि अपने राज्य में बिहार के लोगों को घुसने नहीं देंगे। बिहार की एनडीए सरकार कांग्रेस और इंडी गठबंधन के इस नफरती अभियान का जवाब दे रही है। उन्होंने कहा कि बिहार के नौजवानों को सरकारी नौकरी देने के लिए नीतीश जी ने अभियान चलाया है। नीतीश जी के कारण ही शिक्षक पात्रता परीक्षा भी पूरी पारदर्शिता के साथ हुई। यहां के युवाओं को रोजगार देने और पलायन रोकने के लिए लगातार काम किया जा रहा है। 15 अगस्त से पीएम विकसित भारत योजना लागू हुई है। इसके तहत युवाओं को निजी क्षेत्र में पहली नौकरी पर केंद्र सरकार अपने पास से 15 हजार रुपए दिए जाएंगे। आज का यह कार्यक्रम इसका एक शानदार उदाहरण है। सिमरिया ब्रिज के शिलान्यास का सौभाग्य बिहार के लोगों ने मुझे दिया। आज उसका लोकार्पण करने का मौका भी मुझे दिया गया है। यह कुछ शहरों नहीं बल्कि पूरे उत्तर और दक्षिण बिहार को जोड़ने का काम करेगा। जो पहले गांधी सेतू को पारकर 150 किमी का लंबा चक्कर काटते थे। उन्हें अब कम दूरी तय करनी होगी। इससे व्यवसाय को लाभ पहुंचेगा। पीएम ने कहा कि पहले की सरकार में जेल से ही फाइलों पर साइन किए जा रहे थे और सरकारी आदेश निकाले जा रहे थे। नेताओं का यह रवैया रहेगा तो भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई कैसे लड़ी जा सकती है। संविधान हर जनप्रतिनिधि से इमानदारी और पारदर्शिता की उम्मीद करता है। हम संविधान की मर्यादा को तार-तार होते नहीं देख सकते हैं। इसलिए एनडीए भ्रष्टाचार की समाप्ति के लिए ऐसा कानून लाई है जिसके दायरे में पीएम, सीएम व मंत्री भी हैं। जब यह कानून बन जाएगा तो पीएम-सीएम व मंत्रियों को गिरफ्तारी के 30 दिनों के अंदर जमानत लेनी होगी। अगर जमानत नहीं मिली तो उसे कुर्सी छोड़नी होगी। जो जेल जाए उसे कुर्सी छोड़नी चाहिए या नहीं? इसलिए ऐसा सख्त कानून बनाने की तरफ हमारी सरकार अग्रसर है लेकिन ये राजद, कांग्रेस व लेफ्ट वाले इस कानून का विरोध कर रहे हैं। ये बहुत गुस्से में हैं। कौन नहीं जानता उनको किस बात का डर है। जिसने पाप किया होता है वह अपने पाप को दूसरों से छिपाता है। लेकिन, खुद तो भीतर से जानता है कि उसने क्या खेल खेला है। राजद-कांग्रेस वाले कुछ बेल पर हैं। राजेंद्र बाबू और बाबा साहब ने कभी सोचा भी नहीं होगा कि सत्ता के भूखे लोग भ्रष्टाचार करेंगे और जेल जाने के बाद भी कुर्सी से चिपके रहेंगे। अब भ्रष्टाचारी जेल जाएंगे और उनकी कुर्सी भी जाएगी। भारत को भ्रष्टाचार से मुक्त बनाने का संकल्प देश के लोगों का है। यह पूरा होकर रहेगा। देश में घुसपैठियों की बढ़ती संख्या चिंता का विषय है। श्री मोदी ने कहा कि बिहार के सीमावर्ती जिलों में तेजी से डेमोग्राफी बदल रही है। इसलिए एनडीए सरकार ने तय किया है कि देश का भविष्य घुसपैठियों को नहीं तय करने देंगे। घुसपैठियों को बिहार के युवाओं का रोजगार नहीं छिनने देंगे। जिन सुविधाओं पर भारतीयों का अधिकार है। उसपर घुसपैठियों को डाका नहीं डालने देंगे। बहुत जल्द डेमोग्राफी सर्वे का कार्य शुरु होगा। हम हर घुसपैठी को देश से बाहर करके रहेंगे। क्या घुसपैठिए आपका रोजगार छिन लें और आपकी जमीन पर कब्जा कर लें यह मंजूर है। कांग्रेस और राजद ने बिहार के लोगों का हक छिनकर घुसपैठियों को देना चाहते हैं। एनडीए को हराने के लिए कांग्रेस-राजद कितना भी नीचे जा सकते हैं। इसलिए बिहार के लोगों को सतर्क रहने की जरुरत है। हमें बिहार को कांग्रेस-राजद की बुरी नजर से बचाकर रखना है। बिहार के लिए यह समय बेहद खास है।

### पीएम ने औरंगाबाद को...

जाएगा। आत्मनिर्भर भारत के लक्ष्य की प्राप्ति के लिए राज्य के नगर निकायों में जल संरक्षण, जलस्त्रोतों का पुनरुद्धार, पुनर्चक्रण, पेयजलापूर्ति व उपयोग किए गए पानी को उपचारित कर दुबारा उपयोग के लिए वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, वर्षा जल संग्रहण कर हरित विकसित करने के साथ सुव्यवस्थित पार्क विकसित कर शहर को भव्य बनाया जाएगा। वहीं लगभग 72 करोड़ की लागत से औरंगाबाद में पेयजलापूर्ति योजना की शुरुआत की जाएगी। इसके तहत शहर में हर घर में शुद्ध नल का जल मिलेगा। इसके लिए बारून स्थित सोन नदी से पाइपलाइन के जरिए पानी लाया जाएगा। शहर के हर एक घरों तक शुद्ध पानी पहुंचाया जाएगा। बता दें कि शहर में गर्मी के दिनों में कई मोहल्ले में पानी की समस्या विकराल हो जाती है। योजना का शुरुआत होने के बाद लोगों को पेयजल की समस्या से निजात मिलेगी।

# आंगनबाड़ी केंद्र चलाने के लिए स्कूल के दरवाजे पर घंटों बच्चों के साथ बैठी रही सेविका

## हेडमास्टर पर लगाया मनमानी का आरोप

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मसौढ़ी।** राजकीय मध्य विद्यालय वीर स्थित चल रहे आंगनबाड़ी केंद्र संचालन के लिए शुक्रवार को स्कूल के दरवाजे पर बच्चों के साथ सेविका बैठी रही, लेकिन स्कूल का ताला नहीं खुला, काफी देर बाद 9:30 बजे के आसपास स्कूल का ताला खोला गया। दरअसल यह पूरा मामला धनरूआ थाना क्षेत्र के वीर गांव स्थित मध्य विद्यालय स्कूल का है, जहां पर उस स्कूल के अंदर एक कमरे में आंगनबाड़ी केंद्र चलता है, जिसका कोड संख्या 230 है जहां सेविका अर्चना कुमारी ने बताया कि स्कूल के हेड मास्टर राज किशोर प्रसाद की इन दोनों मनमानी के कारण हमारा आंगनबाड़ी केंद्र संचालन में बहुत ही कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। दरअसल अर्चना कुमारी ने बताया कि आंगनबाड़ी केंद्र सुबह 7:30 बजे से 12:00 तक चलता है लेकिन स्कूल के हेड मास्टर स्कूल में ताला लगाए हुए रहते हैं उसकी चाबी भी नहीं देते हैं और 9:30 बजे या 10:00 बजे पहुंचते हैं ऐसे में प्रतिदिन आंगनबाड़ी केंद्र चलाने में 2 घंटा विलंब होता है जिससे 2 घंटे का बच्चों का लॉस होता है। इस मामले में प्रखंड विकास पदाधिकारी सीमा कुमारी ने उक्त मामले मे बीईईओ को पूरे मामले की जांच करने और कारवाई करने की बात कही है। इसके साथ ही उन्होंने कहा है कि आंगनवाड़ी केंद्र के संचालन में हो रहे लापरवाही बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। वही स्कूल के हेड मास्टर राजकुमार प्रसाद से बात की गई तो उन्होंने कहा कि अभी हम बीएलओ के कार्य में लगे हैं कभी कभार लेट हो जाती है लेकिन आमतौर पर सुबह में ही स्कूल खुल जाता है।

# बयान के विरोध में जदयू ने राहुल गांधी का फूंका पुतला

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बाढ़।** जनता दल यूनाइटेड अति पिछड़ा प्रकोष्ठ ने कंग्रेस नेता राहुल गांधी के उस बयान की कड़ी निंदा की है, जिसमें उन्होंने खुद को 'जननायक' बताया था। जदयू का कहना है कि राहुल गांधी का यह बयान बिहार के जननायक कर्पूरी ठाकुर का अपमान है। इसी विरोध में, अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के प्रदेश कार्यालय के निर्देश पर पूरे बिहार के जिला मुख्यालयों में राहुल गांधी का पुतला दहन किया गया। बाढ़ में भी कचहरी चौक पर कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और राहुल गांधी का पुतला जलाया। इस कार्यक्रम में जनता दल यूनाइटेड अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष राजीव रंजन शर्मा, जिला अध्यक्ष अशोक चंद्रवंशी, देवराज शर्मा, रंजीत कुमार मलिक, अरुण कुमार, प्रणव कुमार, अनंत कुमार, अथमलगोला प्रखंड अध्यक्ष रामकुमार शर्मा और जिला प्रवक्ता संजय यादव सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे। कार्यकर्ताओं ने कहा कि राहुल गांधी को बिहार के गौरवशाली इतिहास और जननायक कर्पूरी ठाकुर के योगदान की जानकारी नहीं है, और उनका यह बयान बिहार की जनता और अति पिछड़ा समाज का अपमान है।

# पारिवारिक विवाद में युवक की गोली मारकर हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पालीगंज।** थाना क्षेत्र के माधवाँ गांव में शुक्रवार को पारिवारिक विवाद में ममेरे भाई ने अपने फुफ़ेरे भाई को गोली मारकर हत्या कर दी। मृतक की पहचान नौबतपुर थाना क्षेत्र के आनंदपुर गांव निवासी शैलेंद्र यादव के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार शैलेंद्र अपने नाना के घर भोज में शामिल होने के लिए एक दिन पहले माधवाँ गांव आया था। शुक्रवार को किसी बात को लेकर उसका ममेरे भाई निरंजन यादव से विवाद हो गया। विवाद बढ़ने पर निरंजन ने गोली चला दी, जिससे शैलेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पालीगंज डीएसपी राजीव चंद्र सिंह एवं थाना प्रभारी दिनेश कुमार दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी। इसके अलावा पटना से एफएसएल टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया है। पुलिस फरार आरोपी की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।


## पूर्व रेलवे

**निविदा सूचना संख्या: 222-एस/1/डब्ल्यू-II, दिनांक: 19.08.2025।** वरिष्ठ मंडल अभियंता/I , पूर्व रेलवे, कंट्रोल बिल्डिंग, डीआरएम बिल्डिंग, काइज़र स्ट्रीट, सियालदह, कोलकाता-700014 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन के जरिये निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **क्रम संख्या:** 1। **निविदा संख्या: टीएन-119-25-26। कार्य का नाम:** वरिष्ठ मंडल अभियंता/I/सियालदह के अधिकार क्षेत्र में आवश्यक पाइपलाइन कार्य सहित विभिन्न स्टेशनों में टॉयलेट ब्लॉक का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹ 1,31,81,112.57। **जमा बयाना राशि:** ₹ 2,15,900। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 10 (दस) महीना। **क्रम संख्या:** 2। **निविदा संख्या: टीएन-120-25-26। कार्य का नाम:** (i) वरिष्ठ मंडल अभियंता/I/ सियालदह के खंड के अधीन समपार फाटकों के सुधार एवं जीर्णोद्धार कार्य का प्रावधान सहित अन्य सभी आनुषंगिक कार्य तथा (ii) सियालदह मंडल में विभिन्न समपार फाटक पर विभिन्न प्रकार के सड़क संकेत बोर्ड का प्रावधान। **निविदा मूल्य:** ₹ 63,87,428.28। **जमा बयाना राशि:** ₹ 2,39,900। **कार्य पूरा करने की अवधि:** 09 (नौ) महीना। **निविदा बंद होने की तारीख एवं समय:** 11.09.2025 को अपराह्न 3.00 बजे (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)। निविदा दस्तावेज एवं अन्य विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in पर दिए गए हैं। निविदा हेतु बोलियां उपर्युक्त वेबसाइट पर ई-निविदा के जरिये जमा करनी होंगी। मैनुअल प्रस्ताव सीधे रद्द कर दिए जायेंगे। निविदा खुलने की तारीख एवं समय: **11.09.2025 को अपराह्न 3.30 बजे** (क्रम संख्या 1 एवं 2 प्रत्येक के लिए)।

(SDAH-181/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट:www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें: @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# बीसीसीआई का निर्देश-दलीप ट्रॉफी में इंटरनेशनल खिलाड़ियों को शामिल करें

## ● स्टेट एसोसिएशन को लिखा पत्र, साउथ जोन की टीम में सिराज-राहुल का भी नाम नहीं



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने दलीप ट्रॉफी जैसे प्रमुख घरेलू टूर्नामेंट में सेंट्रली-कॉन्ट्रैक्टेड खिलाड़ियों को शामिल करने का सख्त निर्देश जारी किया है। यह कदम तब उठाया गया जब साउथ जोन ने केएल राहुल, मोहम्मद सिराज, वाशिंगटन सुंदर, प्रसिद्ध कृष्णा और साई सुदर्शन जैसे बड़े खिलाड़ियों को अपनी दलीप ट्रॉफी टीम में नहीं चुना। यह टूर्नामेंट 28 अगस्त से बेंगलुरु में शुरू होने वाला है।

**बीसीसीआई की ओर से भेजा गया पत्र –** पिछले हफ्ते, बीसीसीआई के जनरल मैनेजर (क्रिकेट ऑपरेशंस) अभय कुरुविला ने सभी राज्य क्रिकेट संघों को एक ईमेल भेजा। इसमें उन्होंने दलीप ट्रॉफी को सम्मान देने और इसकी प्रतिस्पर्धा को उच्च स्तर पर बनाए रखने की बात कही। कुरुविला ने लिखा, दलीप ट्रॉफी के रुतबे को बनाए रखने के लिए, सभी उपलब्ध भारतीय खिलाड़ियों को उनकी जोनल टीमों में चुना जाना जरूरी है। जोनल संयोजकों से अनुरोध है कि वे यह सुनिश्चित करें कि सभी उपलब्ध भारतीय खिलाड़ी दलीप ट्रॉफी के लिए चुने जाएं।

- **साउथ जोन का फैसला और असमंजस –** साउथ जोन ने 27 जुलाई को सबसे पहले अपनी दलीप ट्रॉफी टीम की घोषणा की थी, जिसमें तिलक वर्मा को कप्तान बनाया गया। उस समय बीसीसीआई का यह निर्देश नहीं आया था। अब यह साफ नहीं है कि कुरुविला के ईमेल के बाद साउथ जोन अपनी टीम में बदलाव करेगा या नहीं।
- **कौन-कौन खेलेगा दलीप ट्रॉफी –** इस बार दलीप ट्रॉफी में शुभमन गिल (टेस्ट कप्तान), यशस्वी जायसवाल, कुलदीप यादव, आकाश दीप, मोहम्मद शमी, अर्शदीप सिंह और श्रेयस अय्यर जैसे बड़े खिलाड़ी अपनी-अपनी जोनल टीमों के लिए खेलते नजर आएंगे।
- **बीसीसीआई के नियम क्या कहते हैं –** कुरुविला ने अपने ईमेल में यह भी स्पष्ट किया कि सभी कॉन्ट्रैक्टेड खिलाड़ियों को बीसीसीआई के दिशा-निर्देशों का पालन करना होगा। उन्होंने लिखा, सभी खिलाड़ी, चाहे कॉन्ट्रैक्टेड हों या नहीं, जो भारतीय टीम के लिए चयन के लिए उपलब्ध हैं, उन्हें बीसीसीआई के घरेलू टूर्नामेंट में हिस्सा लेना होगा।

# विमेंस वर्ल्ड कप के शेड्यूल में बदलाव

## एम चिन्नास्वामी स्टेडियम से छिन गई विश्व कप मैचों की मैजबानी, आईसीसी ने बदला वेन्यू

### बेंगलुरु में होने वाले मैच मुंबई में खेले जाएंगे, ओपनिंग मैच भी शामिल

**दुबई (एजेंसी)।** इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (आईसीसी) ने 30 सितंबर से भारत में होने वाले विमेंस वनडे वर्ल्ड कप के शेड्यूल में बदलाव किया है। गुरुवार को जारी नए शेड्यूल के अनुसार, बेंगलुरु के एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में होने वाले मैचों को नवी मुंबई स्थित डी वाई पाटिल स्टेडियम में शिफ्ट किया गया है। इनमें भारत और श्रीलंका के बीच ओपनिंग मैच और दूसरा सेमीफाइनल जैसे मैच शामिल हैं। कर्नाटक सरकार ने वहां के स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (केएससीए) को मैच कराने की मंजू.री नहीं दी। आरसीबी की विक्ट्री सेरेमनी में मची भगदड़ के बाद जांच करने वाले जस्टिस जॉन माइकल कुन्हा आयोग ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम को बड़े आयोजनों के लिए ठीक नहीं माना था। इससे पहले 11 अगस्त से शुरू होने वाली घरेलू टी-20 लीग महाराजा ट्रॉफी को मैसूर शिफ्ट कर दिया गया। इससे विमेंस वर्ल्ड कप के मैचों और 2026 में यहां आईपीएल मैचों की मेजबानी पर भी सवाल खड़े हो गए। जस्टिस जॉन माइकल कुन्हा आयोग ने कहा था-32,000 दर्शकों की क्षमता वाला एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम, जो सिर्फ 17 एकड़ में फैला है, बड़े आयोजनों के लिए ठीक नहीं है। आयोग ने सलाह दी थी कि ऐसे मैचों को ज्यादा जगह और बेहतर सुविधाओं व पार्किंग वाले स्थानों पर कराया जाए।

| विरुद्ध | डेट | टाइम | वेन्यू |
|---|---|---|---|
| श्रीलंका | 30 सितंबर | 3:00 PM | गुवाहाटी |
| पाकिस्तान | 5 अक्टूबर | 3:00 PM | कोलंबो |
| साउथ अफ्रीका | 9 अक्टूबर | 3:00 PM | विशाखापट्टनम |
| ऑस्ट्रेलिया | 12 अक्टूबर | 3:00 PM | विशाखापट्टनम |
| इंग्लैंड | 19 अक्टूबर | 3:00 PM | इंदौर |
| न्यूजीलैंड | 23 अक्टूबर | 3:00 PM | नवी मुंबई |
| बांग्लादेश | 26 अक्टूबर | 3:00 PM | नवी मुंबई |
| सेमीफाइनल-1 | 29 अक्टूबर | 3:00 PM | कोलंबो/ गुवाहाटी |
| सेमीफाइनल-2 | 30 अक्टूबर | 3:00 PM | नवी मुंबई |
| फाइनल | 2 नवंबर | 3:00 PM | कोलंबो/ नवी मुंबई |





**डी वाई पाटिल स्टेडियम को 5वां वेन्यू बनाया –** आईसीसी ने मुंबई को वर्ल्ड कप की मेजबानी का 5वां वेन्यू बनाया है। पहले बेंगलुरू 5वां वेन्यू था। टूर्नामेंट में 28 लीग और 3 नॉकआउट मैच होंगे। संशोधित शेड्यूल के अनुसार, मुंबई, इंदौर, गुवाहाटी, विशाखापट्टनम और कोलंबो में खेले जाएंगे। वहीं, पहला सेमीफाइनल 29 अक्टूबर को गुवाहाटी या कोलंबो में (पाकिस्तान के पहुंचने पर निर्भर) और दूसरा सेमीफाइनल 30 अक्टूबर को मुंबई में होगा। फाइनल 2 नवंबर को नवी मुंबई या कोलंबो में खेला जाएगा।

**पाकिस्तान के सभी मैच हाइब्रिड मॉडल पर होंगे –** पाकिस्तान के सभी मैच हाइब्रिड मॉडल पर श्रीलंका में खेले जाएंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के बीच हुए हाइब्रिड समझौते के अनुसार, पाकिस्तान की टीम अपने सभी मैच न्यूट्रल वेन्यू कोलंबो में खेलेगी। इनमें बांग्लादेश (2 अक्टूबर), इंग्लैंड (15 अक्टूबर), न्यूजीलैंड (18 अक्टूबर), दक्षिण अफ्रीका (21 अक्टूबर) और श्रीलंका (24 अक्टूबर) के खिलाफ मैच शामिल हैं।

**बेंगलुरु में हुई भगदड़ में 11 लोगों की मौत हो गई थी –** चिन्नास्वामी स्टेडियम मे जून में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) की आईपीएल जीत के जश्न के दौरान स्टेडियम के आसपास हुई भगदड़ ने सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े किए थे। इस हादसे में 11 लोगों की जान गई थी और 50 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

# पीकेएल-12 -12 गुजरात जायंट्स के कप्तान मोहम्मदरेजा ने कहा

### यह सीजन मेरे लिए अलग, इरानी खिलाड़ी गुजरात की कप्तानी करेगा



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) के 12वें सीजन की शुरुआत 29 अगस्त से होगी। इससे पहले, जियोस्टार द्वारा आयोजित पीकेएल प्री-सीजन मीडिया डे पर गुजरात जायंट्स के कप्तान मोहम्मदरेजा शादलू और बंगाल वॉरियर्स के कोच नवीन कुमार ने मीडिया से बातचीत की। शादलू ने कहा, यह सीजन मेरे लिए अलग है क्योंकि मैं इस बार टीम का कप्तान हूं। हमारी टीम तैयार है और हमारे खिलाड़ी मोटिवेट हैं और वे यह खिताब जीतना चाहते हैं। और मुझे उम्मीद है कि हम यह खिताब जीत पाएंगे।इस ईरानी खिलाड़ी ने आगे कहा, मैंने यहां के खिलाड़ियों से बहुत कुछ सीखा है। मुझे इस देश में नए दोस्त मिले हैं। शादलू को 12वें सीजन के लिए हुए ऑक्शन में गुजरात जायंट्स ने 2.23 करोड़ रुपए में खरीदा था।

**हमने इस सीजन में एक युवा टीम बनाई- नवीन** -नवीन कुमार ने कहा, हमने इस सीजन में एक युवा टीम बनाई है और कई नए खिलाड़ियों को शामिल किया है। नवीन ने कहा, हमने देवांक दलाल को ज्यादा कीमत में खरीदा है और वह हमारे टीम लिए महत्वपूर्ण खिलाड़ी होंगे। सीजन-11 के बेस्ट रेडर रहे देवांक को बंगाल ने इस सीजन के लिए 2.205 करोड़ रुपए में खरीदा था। उन्होंने आगे कहा, खेल पर होम ग्राउंड और फैंस का सपोर्ट काफी असर डालता है। किसी खिलाड़ी और टीम को जितना ज्यादा समर्थन मिलता है, वे उतने ही ज्यादा प्रेरित होते हैं। एक खिलाड़ी तभी अपना बेस्ट प्रदर्शन कर सकता है जब उसके फैंस उसके साथ हों, उसका उत्साहवर्धन करें और उसे प्रेरित करें।

**पटना ने सबसे ज्यादा 3 खिताब जीते** -प्रो-कबड्डी लीग की शुरुआत जुलाई 2014 में हुई। जयपुर पिंक पेंथर्स टीम ने नवनीत गौतम की कप्तानी में पहले सीजन का खिताब जीता। दूसरे सीजन में अनूप कुमार की कप्तानी वाली यू मुंबा चैंपियन बनी। तीसरे सीजन में पटना पाइरेट्स ने खिताब उठाया और टीम ने लगातार 3 फाइनल जीतकर खिताबी हैट्रिक बनाई।

# दूसरे वनडे में साउथ अफ्रीका 277 रन पर ऑलआउट

### ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर्स ने 5 विकेट लिए



**मैकाय (एजेंसी)।** मैकाय में खेले गए दूसरे वनडे मुकाबले में साउथ अफ्रीका की टीम 49.1 ओवर में 277 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। टीम की ओर से मैथ्यू ब्रिट्जके ने 88 और ट्रिस्टन स्टब्स ने 74 रनों की पारी खेली। दोनों ने चौथे विकेट के लिए 89 रनों की अहम साझेदारी की। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने आखिरी 10 ओवरों में वापसी की। एक समय 233/5 के स्कोर से साउथ अफ्रीका ने 31 रन जोड़ते हुए 5 विकेट गंवाए। टीम पूरे 50 ओवर भी बैटिंग नहीं कर सकी। ऑस्ट्रेलिया के गेंदबाजों ने शानदार प्रदर्शन किया। एडम जम्पा ने 3 विकेट लिए, जबकि ट्रैविस हेड और मार्नस लाबुशेन ने मिलकर 2 विकेट झटके। नाथन एलिस ने भी 2 विकेट हासिल किए। तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट ने शुरुआती झटके दिए और कप्तान ऐडन मार्करम को खाता खोले बिना पवेलियन भेजा।

### ब्रिट्जके ने लगातार चौथा अर्धशतक लगाया

साउथ अफ्रीका के लिए ब्रिट्जके ने लगातार चौथा अर्धशतक लगाया और वह चार मैचों के बाद वनडे क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज बने। वहीं स्टब्स ने 16 पारियों के बाद पहली बार पचास का आंकड़ा छुआ। अंतिम ओवरों में खराब शॉट सिलेक्शन और लगातार विकेट गिरने से साउथ अफ्रीका बड़ा स्कोर खड़ा करने का मौका गंवा बैठा। ब्रिट्जके ने ट्रिस्टन स्टब्स के साथ चौथे विकेट के लिए 89 रनों की साझेदारी की।

- **आखिरी 10 ओवरों में स्पिनर्स ने पकड़ बनाई –** ऑस्ट्रेलिया के स्पिनरों ने आखिरी 10 ओवरों में पकड़ बनाई और साउथ अफ्रीका को 280 से नीचे रोक दिया। ऑस्ट्रेलिया ने 7 गेंदबाजों का इस्तेमाल किया, जिनमें से 3 स्पिनर थे। एडम जम्पा, ट्रैविस हेड और मार्नस लाबुशेन ने मिलकर 17 ओवर में 94 रन दिए और 5 विकेट लिए।
- **नाथन एलिस को 2 विकेट –** नाथन एलिस सबसे सफल तेज गेंदबाज रहे। उन्होंने 46 रन देकर 2 विकेट लिए। जेवियर बार्टलेट ने बेन ड्वार्शुइस की गैरमौजूदगी में अच्छी गेंदबाजी की। अपने तीसरे ह्रष्ठद्ब में खेलते हुए बार्टलेट ने नई गेंद संभाली। उन्होंने स्टैंड-इन कप्तान ऐडन मार्करम को चौथी ही गेंद पर मिडविकेट पर कैच करा दिया। वे शून्य के स्कोर पर पवेलियन लौटे। बतौर कप्तान मार्करम का औसत 24.28 रहता है, जबकि कप्तान न होने पर 40.63 का है। टेम्बा बावुमा की चोट (हैमस्ट्रिंग) से वापसी के बाद उनके वर्कलोड को मैनेज करने के लिए उन्हें आराम दिया गया है। रायन रिकेल्टन भी बार्टलेट और जोश हेजलवुड के सामने टिक नहीं सके और बार्टलेट की गेंद पर आउट हो गए।

# बीसीसीआई ने क्रिकेट सिलेक्शन कमेटी के लिए आवेदन मंगाया

### सीनियर मेंस, विमेंस और जूनियर मेंस लिए पोजिशन खाली ; एस शरत को हटाया जा सकता है



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने शुक्रवार को मेंस सीनियर क्रिकेट टीम सिलेक्शन कमेटी के सदस्य के दो पद के लिए आवेदन मंगाए हैं। बीसीसीआई ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी। बीसीसीआई ने इकसे अलावा विमेंस टीम सिलेक्शन कमेटी के लिए चार और जूनियर मेंस के लिए एक पद के लिए आवेदन मंगाया हैं। आवेदन भरने की आखिरी तारीख 10 सितंबर है।

**एस शरत को हटाया जा सकता है –** रिपोर्ट के मुताबिक, बीसीसीआई ने चीफ सिलेक्टर अजीत अगरकर का कॉन्ट्रैक्ट बढ़ा दिया है। फिलहाल, सिलेक्शन कमेटी में अगरकर, एसएस दास, सुब्रतो बनर्जी, अजय रात्रा और एस शरत शामिल हैं। लेकिन ऐसा माना जा रहा है कि सितंबर में होने वाली एनुअल जनरल बॉडी मीटिंग के बाद सीनियर सिलेक्शन कमेटी में कुछ बदलाव देखने को मिलेंगे। शरत सितंबर 2021 में जूनियर सिलेक्शन कमेटी के अध्यक्ष थे और जनवरी 2023 में सीनियर सिलेक्शन कमेटी में प्रमोट हुए थे।

### मेंस सीनियर सिलेक्शन कमेटी- आवेदन करने के लिए ये योग्यता जरूरी

- 7 टेस्ट मैच खेले हो।
- 30 फर्स्ट क्लास मैच खेले हो।
- या 10 वनडे और 20 फर्स्ट क्लास मैच का अनुभव हो।
- आवेदन करने वाले खिलाड़ी के संन्यास को कम से कम पांच साल का समय बीत गया हो।
- विमेंस सिलेक्शन कमेटी- आवेदन करने के लिए ये योग्यता जरूरी
- पूर्व खिलाड़ी जिन्होंने भारतीय विमेंस नेशनल टीम का प्रतिनिधित्व किया हो।
- संन्यास को कम से कम पांच साल का समय बीत गया हो।
- बीसीसीआई की किसी भी क्रिकेट कमेटी का 5 सालों से सदस्य न हो।
- जूनियर मेंस सिलेक्शन कमेटी- आवेदन करने के लिए ये योग्यता जरूरी
- कम से कम 25 फर्स्ट क्लास मैच खेले हो।
- कम से कम 5 साल पहले खेल से संन्यास लिया हो।
- बीसीसीआई की किसी भी क्रिकेट कमेटी का 5 सालों से सदस्य न हो।

# फिटनेस टेस्ट पास नहीं कर पाए करुण नायर, बड़े टूर्नामेंट से हो सकते है बाहर



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** अनुभवी भारतीय बल्लेबाज करुण नायर को प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी के लिए इंतजार करना होगा क्योंकि बीसीसीआई ने उन्हें केएससीए महाराजा टी20 ट्रॉफी में भाग लेने से रोक दिया है। 34 वर्षीय इस खिलाड़ी को सीओई से फिटनेस क्लियरेंस नहीं मिला है इसलिए उन्हें अपनी रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया जारी रखनी होगी।

नायर केएससीए महाराजा टी20 ट्रॉफी के आगामी सीजन में मैसूर वॉरियर्स के लिए खेलने वाले थे और टीम के साथ मैसूर भी गए थे। लेकिन अब वह बेंगलुरु स्थित सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में वापस लौटेंगे और बीसीसीआई से फिटनेस क्लियरेंस मिलने तक रिहैबिलिटेशन करेंगे।

नायर को इंग्लैंड के खिलाफ इस महीने की शुरुआत में समाप्त हुए एंडरसन-तेंदुलकर ट्रॉफी के पांचवे और अंतिम टेस्ट के दौरान उंगली में गहरी चोट लगी थी। इस बल्लेबाज की उंगली में फ्रैक्चर हो गया था और अभी भी पूरी तरह से ठीक नहीं हुई है।

# भारतीय क्रिकेट टीम एशिया कप बिना स्पॉन्सर के खेलेगी !

### बीसीसीआई सचिव ने कहा अगर यह जायज नहीं है, तो हम कुछ नहीं करेंगे

**नईदिल्ली (एजेंसी)।** आगामी पुरुष एशिया कप में टीम इंडिया पर बिना लोगो वाली जर्सी पहनने का खतरा मंडरा रहा है। यह स्थिति 'ऑनलाइन गेमिंग के प्रचार और विनियमन विधेयक' के पारित होने के बाद उत्पन्न हुई है। हाल ही में पारित इस विधेयक में ड्रीम11 जैसे सभी प्रकार के ऑनलाइन फैंटेसी स्पोर्ट्स और जुआ प्लेटफ़ॉर्म पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। एशिया कप 9 सितंबर से संयुक्त अरब अमीरात में शुरू हो रहा है। ड्रीम11 जुलाई 2023 से भारत का प्रमुख प्रायोजक है। शुरुआती अनुबंध के तहत इस ऑनलाइन फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म के पास तीन साल के लिए प्रायोजन अधिकार थे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने अभी तक ड्रीम11 के साथ अपने भविष्य के जुड़ाव के बारे में कोई औपचारिक घोषणा नहीं की है। हालांकि बोर्ड सचिव देवजीत सैकिया ने एक बयान में कहा, अगर यह जायज नहीं है, तो हम कुछ नहीं करेंगे। बीसीसीआई केंद्र सरकार द्वारा बनाई गई देश की हर नीति का पालन करेगा।



शुक्रवार को ड्रीम 11 ने भी एक आधिकारिक बयान जारी कर पुष्टि की कि भारतीय संसद में विधेयक पारित होने के बाद नकद खेल और प्रतियोगिताएं बंद कर दी गई हैं। गौर हो कि ऑनलाइन पैसे वाले खेलों और सट्टेबाजी पर प्रतिबंध लगाने वाले विधेयक ने अब ऐसे खेलों के प्रचार और वित्तपोषण को अपराध घोषित कर दिया है, जिसके तहत अपराधियों को 5 साल तक की जेल हो सकती है। स्पोर्टस्टार के अनुसार सरकारी आंकड़े बताते हैं कि फैंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफॉर्म ने 45 करोड़ लोगों से सालाना 2.3 अरब अमेरिकी डॉलर की ठगी की है।

# श्रुति, सारिका और काजल का शानदार प्रदर्शन, अंडर-20 विश्व कुश्ती के सेमीफाइनल में पहुंचीं



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** श्रुति ने महिलाओं के 50 किग्रा भारवर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल में वायलेटा बिरियुकोवा पर 5-4 की जीत से शुरुआत की और फिर पोलैंड की अन्ना यात्स्केविच पर 4-0 की शानदार जीत दर्ज की।

भारत ने अंडर-20 विश्व कुश्ती चैंपियनशिप की महिला स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन जारी रखा जिसमें पहलवान श्रुति, सारिका और काजल ने गुरुवार को अपने भार वर्गों के सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली। ग्रीको रोमन पहलवान सूरज ने 60 किग्रा वर्ग में सेमीफाइनल में जगह बनाई लेकिन प्रिंस (82 किग्रा) क्वार्टर फाइनल में हार गए। श्रुति ने महिलाओं के 50 किग्रा भारवर्ग में प्रतिस्पर्धा करते हुए प्री-क्वार्टर फाइनल में वायलेटा बिरियुकोवा पर 5-4 की जीत से शुरुआत की और फिर पोलैंड की अन्ना यात्स्केविच पर 4-0 की शानदार जीत दर्ज की।

सारिका ने 53 किग्रा भारवर्ग में दबदबा बनाया। उन्होंने सेवल केयर को तकनीकी श्रेष्ठता (12-2) से हराया। इसके बाद सारिका ने चीन की तियानयु सुन के खिलाफ क्वार्टर फाइनल में एक भी अंक नहीं गंवाया और 8-0 से जीत हासिल की। अब उनका मुकाबला यूक्रेन की अनास्तासिया पोल्स्का से होगा। काजल ने 72 किग्रा वर्ग में तकनीकी श्रेष्ठता के आधार पर एमिली मिहाइलोवा अपोस्टोलोवा को 15-4 से हराकर शानदार जीत हासिल की।

# यूएस ओपन 2025: सबालेंका को रायबाकिना से मिल सकती है चुनौती, गॉफ और स्विएटेक एक ही ग्रुप में



**पोलैंड (एजेंसी)।** पोलैंड की इगा स्विएटेक ने लिंडनर फैमिली टेनिस सेंटर में वेस्टर्न एंड सदर्न ओपन के सेमीफाइनल मैच के बाद कोको गॉफ को बधाई दी। न्यूयॉर्क में होने वाले 2025 यूएस ओपन टेनिस टूर्नामेंट के लिए विमेंस के सिंगल्स ड्रॉ की घोषणा गुरुवार को की गई। मौजूदा चैंपियन एरीना सबालेंका को इस बार खिताब बचाने के लिए कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि उनका ड्रॉ काफी मुश्किल दिख रहा है। पिछले साल सबालेंका ने अमेरिका की जेसिका पेगुला को फाइनल में हराकर अपना पहला यूएस ओपन खिताब जीता था। इसके साथ ही वह आठ साल बाद पहली ऐसी महिला बनीं, जिन्होंने एक ही सीजन में दोनों हार्ड-कोर्ट ग्रैंड स्लैम (ऑस्ट्रेलियन ओपन और यूएस ओपन) जीते।

**गॉफ और स्विएटेक एक ही ग्रुप में –** कोको गॉफ और इगा स्विएटेक एक ही ग्रुप में हैं। दोनों ही यूएस ओपन का खिताब जीत चुकी हैं। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी स्विएटेक पहले राउंड में कोलंबिया की एमिलियाना अरांगो से भिड़ेंगी। तीसरे राउंड में उनकी मुलाकात 29वीं वरीयता प्राप्त अन्ना कालिन्सकाया से हो सकती है, जबकि चौथे राउंड में 13वीं वरीयता प्राप्त एकातेरिना अलेक्जेंड्रोवा चुनौती पेश कर सकती हैं।

- **सबालेंका को टूर्नामेंट में दूसरी सीड दी गई है –** बेलारूस सबालेंका को टूर्नामेंट में दूसरी सीड दी गई है। वह अपने खिताब बचाव की शुरुआत स्पेन की रेबेका मासारोवा के खिलाफ करेंगी। तीसरे राउंड में उनकी भिड़ंत 2021 की फाइनलिस्ट लेलाह फर्नांडिस से हो सकती है, जो हाल ही में सिटी ओपन में चैंपियन बनी थीं और 31वीं वरीयता प्राप्त हैं। अगर सबालेंका चौथे राउंड तक पहुंचती हैं, तो उनका सामना नौवीं वरीयता प्राप्त कजाकिस्तान की एलेना रायबाकिना से हो सकता है। रायबाकिना ने पिछले हफ्ते सिनसिनाटी ओपन में सबालेंका को सीधे सेटों में हराया था। क्वार्टर फाइनल पार करने पर सेमीफाइनल में सबालेंका की टक्कर फिर से जेसिका पेगुला से हो सकती है। पेगुला पहला राउंड मिस्र की मायार शरीफ के खिलाफ खेलेंगी और उनकी क्वार्टर फाइनल में पांचवीं वरीयता प्राप्त मिर्रा एंड्रीवा से भिड़ंत हो सकती है।

# स्वच्छ और निर्मल होगी अदरी नदी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** अदरी नदी के दोनों किनारों की स्वच्छता एवं संरक्षण पर विशेष चर्चा की गई। यह चर्चा जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में समाहरणालय के सभाकक्ष में जिला गंगा समिति (नमामि गंगे), जिला आर्द्रभूमि समिति एवं जिला टास्क फोर्स की संयुक्त बैठक में की गई। जिलाधिकारी ने नगर परिषद को निर्देश दिया कि डोर टू डोर कचरा संग्रहण शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। साथ ही अदरी नदी के किनारे की भूमि का नक्शे के माध्यम से सर्वे कर लाल निशान लगाकर चिन्हांकन एवं आकलन कराने का निदेश दिया। बैठक में जिलाधिकारी ने लोक स्वास्थ्य प्रमंडल को निर्देशित किया कि तिताई बिगहा (पवई) में जल उपचार इकाई स्थापित किया जाए। वहीं निर्माण एवं



विध्वंस अपशिष्ट संग्रहण हेतु उपयुक्त स्थल चिन्हित करने का निर्देश जल संसाधन विभाग को दिया गया। इस अवसर पर सहायक वन संरक्षक, औरंगाबाद वन प्रमंडल प्रभारी पदाधिकारी, जिला सामान्य शाखा, जिला कृषि पदाधिकारी संदीप राज, जिला खनन पदाधिकारी हरेश कुमार, जिला मत्स्य पदाधिकारी, कार्यपालक अभियंता, सोन उच्च स्तरीय नहर प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता, जल संसाधन (बाढ़ नियंत्रण) तथा जिला परियोजना पदाधिकारी (नमामि गंगे) सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# एससी-एसटी और वारंट मामले में पांच गिरफ्तार

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले में अपराध नियंत्रण को लेकर पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में लगातार कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में कार्रवाई के फलस्वरूप अलग-अलग अपराधों में पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है। यह कार्रवाई रिसियप थाना की पुलिस द्वारा की गई जिसमें तीन वारंटियों को गिरफ्तार किया गया है। पकड़े गए वारंटियों की पहचान पहरा गांव निवासी राकेश शर्मा, मो. भूटो एवं सागर शर्मा के रूप में की गई है। नरारी कला थाना की पुलिस द्वारा वारंट मामले में बेनी बिगहा निवासी संजय कुमार को गिरफ्तार किया गया है। वहीं कासमा थाना की पुलिस द्वारा एससी-एसटी एक्ट मामले में खैरी गांव निवासी राकेश कुमार को गिरफ्तार किया गया है। आवश्यक कार्रवाई के उपरांत सभी को जेल भेज दिया गया है।

# बिहार में पूर्ण बहुमत से बनेगी डबल इंजन की सरकार : सुशील

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुक्रवार को गया जी के मगध विश्वविद्यालय परिसर से 13 हजार करोड़ से अधिक की बिजली, सड़क, रेलवे, स्वास्थ्य, आवास, ग्रामीण एवं शहरी जलापूर्ति से जुड़ी, अवसंरचना, कैंसर केयर और एकीकृत नदी संरक्षण विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने पर औरंगाबाद के पूर्व सांसद सुशील कुमार ने प्रसन्नता जाहिर की है। इस विशाल जनसभा में शामिल औरंगाबाद भाजपा के पूर्व सांसद सुशील कुमार सिह ने कहा कि आज का दिन बिहार के लिए बहुत ही ऐतिहासिक है। पीएम मोदी ने 13 हजार करोड़ से अधिक की राशि का सौगात दिए हैं। विशाल जनसभा में काफी भीड़ उमड़ी है। भीड़ को देखकर लगता है कि इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में राज्य में डबल इंजन की सरकार



को फिर से पूर्ण बहुमत मिलेगा और मजबूत सरकार बनेगी। विपक्ष पर प्रहार करते हुए कहा कि इस बार के विधानसभा चुनाव में महागठबंधन का पूरी तरह से सूपड़ा साफ हो जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार के लोगों को अपने बच्चों को भविष्य की चिंता है। समाज के हर वर्ग के लोग पुनः महागठबंधन के जंगलराज की सरकार को दोबारा नहीं आने देना चाहते हैं। पूर्व सांसद ने कहा कि राहुल गांधी और तेजस्वी यादव वोट चोरी का झूठा आरोप लगाकर जो यात्रा कर रहे हैं उन्हें इस यात्रा से कोई फायदा नहीं होने वाला है। उनकी यात्रा का विरोध महागठबंधन के कार्यकर्ताओं द्वारा ही किया जा रहा है। इस मौके पर देव के पूर्व उप प्रमुख मनीष पाठक, भाजपा नेता रविंद्र शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी मितेंद्र कुमार सिह, उदय सिह, प्रफुल्ल सिह, राणा सिह, युगल सिह, भरत सिह, संगेश सिह, मुन्ना सिह, विनय सिह, विजय कुमार, शुभम सिह, सुबोध सिह, मनीष सिह, चंदन सिह, मदन सिह, प्रवीण गुप्ता, मुन्ना पासवान आदि मौजूद रहे।

# जमीन विवाद में गोलीबारी जांच में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**रफीगंज (औरंगाबाद)।** प्रखंड के पौथू थाना क्षेत्र के बनाही गांव में जमीन विवाद को लेकर शुक्रवार को गोलीबारी का मामला प्रकाश में आया है। इस मामले में मोहम्मद सैफ ने आवेदन देते हुए उल्लेख किया है कि वे अपने पिता कमरुद्दीन के साथ कृषि कार्य कर रहे थे तभी गांव के ही तारिक अनवर उर्फ पप्पू आलम सहित दो अन्य व्यक्ति आए और गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर धक्का मुक्की करने के साथ फायरिंग की। इस घटना में हमलोग बाल-बाल बच गए। पौथू थानाध्यक्ष सोमेश्वर नाथ ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही तारिक अनवर उर्फ पप्पू आलम को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। प्राप्त आवेदन के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

## वज्रपात की चपेट में आने से झुलसी किशोरी

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** शहर के शाहपुर मुहल्ला में वज्रपात की चपेट में आने से एक 15 वर्षीय किशोरी झुलसकर जख्मी हो गयी। जख्मी किशोरी की पहचान गुप्ता पासवान की पुत्री श्रुति कुमारी के रूप में हुई हैं। सदर अस्पताल में इलाज के दौरान परिजनों ने बताया कि वह दुकान से लौट रही थी, इसी दौरान वज्रपात की चपेट में आने से झुलसकर जख्मी हो गयी। घटना के बाद किशोरी का इलाज सदर अस्पताल में कराया गया।

# एएन रोड स्टेशन पर अमृत भारत एक्सप्रेस का ठहराव शुरू

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के अनुग्रह नारायण स्टेशन पर गया-दिल्ली अमृत भारत एक्सप्रेस का शुक्रवार से ठहराव शुरू हो गया है। इस ट्रेन को हरी औरंगाबाद के राजद सांसद अभय कुमार कुशवाहा ने झंडी दिखाकर रवाना किया। यह एक्सप्रेस ट्रेन गया से खुलकर नई दिल्ली तक जाएगी। गया से यह ट्रेन सुबह 10:50 पर खुलकर 11: 40 पर अनुग्रह नारायण रोड पहुंचेगी और यहां से 11:45 पर प्रस्थान कर डिहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन, सूबेदारगंज, गोविंदपुरी, टूंडला जंक्शन, गाजियाबाद जंक्शन होते हुए अगले दिन शनिवार की सुबह 4:30 बजे दिल्ली पहुंचेगी। इस गाड़ी के शुरू होने से औरंगाबाद जिलावासियों को दिल्ली जाने में काफी सुविधा प्राप्त होगी। विदित हो की संसद सत्र में सांसद श्री कुशवाहा द्वारा इस एक्सप्रेस ट्रेन के अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर ठहराव के लिए पुरजोर तरीके से मांग उठाई गई थी। सांसद




की मांग के आलोक में इस ट्रेन का ठहराव अनुग्रह नारायण रोड स्टेशन पर किया गया। ट्रेन के ठहराव से जिलावासियों में खुशी की लहर हैं। स्टेशन से ट्रेन के शुभारंभ कार्यक्रम में प्रदेश राजद महासचिव इंजीनियर सुबोध कुमार सिंह, कोऑपरेटिव के पूर्व अध्यक्ष संजय यादव, संजय यादव, डॉ रमेश यादव, पैक्स अध्यक्ष विनोद मेहता, कुंडल वर्मा, राजेश शर्मा, प्रखंड अध्यक्ष सुशील कुमार, युवा नेता विकास यादव, स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि सह प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, संतोष मेहता, अशोक यादव, परमेश्वर गोप, सुधीर चंद्रवंशी आदि मौजूद रहे।

# कल्पवृक्ष धाम में भगवान श्री कृष्ण की छठी का आयोजन



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**अंबा (औरंगाबाद)।** प्रखंड क्षेत्र के अतिप्राचीन कल्पवृक्ष धाम परता में शुक्रवार को भगवान श्री कृष्ण की छठी धूमधाम से मनाई गई। इस दौरान विधिवत पूजा अर्चना के पश्चात भंडारा का आयोजन किया गया। भंडारा में आसपास के गांव के सैंकड़ों लोगों ने भाग लेकर प्रसाद ग्रहण किया। न्यास समिति के अध्यक्ष अशोक सिंह ने बताया कि पौराणिक कल्पवृक्ष धाम एतिहासिक धरोहर है। यह संरक्षण और संवर्धन की बाट जोह रहा है। उन्होंने कहा कि कल्पवृक्ष धाम को पर्यटन विभाग के कैलेंडर में शामिल करने की जरूरत है।

# पथरा गांव के समीप बांध बनने से बंजर जमीन पर आई हरियाली

## किसानों व पशुपालकों को हो रहा लाभ, वनों की सिचाई में उपयोग हो रहा पानी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले के देव प्रखंड अंतर्गत दुलारे पंचायत के पथरा गांव के पास का इलाका जंगल और पहाड़ से घिरा हुआ है। यह इलाका नक्सल प्रभावित और पानी के मामले में मरूस्थल की तरह है। हाथ से चापाकल लगाना मुश्किल होता है। मशीन से बोरिंग होता है तब पानी निकलता है। हर वर्ष गर्मी के मौसम में पानी के लिए हाहाकार मचता है। इलाके के वन क्षेत्र में वन विभाग द्वारा लगाए जाने वाले अधिकांश पौधे पटवन के अभाव में सूख जाते थे। इसे देखते हुए वन विभाग ने प्राकृतिक वनों का विकास योजना के तहत गारलैंड ट्रेंचिग यानी बांध बनाने की योजना तैयार की। पूर्व में योजना के तहत विभागीय अधिकारियों ने स्थल का



निरीक्षण किया। इसके बाद पहाड़ से गिरने वाले वर्षा के जल को रोकने के लिए बांध बनाया। पथरा गांव के समीप बनाया गया बांध में वर्षा का पानी बर्बाद नहीं हुआ। करीब पांच एकड़ की क्षेत्रफल में पानी जमा है। जमा पानी से गांव के किसानों की खेतों का पटवन हो रहा है। जंगल में चारा चरने प्रत्येक दिन जाने वाले काफी संख्या में पशुओं को पीने का पानी मिल रहा है। जंगल में रहने वाले हिरण, चितल, लोमड़ी, लंगूर समेत अन्य जंगली जानवरों को भी पीने का पानी मिल रहा है। बांध के आसपास जल का स्तर मेंटेन हो गया है। पथरा गांव के ग्रामीण मनोज राम, जनेश्वर राम बताते हैं कि बांध बनाने और उसमें पानी जमा होने से लाभ मिल रहा है। अब जंगल जाने वाले पशुओं को प्यास बुझाने के लिए तड़पना नहीं पड़ रहा है। कहा कि अब अगर बांध से एक पइन की खुदाई हो जाएगी तो पथरा के अलावा मंझौली, गोल्हा, घुरनडीह, केवलहा गांव तक किसानों के खेतों का पटवन होने लगेगा। दुलारे पंचायत में दो बांध बनाया गया है। दोनों बांध में पानी जमा है। अब वर्षा का पानी बर्बाद नहीं हो रहा है बल्कि बांध में जमा होने लगा है। बांध में पानी जमा होने से गांव के जलस्तर में काफी सुधार हुआ है।

# दो दिवसीय मां वैष्णवी दुर्गा महोत्सव 6 सितंबर से

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** बारून प्रखंड के ग्राम पौथु अवस्थित मां वैष्णवी दुर्गा मंदिर के प्रांगण में मां वैष्णवी दुर्गा महोत्सव आयोजन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आयोजन समिति के अध्यक्ष पूर्व मुखिया संजीव द्विवेदी ने जबकि संचालन रवि रंजन त्रिवेदी ने किया। सदस्यों ने 6 एवं 7 सितंबर को धूमधाम से मां वैष्णवी दुर्गा महोत्सव मनाने का निर्णय लिया।

# दिव्यांगजनों को दिया आपदा से बचाव का प्रशिक्षण

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** बिहार राज्य के अनुमंडल स्तर पर संचालित बुनियाद केंद्रों के सहयोग से विशेष रूप से दिव्यांगजनों के लिए आपदा से बचाव एवं सुरक्षा हेतु कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसी क्रम में शुक्रवार को औरंगाबाद एवं दाउदनगर अनुमंडल अंतर्गत बुनियाद केंद्र में आपदा प्रबंधन प्राधिकरण एवं सक्षम के बीच हुए एमओयू के तहत सुरक्षित शुक्रवार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिले में यह कार्यक्रम लगातार 16 शुक्रवार तक चरणबद्ध तरीके से आयोजित किया जाएगा। इसके तहत औरंगाबाद एवं दाउदनगर अनुमंडल के दिव्यांगजन आपदा की रोकथाम, प्रबंधन तथा उससे बचाव के लिए आवश्यक व्यावहारिक प्रशिक्षण एवं जागरूकता प्राप्त करेंगे। इस अवसर पर बुनियाद केंद्र बारून एवं हसपुरा में दिव्यांग आपदा सुरक्षा कार्यक्रम का शुभारंभ जिला प्रबंधक अरुण कुमार एवं सभी तकनीकी कर्मियों द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में दिव्यांगजन एवं उनके अभिभावकों ने सक्रिय भागीदारी की। मौके पर उपस्थित मास्टर ट्रेनर्स द्वारा प्रतिभागियों को आपदा प्रबंधन से संबंधित विस्तृत जानकारी दी गई। इसमें विभिन्न प्रकार की आपदाएं, उनसे बचाव के उपाय, सुरक्षा मानक, प्राथमिक उपचार तथा आपदा की स्थिति में की जाने वाली त्वरित कार्यवाही पर विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

# स्वयं सहायता समूह से महिलाएं बन रहीं स्वावलंबी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**ओबरा(औरंगाबाद)।** महिलाओं को आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने में स्वयं सहायता समूह महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। बैंक से ऋण लेकर छोटे-छोटे रोजगार शुरू करने वाली महिलाएं अब आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रही हैं। इसी कड़ी में शुक्रवार को ओबरा प्रखंड मुख्यालय स्थित गौतम बुद्ध सभागार में संगम स्वय सिद्धा महिला विकास स्वालंबी सरकारी समिति लिमिटेड की वार्षिक प्रतिनिधि आमसभा आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता समिति की अध्यक्ष संगीता देवी ने की। कार्यक्रम का उद्घाटन बीडीओ मोहम्मद यूनुस सलीम, जीविका बीपीएम सविता कुमारी, समिति के मुख्य कार्यपालक अजय कुमार और प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया। बीडीओ मोहम्मद यूनुस सलीम ने कहा कि ह्लमहिला संगम स्वयं सहायता समूह से जुड़कर महिलाएं बेहतर कार्य कर रही हैं और समाज में अपनी विशेष पहचान बना रही हैं। इस अवसर पर समिति के मुख्य कार्यपालक अजय कुमार ने वित्तीय वर्ष 2024-25 का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। इसमें अंकेक्षण, आर्थिक शिक्षा, आय-व्यय, आंगन भुगतान और भावी योजनाओं पर चर्चा हुई। रिपोर्ट के अनुसार समिति को इस वित्तीय वर्ष में 29,06,497 रुपये का शुद्ध लाभ हुआ है।


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस (डी.बी.कॉर्प.लि.), उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, शाहपुर, पटना (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

**संपादक - कमल किशोर**
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
**झारखंड कार्यालय**
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
**दिल्ली प्रतिनिधि**
मो.- 09818366269

# जिलाधिकारी ने सुनी 18 परिवादियों की समस्याएं

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिलाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने अपने कार्यकाय कक्ष में जनता दरबार लगाकर जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए कुल 18 परिवादियों के समस्याएं सुनी। इन समस्याओं में अतिक्रमण हटाने, दाखिल-खारिज, भूमि कब्जा, आशा बहाली जांच, रैयती जमीन पर अवरोध, सड़क, नाली एवं गली निर्माण, शिक्षक प्रभार और अनुरक्षकों के मानदेय भुगतान जैसी महत्वपूर्ण जनहित की समस्याएं प्रमुख रहीं। जनता दरबार में केशव हाई स्कूल, सोननगर की विशिष्ट शिक्षक प्रमिला कुमारी ने वरीय शिक्षिका के रहते हुए कनीय शिक्षिका को प्रभारी बनाए जाने के संबंध में अपनी शिकायत दर्ज कराई। इसी क्रम में बारून प्रखंड के गोठौली से आए रामजी प्रजापति एवं अन्य लोगों ने आशा बहाली जांच से संबंधित समस्याओं को रखा। कुटुंबा प्रखंड क्षेत्र के दधपा की वार्ड सदस्य विनिता कुमारी ने अनुरक्षकों को दो वर्षों से लंबित मानदेय का भुगतान नहीं किए जाने की शिकायत की। देव प्रखंड क्षेत्र के ढिबरा थाना के बरंडा-रामपुर के रजीत कुमार मेहता एवं अन्य लोगों ने भू-माफियाओं द्वारा सरकारी



अस्पताल की चिन्हित भूमि को हटाकर अन्यत्र स्थानांतरित करने की साजिश की जानकारी दी। वहीं जम्होर थाना के पारौली के धर्मेन्द्र सिंह ने अपनी रैयती जमीन में नाला बंद कर बाउंड्री वॉल खड़ा कर दिए जाने की समस्या उठाई। इसके अलावा फ़ेसर थाना क्षेत्र के दरियापुर से आए दुर्गा प्रसाद एवं अन्य लोगों ने सड़क, नाली, पुल एवं नल मरम्मत की मांग की। जिलाधिकारी ने सभी समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित विभागों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि सभी प्राप्त आवेदनों की निष्पक्ष जांच कर निर्धारित समय-सीमा में समाधान सुनिश्चित किया जाए।

